सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:09

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.6 न्यू | 24.5अधि |
| धर्मशाला | 25.5 न्यू | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74,608 |
| निफ्टी | 23,412 |

सोना 1,60,000 चांदी 2,87,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 14 मई 2026 | 31 वैशाख, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 135, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## सीबीएसई 12वीं का परिणाम घोषित, 85 .20% स्टूडेंट पास

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सीबीएसई यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। कुल 85.20 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। यह पिछले साल से 3 प्रतिशत कम है। कुल 94,028 छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा नंबर स्कोर किए हैं। वहीं, 17,113 बच्चों ने 95 प्रतिशत से ज्यादा नंबर स्कोर किए हैं। इस बार 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक 12वीं के एग्जाम हुए थे। कॉपियां ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम के तहत चेक की गईं। स्टूडेंट्स cbse.gov.in पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। अगर स्टूडेट्स के मोबाइल में इंटरनेट न हो या सर्वर डाउन हो तो सब्जेक्ट वाइज अंक जानने के लिए एसएमएस भेजकर रिजल्ट प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, ऑनलाइन स्कोर कार्ड मान्य नहीं होगा। छात्रों के लिए स्कूल से ओरिजिनल मार्कशीट लेना जरूरी है। सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें। (अनंत ज्ञान)

### लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 6.73 प्रतिशत बेहतर

**लड़कियों** का रिजल्ट 88.86 प्रतिशत रहा है, जबकि लड़कों का रिजल्ट 82.23 प्रतिशत रहा है। लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 6.73 प्रतिशत बेहतर रहा है। ट्रांसजेंडर स्टूडेंट्स का रिजल्ट 100 प्रतिशत है।

### त्रिवेंद्रम का रिजल्ट फिर बेस्ट प्रयागराज फिर सबसे पीछे

**त्रिवेंद्रम** रीजन में 95.62 प्रतिशत स्टूडेंट पास हुए, जो देशभर में सबसे ज्यादा है। वहीं, प्रयागराज रीजन 72.43 प्रतिशत रिजल्ट के साथ सबसे नीचे रहा है। पिछले साल भी त्रिवेंद्रम का रिजल्ट सबसे ज्यादा और प्रयागराज का सबसे कम रहा था।

## नीट पेपर लीक मामला : 'गेस पेपर' बनाकर 10 राज्यों में बेचा

### हू-ब-हू मिले 120 से ज्यादा सवाल, परीक्षा से 3 सप्ताह पहले माफियाओं के पास पहुंचा पेपर

**एजेंसी, सीकर**

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा (नीट-2026) के रद्द होने के पीछे की असली कहानी सामने आ गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड नासिक की प्रिंटिंग प्रेस से जुड़ा है। माफिया ने पेपर लीक को छिपाने के लिए इसे 'गेस पेपर' का नाम दिया, ताकि जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंकी जा सके। 'गेस पेपर' में नीट के 120 से ज्यादा सवाल हू-ब-हू मिल गए।

यही 'गेस पेपर' राजस्थान सहित 10 राज्यों में परीक्षा के 3 सप्ताह पहले सर्कुलेट हो चुका था। अब इस मामले की कमान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने संभाल ली है। मंगलवार रात सीबीआई की टीम जयपुर स्थित स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) मुख्यालय पहुंच गई।

उधर, एसओजी की जांच में सामने आया है कि शुभम खैरनार ने प्रिंटिंग प्रेस से लीक कर पेपर पुणे में बेचा। इसके बाद गुरुग्राम में ये पेपर खरीदा गया था। इसके बाद जयपुर के दो भाइयों दिनेश और मांगी लाल ने सबसे पहले पेपर खरीदा था। आरोपियों ने 26-27 अप्रैल को गुरुग्राम की एक गैंग को 30 लाख रुपए दिए थे।

इस मामले में पेपर शेयर करने वाले सीकर के कंसल्टेंट राकेश मंडावरिया सहित अन्य कई लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। उनसे अब पूछताछ जारी है। आरोप है कि राकेश ने यह पेपर हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और असम तक बेच दिया।

### गुरुग्राम से पकड़ा बीएएमएस स्टूडेंट

**नीट** पेपर लीक मामले में राजस्थान की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने गुरुग्राम से एक बीएएमएस स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। पकड़ा गया युवक फर्रुखनगर इलाके के खुरमपुर गांव का रहने वाला यश है। पुलिस टीम को शक है कि यश पेपर लीक नेटवर्क का हिस्सा है। वह उत्तराखंड के मंजीरा देवी मेडिकल कॉलेज में फर्स्ट ईयर का छात्र है।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

**नीट** यूजी परीक्षा रद्द होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर परीक्षा एजेंसी एनटीए को हटाकर मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम को को न्यायिक निगरानी में दोबारा आयोजित करने की की मांग की की गई है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने नीट यूजी यूजी की 'सिस्टेमैटिक फेलियर' बताते हुए एनटीए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। मेडिकल एसोसिएशन ने याचिका में एनटीए को हटाकर एक अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम संस्था बनाने तथा परीक्षा को सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में दोबारा आयोजित करने की मांग की गई है।

## तमिलनाडु : फ्लोर टेस्ट में विजय सरकार पास

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री विजय की टीवीके सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। वोटिंग के वक्त सदन में 171 विधायक मौजूद थे। इनमें 144 ने टीवीके का समर्थन किया। टीवीके के पक्ष में एआईएडीएमके के 25 बागी विधायकों नें भी वोट डाला। एआईएडीएमके के 47 विधायक हैं। 22 ने टीवीके सरकार का विरोध किया। फ्लोर टेस्ट में 59 विधायकों वाली डीएमके ने वॉकआउट कर दिया। सदन मे मौजूद पीएमके के 4 और भाजपा के एक विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। फ्लोर टेस्ट के साथ एआईएडीएमके में फूट भी पड़ गई। पार्टी पलानीस्वीमी और सीवी षणमुगम में गुट में बंट गई। सदन में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने एआईएडीएमके के बागी विधायकों और विजय की मुलाकात पर कहा कि यह मुलाकात बदलाव है या सौदेबाजी? इस पर विजय ने कहा हमारी सरकार सेक्युलर तरीके से घोड़े की रफ्तार से काम करेगी न कि हॉर्स ट्रेडिंग में शामिल होगी। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- ढलियारा कॉलेज के विद्यार्थियों की देश के नामी होटलों में प्लेसमेंट -पेज 4
- प्रदेश स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी फॉर स्कूल चिल्ड्रन में चमकी छवि -पेज 6
- फुटपाथ पर सामान, हाईवे पर जोखिम में जान -पेज 9

### केंद्रीय कैबिनेट ने लिए बड़े फैसले

## किसानों को दिया तोहफा, खरीफ की 14 फसलों की बढ़ाई एमएसपी

### 37,500 करोड़ की कोयला गैसीकरण योजना और सेमी हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट को हरी झंडी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सरकार का कहना है कि इस निर्णय का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराना और कृषि क्षेत्र को अधिक लाभकारी बनाना है।

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि सूरजमुखी के बीज के लिए 622 रुपए प्रति क्विंटल, कपास के लिए 557 रुपए प्रति क्विंटल, नाइजरसीड के लिए 515 रुपए प्रति क्विंटल और तिल के लिए 500 रुपए प्रति क्विंटल की गई है। सरकार का मानना है कि इससे तिलहन और नकदी फसलों की खेती को बढ़ावा मिलेगा। कैबिनेट ने 37,500 करोड़ रुपए की कोयला गैसीकरण प्रोत्साहन योजना को भी मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत में कोयले का प्रचुर भंडार है और इसे गैस में बदलकर उर्वरक, बिजली उत्पादन और रसायन उद्योग में इस्तेमाल करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह योजना देश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी।

इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने 20,667 करोड़ रुपए की अहमदाबाद (सरखेज)-धोलेरा सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना को भी मंजूरी दी है।

यह देश की पहली स्वदेशी तकनीक से विकसित सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना होगी, जो अहमदाबाद, धोलेरा एसआईआर, प्रस्तावित हवाई अड्डे और लोथल राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर को जोड़ेगी। इस परियोजना से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी और यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। (अनंत ज्ञान)

### नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का होगा कायाकल्प

**इसके** अलावा नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन और आधुनिकीकरण को सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत मंजूरी दी गई है। इससे हवाई अड्डे के इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े स्तर पर सुधार होगा और यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी। सरकार का कहना है कि ये सभी फैसले मिलकर कृषि, ऊर्जा और परिवहन क्षेत्र में व्यापक विकास को गति देंगे।

### नगर निगम चुनाव प्रचार में उतरे मुख्यमंत्री

## मंडी में सीएम सुक्खू की हुंकार, हर वार्ड के लिए 50 लाख देने का वादा

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** मंडी नगर निगम चुनाव प्रचार को गति देने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू खुद मैदान में उतरे। उन्होंने टारना, नेला व टाऊन हाल में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर तीखे राजनीतिक हमले किए। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भाजपा बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन धरातल पर काम नहीं करती। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बैहना वार्ड को मंडी नगर निगम में शामिल किया गया और तब लोगों से कोई राय नहीं ली गई, जबकि अब भाजपा उसे बाहर करने की बात कर रही है। सीएम सुक्खू ने पूर्व सीएम जयराम ठाकुर और भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में प्रदेश की शिक्षा गुणवत्ता देश में 21वें स्थान तक पहुंच गई थी। उनकी सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में मूलभूत सुधार किए और पहली कक्षा से अंग्रेजी शिक्षा शुरू की, जिसके चलते हिमाचल अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जयराम सरकार ने जगह-जगह स्कूल तो खोल दिए, लेकिन शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई और पांच वर्षों तक शिक्षकों को एक स्कूल से दूसरे स्कूल में भेजने का काम चलता रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार शिवधाम बनाना चाहती थी, लेकिन उसके लिए किसी प्रकार का वित्तीय प्रावधान नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान घोषणा की कि मंडी को 180 करोड़ रुपए से संवारा जाएगा और आइआरडीपी की 1.20 लाख महिलाओं को 1500-1500 रुपए की मासिक सम्मान निधि दी जाएगी। उन्होंने वादा किया कि चुनाव जीतने के बाद एक जून को हर वार्ड के विकास के लिए 50-50 लाख रुपए जारी किए जाएंगे।



जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू। अनंत ज्ञान

### ओपीएस पर सरकार का सख्त रुख, पेंशनरों को भरोसा

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्पष्ट किया है कि हिमाचल सरकार पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं होने देगी। बुधवार को शिमला में पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने पेंशनरों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार का आश्वासन दिया और कहा कि राज्य सरकार उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों के लंबित भुगतान जल्द से जल्द निपटाए जाएं और चिकित्सा प्रतिपूर्ति मामलों का समयबद्ध समाधान किया जाए।

## पीएम मोदी ने अपने काफिले की गाड़ियों की घटाई संख्या

### अब काफिले में रहेंगी सिर्फ दो गाड़ियां, अमित शाह ने भी घटाया अपना काफिला

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईंधन संरक्षण को लेकर बड़ा संदेश देते हुए अपने काफिले का आकार काफी छोटा कर दिया है। अब प्रधानमंत्री के काफिले में केवल दो गाड़ियां ही चलेंगी। यह फैसला स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखते हुए लिया गया है।

दरअसल, हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और ईंधन बचाने की अपील की थी। अपनी इसी अपील को अमल में लाते हुए उन्होंने खुद अपने काफिले में वाहनों की संख्या घटा दी। प्रधानमंत्री के इस कदम के बाद कई केंद्रीय मंत्री, सांसद और विधायक भी अपने काफिलों में गाड़ियों की संख्या कम कर रहे हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी अपने काफिले में वाहनों की संख्या आधे से कम कर दी है। इसके अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी ईंधन बचत को लेकर इसी तरह के कदम उठाए हैं। (अनंत ज्ञान)

### 11 मई को की थी ईंधन बचाने की अपील

**प्रधानमंत्री** नमोदी ने 11 मई को वैश्विक ऊर्जा संकट और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच देशवासियों से ईंधन संरक्षण की अपील की थी। उन्होंने पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने पर जोर दिया था। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नेताओं के छोटे काफिलों से जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाएगा। इससे न केवल सरकारी खर्च में कमी आएगी, बल्कि ट्रैफिक दबाव भी कम होगा।

### सीएम भजनलाल ने भी हटाईं आधी गाड़ियां

**जयपुर ।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फिजूलखर्ची रोकने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ी पहल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील के बाद मुख्यमंत्री ने अपने स्वयं के सुरक्षा काफिले (कारकेड) में वाहनों की संख्या में भारी कटौती कर दी है। सीएम के काफिले में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड सहित 14-16 गाड़ियां शामिल रहती हैं। बुधवार सुबह जब मुख्यमंत्री दिल्ली दौरे के लिए सांगानेर एयरपोर्ट रवाना हुए, तो उनके काफिले का नजारा बदला हुआ था। लाव-लश्कर के साथ चलने वाले सीएम के साथ आज महज 5 गाड़ियां ही नजर आईं। वहीं, दिल्ली में भी मंत्री ई-रिक्शा से चले, तो वहीं एमपी, सीएम का काफिला भी घटा। इसके अलावा मध्यप्रदेश में भी वीआईपी काफिले पर ब्रेक लगाने के निर्देश दिए।

### राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने घटाया अपना काफिला, हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल बंद

**अनंत ज्ञान, सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** वैश्विक ऊर्जा संकट और प्रधानमंत्री मोदी की ईंधन बचत अपील के बीच हिमाचल प्रदेश में एक नई पहल शुरू हुई है। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने लोकभवन को 'फ्यूल कंजर्वेशन जोन' घोषित करते हुए सरकारी संसाधनों में मितव्ययिता और जवाबदेही का संदेश दिया है। राज्यपाल ने घोषणा की है कि लोकभवन में प्रत्येक रविवार 'पेट्रोल-मुक्त रविवार' के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान सरकारी वाहनों के उपयोग पर रोक रहेगी और अधिकतर बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की जाएंगी। उन्होंने अनावश्यक वाहनों को हटाकर अपने काफिले का आकार आधा करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा से समझौता किए बिना काफिले को छोटा किया जाएगा, ताकि ईंधन की खपत कम हो सके। राज्यपाल ने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल वह सरकारी हेलिकॉप्टर का उपयोग नहीं करेंगे और इसकी जगह इलेक्ट्रिक वाहन या कार पूलिंग को अपनाया जाएगा। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री सुक्खू से अपील की है कि मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी सप्ताह में कम से कम एक दिन सरकारी और निजी वाहनों का उपयोग न करें।



## एन रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री



**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम/पुडुचेरी।** एन रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री बने हैं। उप-राज्यपाल कैलाश नाथन ने लोक भवन में उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद रहे। रंगासामी के अलावा भाजपा के ए नमस्सिवायम औरएआईएनआरसी नेता मल्लादी कृष्णा राव ने मंत्री पद की शपथ ली। नमस्सिवायम 2021 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पिछली पुडुचेरी सरकार में वे गृह मंत्री थे। 4 मई को आए पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के परिणामों में रंगासामी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को 30 में से 16 सीटें मिली थी। वहीं, केरलम में आज यानी वीरवार को मुख्यमंत्री का भी ऐलान हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

## कच्चीघाटी के हीरो शोरूम में भीषण आग, 23 बाइकें जलकर राख

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के कच्चीघाटी क्षेत्र में बुधवार सुबह हीरो बाइक और स्कूटी शोरूम में अचानक भीषण आग भड़क उठी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते शोरूम में खड़ी 23 दोपहिया वाहन और एक कार आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस हादसे में लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने के बाद शोरूम से धुएं के घने गुब्बार उठने लगे, जिससे आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। पुलिस और दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्र को सुरक्षित किया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, हालांकि शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



हीरो शोरूम में लगी आग के बाद जली हुई कार।

## हाईकोर्ट ने कमला नेहरू अस्पताल से गायनी ओपीडी शिफ्टिंग पर लगाई रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल हाईकोर्ट में वीरवार को कमला नेहरू (केएनएच) अस्पताल से गायनी ओपीडी को आईसीएमसी शिफ्ट करने के मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जनवादी समिति के एडवोकेट नरेश तोमर ने दावा किया कोर्ट ने शिफ्टिंग की कार्रवाई पर रोक लगाई है। यह याचिका अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की सेक्रेटरी फालमा चौहान द्वारा दायर की गई है। केएनएच से गायनी ओपीडी शिफ्ट करने का निरंतर विरोध हो रहा है। महिला जनवादी महिला समिति के साथ साथ बीजेपी और माकपा भी गायनी ओपीडी शिफ्ट करने का विरोध कर रही थी। डॉक्टर भी इसके विरोध में उतर आए थे। डॉक्टरों ने इंडियन मेडिकल काउंसिल के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि गायनी और प्रसूति विभाग को अलग-अलग संचालित करना उचित नहीं है।

### साइबर फ्रॉड हिमाचल में 'कूरियर फ्रॉड' का नया जाल, मामूली-सी लापरवाही और जमा पूंजी साफ

## टोल फ्री नंबर पर किया कॉल और खाता खाली

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** प्रदेश में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और अब ठगों ने लोगों को फंसाने के लिए 'कूरियर फ्रॉड' का नया तरीका अपनाना शुरू कर दिया है। मामूली-सी लापरवाही लोगों की पूरी जमा पूंजी साफ कर रही है। साइबर अपराधी अब कूरियर कंपनियों के नाम पर लोगों को कॉल कर रहे हैं और शिकायत दर्ज कराने या पार्सल डिलीवरी के बहाने बैंक खातों तक पहुंच बना रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कई मामलों में ऐसा सामने आया है कि जब किसी व्यक्ति का कूरियर समय पर नहीं पहुंचता तो वह इंटरनेट से मिले टोल फ्री नंबर पर कॉल करता है। इसके बाद कॉल रिसीव करने वाले ठग बेहद प्रोफेशनल अंदाज में बात करते हैं और शिकायत दर्ज करने के नाम पर मात्र 5 रुपए की 'टोकन मनी' जमा करवाने को कहते हैं। इसके लिए व्हाट्सऐप पर एक लिंक भेजा जाता है। जैसे ही व्यक्ति लिंक खोलकर भुगतान करता है, साइबर अपराधी उसके मोबाइल और बैंकिंग डिटेल्स तक पहुंच बनाकर पूरा बैंक खाता खाली हो जाता है। इतना ही नहीं, ठग अब घर-घर पहुंचकर भी लोगों को निशाना बना रहे हैं। कई मामलों में फर्जी डिलीवरी ब्वॉय बनकर लोग घर पहुंचते हैं और कहते हैं कि आपका पार्सल आया है। जब व्यक्ति कहता है कि उसने कोई सामान ऑर्डर नहीं किया, तब भी उसे ओटीपी बताने या मोबाइल पर आए लिंक को खोलने के लिए कहा जाता है। ओटीपी साझा करते ही बैंक खाते से रकम उड़ जाती है।




प्रदेश साइबर सेल का कहना है कि कॉल फ्रॉड, जिसे वॉयस फिशिंग या 'विशिंग' कहा जाता है, आज साइबर अपराध का सबसे खतरनाक रूप बन चुका है। अपराधी खुद को बैंक अधिकारी, सरकारी एजेंसी, बीमा कंपनी या बड़ी कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर लोगों से निजी जानकारी, बैंक डिटेल्स, ओटीपी और पैसे हासिल करते हैं। वैसे भी युवा वर्ग जल्दी पैसा कमाने या ऑनलाइन ऑफर के लालच में सबसे ज्यादा शिकार हो रहा है। सोशल मीडिया, फर्जी लॉटरी, इनाम और आकर्षक ऑफर के जरिए लोगों को जाल में फंसाया जा रहा है।

### साइबर ठगी पर पुलिस की चेतावनी

**बिलासपुर** के पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अनजान नंबर से आने वाली कॉल पर सतर्क रहें। अगर कोई बैंक, सरकारी एजेंसी या कंपनी का प्रतिनिधि बनकर जानकारी मांगे तो तुरंत कॉल काट दें और संबंधित संस्था के आधिकारिक नंबर पर संपर्क कर पुष्टि करें। उन्होने बताया कि ठग अब तकनीक और मनोवैज्ञानिक दबाव दोनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

### सतर्क रहने की सलाह

- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ओटीपी, यूपीआई पिन और बैंक डिटेल्स किसी से साझा न करें।
- गूगल पर मिले फर्जी कस्टमर केयर नंबरों से सावधान रहें।
- कूरियर-बैंक के नाम पर आने वाले कॉल की आधिकारिक पुष्टि करें।
- ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या साइबर पोर्टल पर शिकायत करें।

# युवाओं को नशे से दूर रखने का लिया संकल्प

## राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने लोक भवन से तंबाकू मुक्त हिमाचल अभियान का किया आगाज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में बढ़ते नशे और तंबाकू सेवन के खिलाफ जनजागरण को नई दिशा देते हुए राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने मंगलवार को लोक भवन में 'तंबाकू मुक्त हिमाचल' अभियान का शुभारंभ किया। यूथ फॉर वॉलंटरी एक्शन इन हिमाचल (युवाह) द्वारा शुरू किया गया यह अभियान प्रदेश के सभी 12 जिलों में चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवाओं और आमजन को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ और नशामुक्त समाज की स्थापना करना है।

राज्यपाल से भेंट के दौरान युवाह के प्रतिनिधिमंडल ने संगठन के मिशन 'यूथ फॉर राइज-नो टू ड्रग्स, यस टू पैशन' की जानकारी साझा करते हुए बताया कि संस्था जमीनी स्तर पर युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के बीच लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। प्रतिनिधिमंडल ने सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रमों, शैक्षणिक अभियानों और स्वयंसेवी गतिविधियों के माध्यम से नई पीढ़ी को सकारात्मक और जिम्मेदार जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के प्रयासों की भी जानकारी दी। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने संगठन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए युवाओं की जागरूक भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और जिम्मेदार समाज के निर्माण में सामूहिक सामाजिक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर संगठन के सह-संस्थापक कपिल देव, परियोजना समन्वयक रीता, राज्य कार्यकारिणी सदस्य गौरव ठाकुर, अवंतिका पाम्टा, पूजा ठाकुर, सान्या और यश दीक्षित सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



तंबाकू मुक्त हिमाचल अभियान का शुभारंभ करते राज्यपाल कविंद्र गुप्ता। अनंत ज्ञान

◆ 'नो टू ड्रग्स, यस टू पैशन' मिशन के तहत प्रदेश के सभी जिलों में चलेगा जनजागरूकता अभियान

# राधा स्वामी सत्संग ब्यास प्रमुख से सपरिवार मिले मुख्यमंत्री सुक्खू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में राधा स्वामी सत्संग ब्यास के आध्यात्मिक प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री अपने परिवार के सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान आध्यात्मिक मूल्यों, सामाजिक सेवा तथा प्रदेश के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आध्यात्मिक संस्थाएं समाज में भाईचारे, सद्भाव और सकारात्मक सोच को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

बैठक के दौरान प्रदेश में जनकल्याण, युवाओं को सकारात्मक दिशा देने तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और आध्यात्मिक संगठनों का सहयोग समाज को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होता है। इस अवसर पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे तथा वातावरण आत्मीय और सौहार्दपूर्ण बना रहा।



राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों से भेंट करते सीएम सुक्खू व उनके परिवार के सदस्य। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### गैस कटर से लोहे के 70 पोल काटकर ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिला में चोरों ने ऐसी वारदात को अंजाम दिया, जिसने एक टेलीकॉम कंपनी की पूरी लाइन व्यवस्था हिला दी। रात के अंधेरे में पहले ऑप्टिकल फाइबर लाइन को निशाना बनाया गया और फिर गैस कटर की मदद से लोहे के भारी-भरकम पोल काटकर चोरी कर लिए गए। घटना के बाद कंपनी को करीब 9.25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। कंपनी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी की ये वारदात रामपुर उपमंडल के तकलेच क्षेत्र में सामने आई है। कंपनी द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार 5 और 6 मई की रात को जिस रूट पर ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछी हुई थी, वहां से करीब 70 लोहे के एच-पोल गायब पाए गए। कुछ जगहों पर पोल गैस वेल्डिंग से काटे गए थे। सड़क निर्माण कार्य चलने के कारण कई हिस्सों में केबल को पोल की बजाय पेड़ों के सहारे लगाया गया था।

### रॉयल एफसी चंडीगढ़ ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** महाविद्यालय रामपुर के खेल मैदान पाट बांग्ला में आयोजित डीजे नेशन स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2026 के फुटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को रोमांचक समापन हुआ। खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना, अनुशासन और बेहतरीन प्रदर्शन का प्रदर्शन किया। फाइनल में रॉयल एफसी चंडीगढ़ ने कमाल की रणनीति से विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि एफसी रोहड़ू उपविजेता रही। विभिन्न क्षेत्रों की टीमों ने उच्च स्तर का खेल दिखाया, जिसमें फिटनेस, तालमेल और समर्पण उमग रहा। आयोजन ने खेल भावना को बढ़ावा दिया और युवाओं में नई ऊर्जा भरी। डीजे नेशन के अध्यक्ष साहिल सागर ने विजेताओं को बधाई दी और कहा, हमारा लक्ष्य युवाओं को खेलों से जोड़ना है। भविष्य में ऐसे आयोजन जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि वीरवार से वॉलीबॉल टूर्नामेंट शुरू हो रहा है, जिसमें कई टीमें भाग लेंगी। डीजे नेशन स्पोर्ट्स फेस्टिवल युवाओं को सकारात्मक दिशा दे रहा है, जो क्षेत्र के खेल माहौल को मजबूत कर रहा है।

### राज्यपाल की पहल अनुकरणीय : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने राज्यपाल कविंद्र गुप्ता द्वारा ईंधन संरक्षण, हेलीकॉप्टर के सीमित उपयोग और सरकारी काफिले को छोटा करने संबंधी फैसलों का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रहित और जवाबदेही की दिशा में प्रेरणादायक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत और आत्मनिर्भरता के संदेश को राज्यपाल ने व्यवहारिक रूप में लागू कर सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। त्रिलोक कपूर ने शिमला से जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार को भी इस पहल से प्रेरणा लेते हुए सरकारी खर्चों और अनावश्यक संसाधनों के उपयोग में कटौती करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल की यह पहल केवल ईंधन बचत तक सीमित नहीं, बल्कि प्रशासनिक सादगी और संवेदनशीलता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने युवाओं और आम नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग और साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने की अपील भी की।



### चम्याणा अस्पताल मार्ग चौड़ा करने में देरी पर जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल किसान सभा के राज्याध्यक्ष डॉ. कुलदीप कंवर ने चम्याणा स्थित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल तक जाने वाले मार्ग को चौड़ा करने में हो रही देरी पर गहरी नाराज़गी जताई है। उन्होंने कहा कि मात्र 700 मीटर लंबे इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 45 पेड़ों की कटाई की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और लगभग 1.96 करोड़ रुपये की राशि भी वन विभाग को जमा करवाई जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अब तक अनुमति नहीं मिलने से कार्य अधर में लटका हुआ है। उन्होंने कहा कि माननीय हाईकोर्ट द्वारा समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के आदेश दिए जाने के बावजूद वन विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण मरीजों, तीमारदारों, डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. कंवर ने कहा कि संकरी और जर्जर सड़क के कारण गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में कठिनाई हो रही है तथा बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। उन्होंने सरकार और स्वास्थ्य मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप कर वन विभाग को शीघ्र अनुमति देने के निर्देश जारी करने की मांग की।

### केएनएच पर हाईकोर्ट में सरकार की फजीहत: नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा शिमला स्थित महिलाओं के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान कमला नेहरू अस्पताल की गायनी ओपीडी को आईजीएमसी परिसर में शिफ्ट करने के प्रदेश सरकार के फैसले पर रोक लगाए जाने के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। भाजपा मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने इसे जनता की आवाज़ और भाजपा के संघर्ष की जीत बताते हुए कांग्रेस सरकार की संवेदनहीनता पर बड़ा तमाचा करार दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी ने साफ कर दिया है कि सरकार ने बिना जनभावनाओं और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का आकलन किए जल्दबाजी में फैसला लिया था। कर्ण नंदा ने कहा कि कमला नेहरू अस्पताल प्रदेश की लाखों महिलाओं, गर्भवती माताओं और दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए भरोसे का बड़ा केंद्र है। भाजपा ने शुरू से ही इस फैसले का विरोध किया और सड़क से लेकर राजभवन तक आंदोलन चलाकर सरकार को चेताने का प्रयास किया।

### चियोग स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग का हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यालय के 24 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 21 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा कशिश शर्मा ने 616 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि आदर्श चंदेल ने 607 अंक लेकर दूसरा तथा कर्तव्य ने 606 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने प्रार्थना सभा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उपहार भेंट किए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है।

### जुन्गा का 10वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा ने इस वर्ष दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी 32 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं, जिससे विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय की छात्रा मुस्कान ने 91.29 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि भावना और दिव्यांश शर्मा ने 86.42 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं यशस्वी राणा ने 85.28 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# राजधानी शिमला में डिजिटल चिट्टा सिंडिकेट का भंडाफोड़

## वर्चुअल नंबरों से चलता था मौत का कारोबार, मास्टरमाइंड पंजाब से गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की शांत वादियों में चिट्टे का जहर घोल रहे अंतरराज्यीय नेटवर्क पर शिमला पुलिस ने ऐसा प्रहार किया है, जिसने नशा तस्करों की नींद उड़ा दी है। पंजाब के लुधियाना में बैठकर शिमला तक चिट्टे की सप्लाई करने वाले 27 वर्षीय गुरमीत सिंह उर्फ बिल्ला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी कोई साधारण तस्कर नहीं, बल्कि हाईटेक तरीके से काम करने वाला ऐसा शातिर नेटवर्क ऑपरेटर था, जो वर्चुअल नंबरों, इंटरनेट कॉलिंग और डिजिटल माध्यमों के जरिए पूरे कारोबार को संचालित कर रहा था। पुलिस को लंबे समय तक उसकी असली पहचान और लोकेशन तक पहुंचने में मुश्किलें आईं, लेकिन आखिरकार तकनीकी निगरानी और डिजिटल साक्ष्यों के सहारे शिमला पुलिस ने उसके पूरे नेटवर्क की परतें खोल दीं। बुधवार को लुधियाना में की गई दबिश के बाद उसकी गिरफ्तारी हुई, जिसे शिमला पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

इस सनसनीखेज नेटवर्क का खुलासा 20 मार्च को बालूगंज थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले से शुरू हुआ था। उस दौरान पुलिस ने हरियाणा के पांच आरोपियों को लगभग 94 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया था। शुरुआत में मामला सामान्य तस्करी का लग रहा था, लेकिन पुलिस ने जब मोबाइल डाटा, ऑनलाइन चैट, बैंकिंग ट्रांजैक्शन और डिजिटल कनेक्शन की गहराई से जांच शुरू की, तो पूरा खेल पंजाब से संचालित होता मिला। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया कि चिट्टे की खेप उन्हें गुरमीत उर्फ बिल्ला मुहैया करवाता था। इसके बाद पुलिस ने कई राज्यों में लगातार छापेमारी की और आखिरकार आरोपी को ट्रैक कर लुधियाना से पकड़ लिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी बेहद संगठित और आधुनिक तरीके से नशे का कारोबार चला रहा था। वह हर डील के लिए नए वर्चुअल नंबर इस्तेमाल करता था, ताकि पुलिस उसकी लोकेशन और पहचान तक न पहुंच सके। जांच एजेंसियों को शक है कि इस नेटवर्क के तार हिमाचल के अलावा पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश तक फैले हुए हैं। उधर ठियोग चिट्टा मामले में भी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद निवासी शिव शंकर को गिरफ्तार किया है, जो सप्लाई चैन का अहम हिस्सा माना जा रहा है।



# सीबीएचआई ने रामपुर में की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा



रामपुर पीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करने पहुंची सीबीएचआई की टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय स्वास्थ्य खुफिया ब्यूरो (सीबीएचआई) की टीम ने रामपुर ब्लॉक का दौरा कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों व सेवाओं के कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया। स्वास्थ्य अधिकारियों व कर्मचारियों से चर्चा के दौरान अभिलेखों की जांच व रामपुर पीएचसी का निरीक्षण किया गया। जन स्वास्थ्य सेवाओं, जागरूकता अभियानों व कार्यक्रम क्रियान्वयन पर विस्तृत समीक्षा हुई। दीक्षा सचदेवा (आईएएस उप निदेशक, सीबीएचआई), अभिषेक सिंह व शेष कुमार मौर्य (कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी) ने गुणवत्ता सेवाएं, सही अभिलेख व रिपोर्टिंग के प्रयासों की प्रशंसा की।

समयबद्ध रिपोर्टिंग व योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए सेवा सुधार के सुझाव दिए गए। स्वास्थ्य विभाग ने सहयोग का भरोसा जताया तथा क्षेत्रवासियों को बेहतर सेवाएं देने का संकल्प दोहराया है।

# नीट रद्द होने से 22 लाख युवाओं का भविष्य संकट में : विनोद जिंटा

अनंत ज्ञान

◆ मामले की सिटिंग जज से जांच करवाने की उठाई मांग

**ब्यूरो, शिमला।** देशभर में आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पूरे मामले की जांच उच्चतम न्यायालय के सिटिंग जज से करवाने की मांग उठाई है। प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव विनोद जिंटा ने कहा कि यह मामला केवल पेपर लीक तक सीमित नहीं है, बल्कि लाखों युवाओं के भविष्य और देश की परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता से जुड़ा हुआ है।

बुधवार को शिमला से जारी बयान में विनोद ज़िंटा ने कहा कि 3 मई को आयोजित हुई नीट यूजी परीक्षा में देशभर से 22 लाख से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया था। इन छात्रों ने महीनों और वर्षों तक कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी की थी, लेकिन पेपर लीक होने और बाद में परीक्षा रद्द होने से उनके भविष्य पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि यह युवाओं के साथ बड़ा अन्याय और धोखा है। प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि इस मामले की जांच केवल सीबीआई को सौंपना पर्याप्त नहीं होगा। विनोद ज़िंटा के अनुसार पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तभी संभव है, जब इसकी निगरानी उच्चतम न्यायालय के किसी सिटिंग जज द्वारा की जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक करने वाले लोगों की पहुंच सत्ता के प्रभावशाली लोगों तक हो सकती है, इसलिए स्वतंत्र और पारदर्शी जांच जरूरी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा शासन में लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे युवाओं का भरोसा सरकारी भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं से उठता जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश पहले ही बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई से परेशान है, ऐसे में प्रतियोगी परीक्षाओं में इस तरह की गड़बड़ियां युवाओं को मानसिक और आर्थिक रूप से प्रभावित कर रही हैं।

# नीट परीक्षा रद्द होने पर फूंका एनटीए का पुतला

## समरहिल में एसएफआई ने किया प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ लगाए नारे

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय समरहिल स्थित लाल चौक में बुधवार को नीट और नेट परीक्षाओं में कथित पेपर लीक व धांधली के विरोध में एसएफआई के बैनर तले छात्रों का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। अखिल भारतीय कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया और एनटीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उसका पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया, जिससे समरहिल और आसपास के क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था कुछ समय के लिए पूरी तरह प्रभावित रही। एसएफआई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई सचिव मुकेश ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था और करोड़ों छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि एनटीए जैसी केंद्रीकृत एजेंसियां शिक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने में विफल साबित हुई हैं और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक मामलों ने मेहनती विद्यार्थियों के सपनों को गहरी चोट पहुंचाई है।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए छात्र नेताओं ने कहा कि वर्ष 2024 में भी नेट परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मामले सामने आए थे, लेकिन केंद्र सरकार कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठा सकी। एसएफआई नेताओं ने मांग की कि एनटीए को तत्काल भंग किया जाए तथा नीट और नेट परीक्षा विवादों की जांच सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में गठित उच्चस्तरीय समिति से करवाई जाए। संगठन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग भी उठाई।

एसएफआई उपाध्यक्ष आशीष रितेश ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने प्रभावित छात्रों को शीघ्र न्याय नहीं दिया तो आंदोलन को प्रदेश के हर कॉलेज और गांव तक विस्तारित किया जाएगा तथा संसद घेराव से भी पीछे नहीं हटेंगे।



◆ कहा- शिक्षा व्यवस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, एनटीए भंग करने की उठी मांग

**बैठक** देशभर की विधानसभाओं के लिए समान नियमावली पर बनी सहमति

# एक राष्ट्र, एक व्यवस्था से बढ़ेगी दक्षता: कुलदीप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कर्नाटक के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी मैसूर में आयोजित पीठासीन अधिकारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में देशभर की विधानसभाओं के कार्य-संचालन और प्रक्रिया नियमों में एकरूपता लाने को लेकर गहन मंथन हुआ। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बैठक को अत्यंत सार्थक बताते हुए कहा कि यदि देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में संसदीय प्रक्रियाओं को लेकर समान मॉडल तैयार हो जाता है तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था अधिक सशक्त, पारदर्शी और प्रभावशाली बनेगी।

उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारियों ने अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए संसदीय कार्यप्रणाली में एकरूपता की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे भविष्य में दूरगामी और सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

पठानिया ने कहा कि भौगोलिक परिस्थितियों और राजनीतिक व्यवस्थाओं के कारण कुछ राज्यों में नियमों में अंतर स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन विधानमंडलों के मूल कार्य-संचालन और प्रक्रिया नियमों में समानता होना समय की मांग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समिति आगामी दो महीनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट लोक सभा सचिवालय को सौंपेगी ताकि संसदीय व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और जनोन्मुख बनाया जा सके।

उन्होंने चिंता जताई कि कई राज्यों में जनप्रतिनिधियों को प्रक्रिया नियमों की पर्याप्त जानकारी नहीं होती, जिसके कारण सदन संचालन प्रभावित होता है। यदि नियमावली एक समान होगी तो सभी सदस्य इसे सहजता से समझ सकेंगे और जनता की अपेक्षाओं पर अधिक प्रभावी ढंग से खरा उतर पाएंगे। कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथि स्पीकरों का पारंपरिक शॉल, माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा तथा संयुक्त निदेशक हरदयाल भारद्वाज भी उपस्थित रहे।



### विश्व प्रसिद्ध मैसूर पैलेस का किया भ्रमण

बैठक के समापन के बाद सभी पीठासीन अधिकारियों, विधान सभा सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों ने विश्व प्रसिद्ध मैसूर पैलेस का भ्रमण कर उसकी ऐतिहासिक विरासत, स्थापत्य कला और पर्यटन महत्व की जानकारी प्राप्त की। राजसी वैभव और पौराणिक धरोहरों से सुसज्जित इस महल ने सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान समिति ने चामुंडा हिल स्थित मां चामुंडा मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना भी की।

# पहली तारीख को वेतन नहीं तो दूसरी तारीख से काम बंद

अनंत ज्ञान

◆ एचआरटीसी के चालक एवं परिचालक संघ ने दी प्रदेश सरकार को चेतावनी

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों का वेतन संकट बुधवार को फिर सड़कों पर दिखाई दिया। चालक-परिचालक संघ ने पुराने बस अड्डे पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए निगम प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और समय पर वेतन जारी न होने पर तीखा रोष जताया। कर्मचारियों का कहना था कि अप्रैल माह का वेतन प्रदेश के कई डिपो में समय पर जारी नहीं किया गया, जिससे चालक, परिचालक, तकनीकी कर्मचारी और कार्यालय स्टाफ भारी आर्थिक परेशानी से गुजर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि भविष्य में हर माह की पहली तारीख को वेतन खातों में नहीं पहुंचा तो दूसरी तारीख से बसों का संचालन और अन्य कार्य पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे।

चालक-परिचालक संघ के प्रदेशाध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने कहा कि निगम प्रबंधन ने पहले केवल शिमला के कुछ डिपो कर्मचारियों के खातों में वेतन डालकर आंदोलन को रोकने का प्रयास किया, जबकि प्रदेश के 27 से अधिक डिपो के कर्मचारी वेतन से वंचित रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि एचआरटीसी कर्मियों के साथ लगातार भेदभाव हो रहा है और ओवरटाइम, मेडिकल प्रतिपूर्ति तथा एरियर जैसी देनदारियां भी लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने संगठन को तोड़ने की कोशिश करने वाले तथाकथित नेताओं को भी आगाह करते हुए कहा कि कर्मचारी हितों की लड़ाई एकजुट होकर ही लड़ी जाएगी। दोपहर बाद कई डिपो कर्मचारियों के खातों में वेतन पहुंचने पर बस सेवाएं बहाल हुईं, लेकिन कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि हालात नहीं सुधरे तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

# पंचायत प्रधान पद के 30 नामांकन पत्र खारिज

## मंडी में नौ, कांगड़ा में छह, हमीरपुर में पांच, शिमला में तीन, चंबा में दो, किन्नौर व लाहौल-स्पीति में एक-एक नामांकन रद्द

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक तापमान अब पूरी तरह चरम पर पहुंच गया है। नामांकन पत्रों की जांच पूरी होने के बाद चुनावी तस्वीर तेजी से साफ होने लगी है। राज्य निर्वाचन आयोग की प्रारंभिक जांच में प्रधान पद के लिए सात जिलों के 30 नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए हैं, जिससे कई पंचायतों में समीकरण अचानक बदल गए हैं। सबसे अधिक नौ नामांकन मंडी जिला में निरस्त किए गए, जबकि कांगड़ा में छह, हमीरपुर में पांच, शिमला में तीन, चंबा में दो और किन्नौर व लाहौल-स्पीति में एक-एक नामांकन रद्द हुआ है। प्रदेशभर में इस बार 31 हजार 214 पदों के लिए कुल 79 हजार 676 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए हैं। जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें एक ही प्रत्याशी ने प्रधान पद के लिए दो-दो नामांकन पत्र भर दिए थे। निर्वाचन नियमों के अनुसार ऐसे मामलों में एक आवेदन स्वत: निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा दस्तावेजों में त्रुटियां, अपूर्ण शपथ पत्र और प्रक्रिया संबंधी कमियां भी कई उम्मीदवारों पर भारी पड़ीं। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि इस बार पंचायत चुनावों में नियमों को लेकर किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। यही कारण है कि आरओ और एआरओ स्तर पर नामांकन की गहन जांच की गई।

प्रदेश की पंचायत राजनीति इस बार कई मायनों में बेहद दिलचस्प और निर्णायक मानी जा रही है। नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जो उम्मीदवार मैदान में बचेंगे, उनके भाग्य का फैसला राज्य के 50.80 लाख मतदाता करेंगे। चुनावों में 3 हजार 754 प्रधान, 3 हजार 754 उप प्रधान, 21 हजार 654 वार्ड सदस्य, 1 हजार 769 बीडीसी सदस्य और 251 जिला परिषद सदस्य चुने जाएंगे। खास बात यह है कि प्रत्येक मतदाता को पांच अलग-अलग वोट डालने होंगे, जिससे चुनावी प्रक्रिया पहले से अधिक व्यापक और चुनौतीपूर्ण बन गई है। राजनीतिक दल भले ही पंचायत चुनाव प्रत्यक्ष रूप से नहीं लड़ते, लेकिन गांवों में समर्थित उम्मीदवारों के माध्यम से प्रतिष्ठा की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ी जा रही है।

निर्वाचन आयोग ने चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया में भी बड़ा बदलाव किया है। इस बार किसी भी प्रत्याशी को मनपसंद चुनाव चिन्ह नहीं मिलेगा।

उम्मीदवारों के नाम हिंदी वर्णमाला के क्रम के अनुसार चुनाव चिन्ह बांटे जाएंगे। यानी जिसका नाम 'अ' अक्षर से शुरू होगा, उसे पहले क्रम का चिन्ह मिलेगा और इसी क्रम में अन्य प्रत्याशियों को प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि इससे चुनाव चिन्हों को लेकर होने वाले विवाद और पक्षपात की आशंकाओं पर रोक लगेगी। दूसरी ओर गांवों में उम्मीदवार अब चुनाव प्रचार को और अधिक आक्रामक बनाने में जुट गए हैं। पंचायत घरों से लेकर चौपालों तक विकास, सड़क, पानी, रोजगार और स्थानीय मुद्दों पर बहस तेज हो चुकी है।




◆ 31 हजार से अधिक पदों के लिए 79 हजार से ज्यादा उम्मीदवार मैदान में

◆ प्रदेशभर में 50.80 लाख वोटर चुनेंगे नई ग्रामसत्ता

### पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को पड़ेंगे वोट

**हिमाचल** में पंचायत चुनाव तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को संपन्न होंगे। प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों की मतगणना मतदान वाले दिन ही पंचायत भवनों में होगी, जबकि बीडीसी और जिला परिषद सदस्यों की मतगणना 31 मई को की जाएगी। इसी दिन सोलन, धर्मशाला, मंडी और पालमपुर नगर निगम चुनावों के परिणाम भी घोषित होंगे। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 15 मई दोपहर तीन बजे निर्धारित की गई है, जिसके बाद चुनाव मैदान की अंतिम तस्वीर सामने आएगी और गांवों की सत्ता की यह जंग पूरी तरह निर्णायक दौर में प्रवेश कर जाएगी।

◆ प्रचार में चुटे प्रत्याशी सियासी रंग में रंगे हिमाचल के गांव

# प्रदेश की कई पंचायतों को कल मिल जाएंगे प्रधान एवं उपप्रधान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनावों का माहौल पूरी तरह गर्मा चुका है, लेकिन इस बीच कई पंचायतों में बिना मतदान ही प्रधान और उपप्रधान तय होने की तस्वीर सामने आने लगी है। प्रदेश में 126 पंचायत प्रधान और 156 उपप्रधान पदों पर निर्विरोध चुनाव लगभग तय माना जा रहा है। 15 मई को नाम वापसी की अंतिम समय सीमा खत्म होने के बाद जिन पंचायतों में केवल एक-एक उम्मीदवार मैदान में बचेगा, वहां सीधे निर्विरोध निर्वाचन घोषित कर दिया जाएगा।

प्रदेशभर में इस बार पंचायत चुनावों को लेकर गांवों में अलग ही माहौल देखने को मिल रहा है। जहां एक ओर कई जगहों पर चुनावी मुकाबले तेज हैं, वहीं अनेक पंचायतों में लोग आपसी सहमति से प्रतिनिधि चुनने को प्राथमिकता दे रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार जिन पदों पर केवल एक वैध नामांकन शेष रहेगा, वहां मतदान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और चुनावी दल भी तैनात नहीं किए जाएंगे। निर्विरोध चुनाव की प्रक्रिया को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। निर्वाचन नियमों के तहत किसी भी उम्मीदवार के लिए नामांकन दाखिल करना अनिवार्य होता है। इसके बाद जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाती है। यदि अंतिम सूची में केवल एक उम्मीदवार बचता है तो उसे स्वत: विजेता घोषित कर दिया जाता है। चुनाव विशेषज्ञों का कहना है कि यह लोकतांत्रिक सहमति का सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, हालांकि पूरी प्रक्रिया कानून के दायरे में ही पूरी की जाती है। प्रदेश सरकार ने इस बार निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायतों के लिए प्रोत्साहन राशि में बड़ा इजाफा किया है। ग्राम पंचायत को अब 25 लाख रुपये, पंचायत समिति को 50 लाख रुपये और जिला परिषद को एक करोड़ रुपये तक की सम्मान राशि देने का प्रावधान किया गया है।

◆ निर्विरोध चुनाव पर सरकार देगी इनाम

# मंडी नगर निगम चुनाव में पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने संभाला मोर्चा

## शहर के वार्डों में पदयात्रा कर साधा जनसंपर्क, विपक्ष पर भी किए तीखे प्रहार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के चुनाव प्रचार में बुधवार को लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार किया। उन्होंने बुधवार को मंडी शहर के विभिन्न वार्डों में पदयात्रा कर न केवल जनसंपर्क साधा, बल्कि विपक्षी दल भाजपा पर भी तीखे प्रहार किए। विक्रमादित्य सिंह का चुनावी अभियान सुबह साढ़े 8 बजे बासणी से शुरू हुआ। इसके बाद उनका काफिला तल्याहड़ वार्ड के दो अंब पहुंचा, जहां स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।

सुबह 11:40 बजे उन्होंने गांधी भवन में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और चुनाव जीतने के लिए आगामी रणनीति पर चर्चा की। दोपहर के समय मंत्री ने शहर के मुख्य व्यावसायिक और रिहायशी क्षेत्रों का दौरा किया, जिनमें पोस्ट ऑफिस, भगवान मोहल्ला, एलआईसी ऑफिस, बंगला, चवाटा, बालकरूपी और समखेतर, दोपहर 1 बजे के करीब पदयात्रा महाजन बाजार, सुहड़ा मोहल्ला, अस्पताल रोड, सैनिक बोर्ड और स्कूल बाजार से होकर गुजरी।

इस पदयात्रा के माध्यम से कांग्रेस ने शहर के मतदाताओं के बीच अपनी पैठ मजबूत करने का संदेश दिया है। खुद कैबिनेट मंत्री के मैदान में उतरने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी को उम्मीद है कि इस सक्रियता से शहर में कांग्रेस के पक्ष में लहर बनेगी और नगर निगम की सत्ता में बदलाव होगा।



**प्रदेश सरकार की गिनाईं उपलब्धियां**

**पदयात्रा** के दौरान विक्रमादित्य सिंह ने सीधे संवाद के जरिए मतदाताओं को साधने की कोशिश की। उन्होंने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों का ब्यौरा जनता के सामने रखा। पिछले 5 वर्षों तक नगर निगम मंडी की सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा विकास करने में पूरी तरह विफल रही है। शहर की बदहाली के लिए भाजपा का कुप्रबंधन जिम्मेदार है।

## पूर्व मुख्यमंत्री वार्ड-वार्ड में जाकर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने की कर रहे अपील

# भाजपा का 'संकल्प पत्र' समृद्ध मंडी का रोडमैप : जयराम

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** मंडी नगर निगम चुनावों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने अपने 'संकल्प पत्र' के माध्यम से शहर के सर्वांगीण विकास का एक विस्तृत खाका जनता के सामने प्रस्तुत किया है। उन्होंने मंडी नगर निगम के सभी 14 वार्डों के निवासियों से भाजपा प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने की अपील की है, ताकि शहर को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र न केवल विकास के लक्ष्य हासिल करने का दस्तावेज है, बल्कि यह मंडी की सांस्कृतिक विरासत, आधुनिक अधोसंरचना, महिला सुरक्षा, युवा सशक्तिकरण और जन-सुविधाओं को एकीकृत करने का एक ठोस प्रयास है। जयराम ठाकुर ने कहा कि संकल्प पत्र के मुख्य बिंदुओं पर नजर डालें तो महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, जिसके अंतर्गत शहर के प्रमुख बाजारों, बस स्टैंडों और संवेदनशील क्षेत्रों में एआई-पावर्ड हाई-रेज़ोल्यूशन सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाया जाएगा ताकि कानून व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। साथ ही, स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से मंडी की यातायात समस्या का स्थायी समाधान निकालने का वादा किया गया है। महिलाओं के लिए 'स्वच्छता एवं सम्मान केंद्र' और 'पिंक टॉयलेट' की स्थापना, सैनिटरी वेंडिंग मशीनें और क्यूआर-आधारित निगरानी प्रणाली जैसे कदम महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। आपदा प्रबंधन के लिए भाजपा ने 'अर्ली वार्निंग सिस्टम' और मोबाइल अलर्ट सेवा का प्रस्ताव रखा है, जो विशेष रूप से मानसून के दौरान टारना हिल और पड्डल ग्राउंड जैसे क्षेत्रों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा। शहर की स्वच्छता को लेकर 'स्वच्छ छोटी काशी – स्वच्छ भारत अभियान' के तहत घर-घर कचरा संग्रहण, जीपीएस-युक्त वाहन और कंपोस्टिंग यूनिट का वादा किया गया है। युवाओं के लिए मुफ्त हाई-स्पीड वाई-फाई, आधुनिक पुस्तकालय और वार्षिक 'कौशल विकास मेला' जैसे प्रावधान किए गए हैं ताकि स्वरोजगार के अवसर बढ़ें। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए 'वरिष्ट सम्मान सेवा' के तहत निशुल्क पिक-अप और ड्रॉप सुविधा और 24/7 स्वास्थ्य परामर्श का वादा भाजपा की संवेदनशीलता को दर्शाता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंडी की 500 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए 'मंडी 500 वर्ष गौरव अभियान' चलाया जाएगा, जिसमें हेरिटेज वॉक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, सकोड़ी खड्ड के तटीकरण, नई सड़कों के निर्माण, बहुमंजिला पार्किंग परियोजनाओं और 'सेवासेतु' डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से घरेलू सेवाओं की उपलब्धता जैसे वादे मंडी को एक आधुनिक शहर बनाने की दिशा में भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए बाईपास निर्माण, इंटरसेप्ट पार्किंग हब और बहुमंजिला पार्किंग परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। स्कूल बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में पार्किंग निर्माण और चौड़ी सड़कों के साथ व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने की दिशा में भाजपा पहले से कार्य कर रही है।

### 'चिट्टा और नशा मुक्त मंडी' का संकल्प विजन का अनिवार्य हिस्सा



**'चिट्टा** मुक्त और नशा मुक्त मंडी' का संकल्प भाजपा के विजन का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है। जयराम ठाकुर ने विश्वास जताया है कि केंद्र और राज्य में भाजपा की सोच और नगर निगम में भाजपा की उपस्थिति 'विकास की गारंटी' बनेगी, जिससे मंडी न केवल हिमाचल बल्कि पूरे देश के लिए एक आदर्श नगर निगम के रूप में उभरेगा। इस संकल्प पत्र के माध्यम से भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि वह मंडी के हर वर्ग, चाहे वह व्यापारी हो, कर्मचारी हो, युवा हो या गृहणी, सभी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है और मंडी की जनता इस बार फिर विकास और सुशासन के पक्ष में मतदान करेगी।

# भाजपा का संकल्प पत्र मंडी नगर निगम को आधुनिक शहर बनाने का रोडमैप : अनिल शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडी नगर निगम चुनावों के लिए जारी किए गए संकल्प पत्र को मंडी शहर के समग्र विकास का विजन डॉक्यूमेंट बताते हुए भाजपा नेता एवं विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य मंडी को आधुनिक, सुरक्षित, व्यवस्थित और पर्यटन की दृष्टि से विकसित शहर बनाना है। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र केवल घोषणाओं का दस्तावेज नहीं, बल्कि आने वाले पांच वर्षों में मंडी नगर निगम के विकास की ठोस कार्ययोजना है। मंडी नगर निगम भाजपा संकल्प पत्र के प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम में विधायक अनिल शर्मा, विधायक इंद्र सिंह गांधी, भाजपा प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, जिला अध्यक्ष निहाल चंद, पूर्व महापौर वीरेंद्र भट्ट तथा मीडिया प्रभारी राकेश वालिया उपस्थित रहे।

अनिल शर्मा ने कहा कि मंडी नगर निगम का गठन भाजपा सरकार और तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के प्रयासों का परिणाम था। उन्होंने कहा कि उस समय जनसंख्या मानकों की कठिनाइयों के बावजूद आबादी के क्राइटेरिया को कम कर मंडी को नगर निगम का दर्जा दिलाया गया। बल्ह, द्रंग और मंडी सदर विधानसभा क्षेत्रों के शहरी एवं कुछ ग्रामीण इलाकों को जोड़कर नगर निगम का स्वरूप तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि पहले नगर निगम चुनावों में भाजपा ने 15 में से 11 सीटें जीतकर महापौर और उपमहापौर दोनों पदों पर भाजपा का नेतृत्व स्थापित किया था, लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद नगर निगम के विकास कार्यों पर लगभग विराम लग गया।

## मशोबरा विकास खंड में सभी नामांकन पत्र सही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के तहत मशोबरा विकास खंड की 32 पंचायतों में भरे गए सभी नामांकन पत्र सूक्ष्म जांच में सही पाए गए हैं। नाम वापसी के पहले दिन बुधवार को किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। खंड विकास अधिकारी एवं निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से 13 से 15 मई तक नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 32 पंचायतों के विभिन्न पदों के लिए कुल 573 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। इनमें प्रधान पद के लिए 155, उपप्रधान पद के लिए 168 तथा वार्ड सदस्य पद के लिए 250 नामांकन पत्र शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 15 मई को दोपहर तीन बजे तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे, जिसके बाद चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। पंचायत चुनाव 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में संपन्न करवाए जाएंगे।

**प्रचार** पंचायत से नगर निगम तक प्रचार चरम पर, वार्ड-वार्ड और गांव-गांव पहुंच रहे प्रत्याशी

# चुनाव में कांग्रेस और भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत और नगर निगम चुनावों का रण अब पूरी तरह गर्मा गया है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में कांग्रेस और भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। गांवों की चौपालों से लेकर शहरों की गलियों तक चुनावी माहौल चरम पर पहुंच चुका है। प्रत्याशी डोर-टू-डोर प्रचार के जरिए मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं, वहीं बड़े नेता भी लगातार रैलियां और नुक्कड़ सभाएं कर सियासी पारा बढ़ा रहे हैं। 17 मई को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी तेज हो गई हैं।

पालमपुर, मंडी, सोलन और धर्मशाला में भाजपा-कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। भाजपा जहां कांग्रेस सरकार की गारंटियों को मुद्दा बनाकर जनता के बीच जा रही है, वहीं कांग्रेस विपक्ष की नाकामियां गिनाकर पलटवार कर रही है। पालमपुर में राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार और विधायक विपिन परमार ने प्रचार अभियान तेज किया, जबकि कांग्रेस विधायक आशीष बुटेल भी लगातार नुक्कड़ सभाओं के जरिए माहौल बनाने में जुटे हैं। उधर, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी मंडी में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में पदयात्रा करेंगे।





◆ दोनों पार्टियों के बड़े नेता चुनावी सभाएं करने में जुटे

### कई जगह असंतोष भी आया सामने

**चुनावी** माहौल के बीच कई जगहों पर विवाद और असंतोष भी सामने आया है। हमीरपुर और नादौन में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के नामांकन रद्द होने से राजनीतिक माहौल गरमा गया है। वहीं सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की री पंचायत के कंगरी वार्ड के ग्रामीणों ने अपनी मांगें पूरी न होने पर चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी तरफ रामपुर में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देकर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। प्रदेश में अब हर दिन चुनावी बयानबाजी और राजनीतिक हलचल के साथ सियासी तापमान और बढ़ता नजर आ रहा है।

### अनिरुद्ध सिंह बोले कांग्रेस की होगी जीत

**पंचायतीराज** मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि इस बार प्रदेश के हर जिला परिषद में कांग्रेस का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनेगा। उन्होंने नगर निगम सोलन में मेयर और डिप्टी मेयर पद पर भी कांग्रेस की जीत का भरोसा जताया। दूसरी ओर भाजपा भी चुनावी मैदान में आक्रामक नजर आ रही है। मंडी और धर्मशाला नगर निगम चुनावों के लिए भाजपा ने अपने संकल्प पत्र जारी कर विकास, महिला सुरक्षा, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम और पर्यटन को बड़े मुद्दे के तौर पर सामने रखा है।

## हिमाचल में पंचायत चुनावों में इस बार दिख रहा बड़ा बदलाव

# चुनाव में एमबीए, एमएससी और एडवोकेट भी आजमा रहे किस्मत

अनंत ज्ञान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पंचायत चुनावों में इस बार बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी गांव की राजनीति पारंपरिक परिवारों और प्रभावशाली लोगों तक सीमित मानी जाती थी, लेकिन अब पढ़े-लिखे युवा बड़ी संख्या में चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। एमबीए, एमएससी, एलएलबी, बीएड और दूसरी प्रोफेशनल डिग्री हासिल कर चुके उम्मीदवार पंचायतों की कमान संभालने के लिए लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। कई पंचायतों में सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारी भी चुनाव लड़ रहे हैं।

इससे इस बार पंचायत चुनावों का माहौल पहले के मुकाबले ज्यादा दिलचस्प और प्रतिस्पर्धी बन गया है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि अब गांवों में मतदाता उम्मीदवारों की शिक्षा, सोच और कार्यशैली को भी महत्व देने लगे हैं। मंडी जिले के धर्मपुर विकास खंड की सिद्धपुर पंचायत से प्रधान पद के उम्मीदवार अजय कुमार एमएससी बायोटेक्नोलॉजी और बीएड प्रथम श्रेणी से पास हैं। उनका कहना है कि वे पंचायत को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना चाहते हैं। चोलथरा पंचायत से प्रधान पद के उम्मीदवार संतोष राणा बीएससी और एमएससी डिग्री धारक हैं। वे पंचायतों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को प्राथमिकता देने की बात कर रहे हैं। वहीं, सधोट पंचायत से प्रधान पद के उम्मीदवार विशाल ठाकुर पेशे से एडवोकेट हैं। उनका कहना है कि पंचायतों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना समय की जरूरत है। वहीं समौड़ पंचायत से चुनाव लड़ रहे प्रताप सकलानी भी पेशे से वकील हैं। उनका मानना है कि कानूनी जानकारी रखने वाले प्रतिनिधि गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं और अधिकारों की बेहतर जानकारी दे सकते हैं।

नामांकन के साथ जमा किए गए शपथ पत्रों के अनुसार कई उम्मीदवार करोड़ों रुपए तक की संपत्ति के मालिक हैं। इनमें कृषि भूमि, मकान, व्यावसायिक भवन, बैंक बैलेंस और निवेश शामिल हैं। कुछ प्रत्याशियों के पास महंगी गाड़ियां और लाखों रुपये के आभूषण भी हैं, जबकि कुछ पर ऋण भी दर्ज है।

### विकास-पारदर्शिता को बना रहे मुद्दा

**मेन भरोला,** टिकरू और रोपड़ी पंचायत क्षेत्र से बीडीसी सदस्य पद के उम्मीदवार गगन ठाकुर एमबीए डिग्री धारक हैं। वे युवाओं को नशे से दूर रखने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात कर रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायत स्तर पर स्वरोजगार और छोटे उद्योगों को बढ़ावा देकर गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। रोपड़ी पंचायत से प्रधान पद के उम्मीदवार विनय राणा ने एमबीए फाइनेंस एंड मार्केटिंग की पढ़ाई की है। उनका कहना है कि पंचायतों में वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शिता बेहद जरूरी है। वे पंचायत फंड के सही इस्तेमाल, डिजिटल सुविधाओं और बेहतर आधारभूत ढांचे को अपना मुख्य एजेंडा बता रहे हैं। कई युवा उम्मीदवार गांवों में खेल सुविधाएं बढ़ाने, शिक्षा सुधारने और रोजगार के अवसर पैदा करने को चुनावी मुद्दा बना रहे हैं।

### 52 हजार युवा पहली बार करेंगे मतदान

**हिमाचल** प्रदेश में पंचायत चुनाव तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को होंगे। प्रदेश में कुल 31,182 पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। इनमें 3,754 प्रधान, 3,754 उपप्रधान, 21,654 वार्ड सदस्य, 1,769 बीडीसी सदस्य और 251 जिला परिषद सदस्य शामिल हैं। प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य पदों की मतगणना मतदान के तुरंत बाद होगी, जबकि जिला परिषद और बीडीसी चुनाव की मतगणना 31 मई को की जाएगी। इन चुनावों में 50 लाख से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। करीब 52 हजार युवा पहली बार वोट डालेंगे, जिनमें लगभग 23 हजार महिलाएं शामिल हैं। पूरे प्रदेश में 21 हजार 678 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। लाहौल-स्पीति के काजा क्षेत्र के लांगजा स्थित कामो पाठशाला में 4,587 मीटर की ऊंचाई पर प्रदेश का सबसे ऊंचा मतदान केंद्र बनाया गया है। वहीं सिरमौर जिले के पांवटा साहिब क्षेत्र की एक पंचायत में सबसे अधिक मतदाता हैं, जबकि किन्नौर के पूह क्षेत्र के सुमरा गांव में सबसे कम 178 मतदाता दर्ज किए गए हैं।

# कांगड़ा घाटी में जल्द गूंजेगी रेल की सीटी बहाल होगी पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल सेवा

◆ रेल इंजन और डिब्बों के साथ पठानकोट से जोगिंद्रनगर तक अंतिम ट्रायल पूरा

अनंत ज्ञान



ट्रायल के बाद अब रेल संचालन की राह लगभग साफ। अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** कांगड़ा घाटी की पहाड़ियों पर बिछी अंग्रेजों के जमाने की ऐतिहासिक रेल पटरी पर एक बार फिर रेल की सीटी गूंजने वाली है। लंबे समय से बंद पड़ी पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल सेवा को बहाल करने की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। फिलहाल प्रदेश में पंचायतीराज चुनावों के चलते लागू आदर्श आचार संहिता के कारण औपचारिक घोषणा में देरी हो रही है, लेकिन रेलवे अधिकारियों के अनुसार आचार संहिता समाप्त होते ही रेल सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। बुधवार को रेलवे विभाग ने रेल इंजन और डिब्बों के साथ पठानकोट से जोगिंद्रनगर तक अंतिम ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। इस ट्रायल के बाद अब रेल संचालन की राह लगभग साफ मानी जा रही है। गौरतलब है कि 5 मई को सांसद अनुराग शर्मा ने कांगड़ा घाटी रेलवे बहाली संघर्ष समिति के साथ ज्वालामुखी रोड रेलवे स्टेशन पर धरना देकर रेल विभाग को 10 दिनो के भीतर रेल सेवाएं बहाल करने का अल्टीमेटम दिया था।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि कांगड़ा घाटी की यह प्रतिष्ठित रेल लाइन क्षेत्र की जीवन रेखा है। पोंग डैम के आसपास और जिला कांगड़ा के दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले हजारों लोगों के लिए यह रेल सेवा आज भी सबसे सस्ता और सुविधाजनक यातायात साधन है। उन्होंने कहा कि रेल सेवा बहाल होने से पर्यटन, व्यापार और स्थानीय लोगों की आवाजाही को बड़ा लाभ मिलेगा।

**विभाग रेल संचालन के लिए तैयार :** रेलवे अधिकारियों के अनुसार कमिश्नर रेलवे सेफ्टी द्वारा व्यापक निरीक्षण के बाद विभाग रेल संचालन के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि, डिब्बों की स्थिति और संचालन संबंधी परिस्थितियों को देखते हुए पहले चरण में पठानकोट से बैजनाथ-पपरोला तक चार जोड़ी रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से जोगिंद्रनगर तक सभी रेल सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी। वर्तमान में कांगड़ा से बैजनाथ-पपरोला व बैजनाथ-पपरोला से जोगिंदरनगर तक केवल दो जोड़ी रेलगाड़ियां ही संचालित हो रही हैं, जो यात्रियों की संख्या और सुविधा की दृष्टि से पर्याप्त नहीं मानी जा रही हैं। ऐसे में पूर्ण रेल सेवा बहाली की खबर से कांगड़ा घाटी के लोगों में खुशी का माहौल है।

## डरोह स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ठ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह का दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतरीन रहा है। परीक्षा में कुल 61 छात्र व छात्राओं ने मार्च में संचालित परीक्षा में भाग लिया था। रविवार को घोषित हुए परिणाम में 58 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए हैं। छात्रा कुमारी आयशा चंदेल और छात्र सूर्यांश ने पहला स्थान हासिल किया है। स्कूल के दोनों छात्रों ने 700 में से 685 अंक हासिल करके पहला स्थान पाया है। वहीं कुमारी प्रियांशी ने 700 से 684 अंक हासिल कर दूसरा और किंजल नंदा ने 700 से 677 अंक हासिल कर के तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं स्कूल के 35 छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्कूल में सभी अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों और उनके अविभावकों के सम्मान में सुबह प्रार्थना सभा में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकारी प्रधानाचार्य राकेश गुलेरिया ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। स्कूल के प्रवक्ताओं ने भी छात्रों की जमकर प्रशंसा की। वहीं एसएमसी अध्यक्ष बलविंदर कुमार ने भी छात्रों की मेहनत, अध्यापकों का सहयोग और स्कूल प्रबंधन समिति का स्कूल के लिए समर्पण को याद किया और सभी अव्वल रहे छात्रों और उनके अविभावकों को बधाई दी।

# ढलियारा कॉलेज के विद्यार्थियों की देश के नामी होटलों में प्लेसमेंट



16 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के होटलों में हुआ चयन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा के बीवोक हॉस्पिटैलिटी एवं पर्यटन प्रबंधन विभाग ने लगातार दूसरे वर्ष शानदार प्लेसमेंट रिकॉर्ड कायम कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

इस वर्ष विभाग के 16 विद्यार्थियों का चयन देश के प्रतिष्ठित 4 और 5 सितारा होटलों में हुआ है। इससे पहले पिछले वर्ष 21 विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला था। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजू रानी चौहान ने विशेष कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए। उन्होंने कहा कि बीवोक जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बीवोक नोडल अधिकारी प्रोफेसर कंचन रनौत ने बताया कि विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास और संचार कौशल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस वर्ष कोमल राजपूत का चयन रेडिसन रेड इंदौर, दीक्षा का द अनंता स्पा एंड रिजॉर्ट्स जयपुर तथा कोमल काउंडल का आईटीसी सिद्धरावली गुरुग्राम में हुआ है। इसके अलावा कई विद्यार्थियों को आईटीसी, रेडिसन, रामाडा, नोवोटेल और विंडहैम जैसे प्रतिष्ठित होटल समूहों में अवसर मिला है। महाविद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पालमपुर में करंट लगने से युवक की मौत का मामला

# सांसद अनुराग शर्मा पीड़ित परिवार से मिले

अनंत ज्ञान



सांसद ने परिवार को सहायता का दिया आश्वासन। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पालमपुर के बिंद्रावन क्षेत्र में बिजली बहाल करने के दौरान करंट लगने से रानीताल निवासी 29 वर्षीय मोहन लाल उर्फ मोनू की हुई दर्दनाक मृत्यु के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा रानीताल पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मिले और अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

मुख्यमंत्री ने राज्यसभा सांसद को पीड़ित परिवार के घर जाकर स्थिति का जायजा लेने तथा परिवार को तत्काल राहत एवं हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के आदेशों के अनुरूप पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू की गई। अनुराग शर्मा ने पीड़ित परिवार की मुख्यमंत्री से फोन पर बात भी करवाई। मुख्यमंत्री ने परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया तथा मामले की निष्पक्ष जांच करवाने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त तथा विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर को मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की विभागीय लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत प्रदान की गई है। कर्मचारी मुआवजा अधिनियम के तहत 15.28 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई है, 5 लाख की राशि ग्रुप इंश्योरेंस के माध्यम से प्रक्रिया में है तथा जिला प्रशासन द्वारा 4 लाख की सहायता राशि मंजूर की गई है। इस प्रकार कुल 24.28 लाख की आर्थिक सहायता पीड़ित परिवार को प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कांगड़ा के प्रधान नागेश्वर मनकोटिया तथा एचपीएमसी जिला कांगड़ा के चेयरमैन निशु मोंगरा भी मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा नए भारत का उदय : शांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का उदय हो रहा है। बंगाल की जीत ने भाजपा को एक नई शक्ति प्रदान की है। देश में पीएम मोदी और भाजपा का कोई विकल्प नहीं है। विश्व के 130 देशों के प्रधानमंत्रियों में सबसे अधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। अगले वर्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद हिमाचल में भाजपा की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में पंचायतीराज और नगर निगम चुनावों में भाजपा बहुत बड़ी शक्ति और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि भाजपा के सभी नए पुराने कार्यकर्ता एकजुट होकर इस चुनाव में लग गए हैं।

◆ कहा- हिमाचल में भाजपा की सरकार बनना तय

यह चुनाव अगले वर्ष के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की सरकार बनने के लिए निर्णायक सिद्ध होगा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की जनता से अपील की है कि 75 प्रतिशत भारत जिस भाजपा के साथ चल रहा है उस भाजपा की अगले वर्ष प्रदेश में सरकार बनाने के लिए इस बार पचांयतीराज और नगर निगम के चुनावों में भाजपा का साथ दें।

# झूठी गारंटियों का विश्वासघात खुद कांग्रेस पर पड़ गया भारी : राकेश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता राकेश शर्मा ने बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में धर्मशाला नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की घटिया रणनीतियों और चुनाव से पहले हार की प्रतिक्रियाओं पर तीखी प्रतिक्रिया प्रकट करते हुए कहा कि बौखलाई कांग्रेस ओछे हथकंडे अपनाकर भड़ास निकाल रही है। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले सुक्खू सरकार की कलई खुल रही है। कांग्रेस को पता है कि चुनावी दौर उनके पक्ष में नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नगर निगम बनाने का सपना देख रही कांग्रेस झूठ की बुनियाद पर जनता को बरगलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में कांग्रेस सरकार को दुर्गति प्राप्त हो रही है। यह चुनावी परिणाम में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार की खोखली सच्चाई बेनकाब हो रही है। झूठी गारंटियों का विश्वासघात खुद कांग्रेस पर भारी पड़ गया है। झूठ के सहारे सत्ता का नेतृत्व कर रही सुक्खू सरकार की राह बेकफुट पर चली गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्ता में आते ही कांग्रेस सरकार ने महंगाई को बढ़ाने का काम किया, डीजल पर वैट बढ़ाया, सरसों तेल के दाम बढ़ाए। स्कूली बच्चों को दी जाने वाली निशुल्क वर्दी बंद कर दी गई। यही नहीं 10 गारंटियों के नाम पर यह सरकार सत्ता में आई, लेकिन आज तक एक भी गारंटी पूरी नहीं की। उन्होंने कहा कि धर्मशाला की जनता प्रदेश की कांग्रेस सरकार से सवाल कर रही है कि जनता की भापनाओं को आहत करने वाली सरकार किस मुंह से वोट मांगकर नगर निगम बनाने की सपने देख रही है।

## दक्षिण अफ्रीका की डेसमंड टूटू लेगेसी फाउंडेशन की सीईओ ने की दलाईलामा से मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दक्षिण अफ्रीका की डेसमंड टूटू लेगेसी फाउंडेशन की सीईओ जेनेट जॉब्सन ने मैक्लोडगंज में बुधवार को तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा से मुलाकात की। धर्मगुरु से मुलाकात को उन्होंने बेहद भावुक और सम्मानजनक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि डेसमंड टूटू और दलाईलामा ने हमेशा करुणा, न्याय और साझा मानवता का संदेश दुनिया को दिया। उन्होंने कहा कि ईयर ऑफ कम्पैशन के दौरान धर्मशाला आना उनके लिए विशेष महत्व रखता है। दलाईलामा से हुई संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने डेसमंड टूटू और दलाईलामा की गहरी मित्रता तथा करुणा के साझा मूल्यों के लिए आभार व्यक्त किया। जेनेट जॉब्सन ने कहा कि उनकी संस्था आज भी साझा मानवता और करुणा के विचार को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। डेसमंड टूटू और दलाईलामा की मित्रता पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा रही है। दोनों ने मिलकर द बुक आफ जॉय पुस्तक लिखी, जिसमें कठिन परिस्थितियों के बीच भी खुशी और उम्मीद बनाए रखने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी लोगों को अपनी साझा मानवता को पहचानना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका ने भी अन्याय और उत्पीड़न का दौर देखा है, इसलिए वे स्वतंत्रता, करुणा और न्याय के संदेश के साथ तिब्बती लोगों के साथ खड़े हैं।



## विद्यार्थी निभाएं नशा मुक्त समाज बनाने में सक्रिय भूमिका

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नशा दुरुपयोग, नशे के शिकार व्यक्तियों को कानूनी सहायता तथा नशे के उन्मूलन विषय पर विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों और कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना था। मुख्य वक्ता अधिवक्ता क्षितिज कोरला ने युवाओं में बढ़ते नशे पर चिंता जताते हुए इसके कानूनी परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक जीवनशैली, खेलकूद और अच्छी संगति नशे से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बोविंदर कटोच ने किया। अंत में विद्यार्थियों को नशा मुक्त समाज बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

# नीट परीक्षा रद्द होना युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ : रिशाद

अनंत ज्ञान

◆ कहा- देशभर में एक पेपर में आता है करीब 500 करोड़ का खर्च

◆ पेपर लीक में शामिल अधिकारियों पर हो सख्त कार्रवाई

◆ परेशान न हों बच्चे, मेहनत के दम पर फिर होंगे परीक्षा में शामिल



**ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय स्तर पर एक पेपर करवाने में 400 से 500 करोड़ रुपए का खर्च होता है, ऐसे में नीट परीक्षा रद्द होने से करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। साथ ही जिन बच्चों ने परीक्षा दी थी, उनके साथ भी अन्याय हुआ है, क्योंकि पेपर लीक होने की वजह से नीट परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। यह बात गुरु स्टडी सेंटर धर्मशाला के एमडी रिशाद मोहम्मद ने प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा रद्द होने जैसी स्थिति बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) का काम ही परीक्षा करवाना है, लेकिन बार-बार पेपर लीक होना बच्चों के साथ अन्याय होने सहित बच्चों के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ है, क्योंकि पेपर लीक वाले डॉक्टर बनकर आएंगे तो क्या होगा। यदि परीक्षा रद्द नहीं होती तो, ऐसे लोग डॉक्टर बनते, जो कि पेपर लीक का फायदा लेकर अच्छे अंक नीट को पास करते। जिन बच्चों ने नीट परीक्षा के लिए मेहनत की है, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है, ऐसे बच्चे पुनः नीट में प्रवेश कर जाएंगे।

**पेपर लीक होना एनटीए की नाकामी :** रिशाद मोहम्मद ने कहा कि पेपर लीक होना एनटीए की नाकामी तो है, लेकिन परीक्षा रद करने का निर्णय सही है। जिन बच्चों ने नीट परीक्षा दी थी, अब परीक्षा रद्द होने के बाद गुरु स्टडी सेंटर में ऐसे बच्चों से पुनः नीट तैयारी की पढ़ाई की कोई फीस नहीं ली जाएगी, चाहे बच्चे ने गुरु स्टडी सेंटर में पढ़ाई की हो या अन्य जगह पर। नीट परीक्षा रद्द होने पर सख्त कार्रवाई न होने पर इस तरह की घटनाएं बार-बार होती रहेंगी।

## शहर के साथ वार्ड का विकास लक्ष्य : शिवानी

अनंत ज्ञान



प्रचार करती कांग्रेस प्रत्याशी शिवानी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हम केवल वादे करेंगे ही नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर भी उतारेंगे, इसमें जो भी सहयोग चाहिए होगा, वह लिया जाएगा। यह बात चुनाव प्रचार के दौरान नगर निगम धर्मशाला के वार्ड सात से कांग्रेस प्रत्याशी शिवानी भारद्वाज ने कही।

उन्होंने कहा कि मेरा लक्ष्य अपने वार्ड के साथ शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। वार्ड के नाराज लोगों को भी साथ लेकर चला जाएगा, जनता ने आशीर्वाद दिया तो उनका पूरा सम्मान किया जाएगा। वार्ड में शौचालयों की जरूरत को देखते हुए इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। धर्मशाला शहर और वार्ड का विकास मेरी प्राथमिकता है। चुनाव के दौरान वार्ड के लोगों द्वारा जो समस्याएं उठाई जाएंगी, उनके समाधान के लिए नगर निगम की पहली बैठक से प्रयास किया जाएगा।

## पौणा हारिया के बाद अब जल्द रिलीज होगा भजन 'मेरी मईया'

**अनंत ज्ञान, गरली।** अपने सुपरहिट भजन पौणा हारिया से पूरे हिमाचल में पहचान बनाने वाली ढलियारा की मशहूर कॉमेडियन एवं लोक गायिका पूजा हिमाचली अब नए भक्ति गीत मेरी मईया के साथ संगीत जगत में एक और बड़ा धमाका करने जा रही हैं। रिलीज से पहले ही यह भजन सोशल मीडिया और संगीत प्रेमियों के बीच चर्चा का केंद्र बना हुआ है। मां भगवती की भक्ति, हिमाचली लोक संस्कृति और आधुनिक संगीत के सुंदर संगम से सजा यह भजन श्रद्धालुओं और संगीत प्रेमियों के दिलों को छूने वाला माना जा रहा है। पूजा हिमाचली की मधुर और भावपूर्ण आवाज ने भजन को विशेष आकर्षण दिया है। लोगों का कहना है कि मेरी मईया में हिमाचली मिट्टी की खुशबू और भक्ति का अनोखा एहसास देखने को मिलेगा। भजन के बोल पारंपरिक शैली में लिखे गए हैं, जबकि संगीतकार यश रंगोट ने इसे मधुर धुनों से सजाया है। वीडियो निर्देशन विक्की नरयाल और अंकुश ददवाल ने किया है तथा एडिटिंग और कलर करेक्शन की जिम्मेदारी परमार जी ने निभाई है। पौणा हारिया की अपार सफलता के बाद अब मेरी मईया को लेकर भी लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# कांग्रेस सरकार ने जनता को ठगा प्रदेश में बढ़ा भ्रष्टाचार : काजल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा के विधायक, एवं धर्मशाला नगर निगम चुनाव प्रभारी पवन काजल ने कहा कि सुक्खू सरकार की दोगली व झूठी जड़ों को नगर निगम धर्मशाला की जनता चुनावों में काट देंगी। कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सभी 17 वार्डों की जनता मतदान के माध्यम से उसे करारा जबाव देने के लिए तैयार बैठी हुई है। जनता तय कर चुकी है कि सुक्खू सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ चुका है। पवन काजल ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार ने खजाना खानी होने के बहाने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी से उतार कर रख दिया है। कांग्रेस सरकार से जनता के हाथों में निराशा ही हाथ लगी है। काजल ने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार ने जिन गारंटियों के आधार पर सत्ता हासिल की थी, उन्हें लागू करने में विफलता दिखी है, जिससे जनता में असंतोष है। सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर झूठी गारंटियों, तानाशाही और कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगे हैं। कांग्रेस सरकार ने जनता को ठगा है और वादे पूरे नहीं किए, जिसमें 5 लाख नौकरियों का मुद्दा प्रमुख है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भ्रष्टाचार बढ़ गया है और सुक्खू सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। राज्य में बिजली निगम के भीतर करोड़ों का घोटाला किया गया है। धर्मशाला की जनता को विकास ओर सुविधाएं देने की बजाय अपने मित्रों व नेताओं को खुश किया है। प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं, सेवानिवृत्त कर्मचारी सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। युवा बेरोजगार हैं और किसान-बागवान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार स्पष्ट करे कि जब प्रदेश आर्थिक संकट से गुजर रहा है, तब इतने बड़े पैमाने पर राजनीतिक नियुक्तियां कर जनता के पैसे से मोटे वेतन और सुविधाएं क्यों दी गई।

## नूरपुर पुलिस की कार्रवाई 12.46 ग्राम चिट्टे के साथ महिला को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा की ओरे से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। सीआईए टीम ने थाना डमटाल क्षेत्र में छापेमारी कर एक महिला को चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम गश्त पर थी, इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि ग्राम छन्नी, तहसील इंदौरा की एक महिला अपने घर से नशा बेचने का अवैध कार्य कर रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान आरोपी महिला परमजीत उर्फ चीखो (पत्नी रेशम सिंह, उम्र 41 वर्ष) के पास से 12.46 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया।

आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और थाना डमटाल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। नूरपुर पुलिस नशे के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है। जनता से अपील की गई है कि नशे से संबंधित किसी भी जानकारी पर तुरंत 112 पर सूचना दें, ताकि समाज को नशामुक्त बनाया जा सके।

# अपर भलवाल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



तनीषा ने 684 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** राजकीय उच्च विद्यालय अप्पर भलवाल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय, अभिभावकों और क्षेत्र का मान बढ़ाया। इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय की होनहार छात्रा तनीषा ने 700 में से 684 अंक प्राप्त कर 97.7% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। माही ठाकुर ने 676 अंक (96.5%) से द्वितीय तथा शुभम कुमार ने 667 अंक (95.2%) से तृतीय स्थान अर्जित किया। शौर्य कंवर ने 647 अंक (92.4%), अरुण कुमार ने 637 अंक (91%), कृष ठाकुर ने 615 अंक (87.8%) और आदित्य ठाकुर ने 611 अंक (87.2%) प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

इसके अलावा चार अन्य विद्यार्थियों ने 500 से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि एक छात्रा ने 452 अंक लेकर सराहनीय प्रदर्शन किया।

## 70 वर्ष के पेंशनर्स को भी रिवाइज पेंशन का बकाया दे सरकार : कृष्ण स्वरूप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए 70 वर्ष के पेंशनर्स को भी सरकार रिवाइज पेंशन का बकाया दे। यह मांग जिला कांगड़ा पेंशन संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा ने प्रदेश सरकार से की है। उन्होंने कहा कि 2016 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स जो 70 वर्ष के हो गए हैं, उनके बारे में भी नोटिफिकेशन जारी करके उनको भी पेंशन रिविजन का बकाया दिया जाए, क्योंकि सरकार ने पहले भी 27 जनवरी 2026 को इन के बकाए के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था कि जो पेंशनर्स जनवरी 2026 को 70 वर्ष के हो गए हैं पेंशन रिविजन का बकाया डाल दिया जाए। इन सब को यह बकाया मिल चुका है, इसी तरह आगे जो पेंशनर्स 70 वर्ष के हो गए हैं उनको भी यह लाभ दिया जाए । इन लोगों को भी इस का लाभ मिलेगा। प्रधान ने सरकार से यह मांग भी की कि वर्षों से लंबित मेडिकल बिलों का पेंशनर्स को भुगतान किया जाए। पेंशनर्स के लाखों रुपए के मेडिकल बिल अभी भी लंबित हैं। प्रधान ने मांग की है कि महंगाई भत्ते की लंबित किस्तों का भी चरणबद्ध पेंशनर्स को भुगतान किया जाए।

# नीट पेपर लीक महज घोटाला नहीं, बल्कि नौजवानों का गला घोंटने जैसा : कल्याण

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश आम आदमी पार्टी के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने प्रेस विज्ञप्ति में नीट परीक्षा के घिनौने घोटाले और लगातार पेपर लीक की घटनाओं पर केंद्र सरकार तथा उसकी परीक्षा मशीनरी राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी पर बम फोड़ा है। उन्होंने इसे महज परीक्षा फेलियर नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा तंत्र की बेशर्म तबाही का जीता-जागता सबूत ठहराया। उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे प्रतिभा-समृद्ध राज्य के हजारों होनहार नौजवानों ने सालों की कठोर तपस्या, आर्थिक तंगी और दिमागी जंग झेलकर नीट की परीक्षा दी, मगर सिस्टम की नीच लापरवाही ने उनकी पसीने की कमाई को ठुकरा दिया। दिल्ली के निकम्मे तंत्र ने युवाओं के ख्वाबों को पैरों तले कुचल कर रख दिया। केंद्र सरकार व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर हमला बोलते हुए कहा कि 2024 के बाद सुधारों के झूठे जुमले, सुरक्षा के फर्जी वादों के बाद 2026 में वही पेपर चोरी और परीक्षा पर मारी गई लात से सिद्ध होता है कि सरकार या तो संवेदनहीन है या शिक्षा माफिया की गुलाम। आम आदमी पार्टी ने हिमाचल के दुर्गम पहाड़ी इलाकों के छात्रों की पीड़ा की हकीकत को व्यक्त करते हुए कहा कि वे परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के लिए मोटा पैसा और जद्दोजहद झेलते हैं। बार-बार रद्दीकरण से आर्थिक विनाश के साथ दिमागी तबाही उन्हें कहीं का नहीं छोड़ती तथा किसान-मध्यमवर्ग के बच्चों के सपने अनिश्चितता की भट्टी में झुलस जाते हैं। पेपर लीक की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष सीबीआई जांच, एनटीए के आला अफसरों पर तुरंत कार्रवाई, शिक्षा मंत्री से मंत्रीपद का त्याग करने, परीक्षा सुरक्षा का पूरा तकनीकी ध्वंस और नया निर्माण व छात्रों के मानसिक-आर्थिक घाव भरने को मुआवजा पैकेज प्रदत्त करने की मांग की है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत जिले में 50 दिन में किए 18 हजार से अधिक चेस्ट एक्स-रे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में चल रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के तहत पहले 50 दिनों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले गांवों एवं शहरी वार्डों में व्यापक स्तर पर आउटरीच एवं स्क्रीनिंग गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, जिलेभर में अब तक 126 आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है, जिनके माध्यम से 956 लक्षित संवेदनशील गांवों/वार्डों में से 126 उच्च जोखिम क्षेत्रों को कवर किया गया है। सक्रिय टीबी रोगी खोज एवं शीघ्र पहचान के उद्देश्य से आयोजित शिविरों में अब तक कुल 7,475 चेस्ट एक्स-रे किए गए हैं, जबकि स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित एक्स-रे मशीनों के माध्यम से अतिरिक्त 10,587 चेस्ट एक्स-रे किए गए। अभियान का लक्ष्य कांगड़ा जिले की लगभग 5.88 लाख संवेदनशील आबादी तक पहुंचना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी आधारित जन आंदोलन है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी व जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. आरके सूद ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेषकर संवेदनशील एवं बिना लक्षण वाले संभावित टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान करना है।

# आईपीएल ने बढ़ाई पर्यटन सीजन में ऑक्यूपेंसी

## वीकेंड पर भी उमड़ रही पर्यटकों की भीड़, आईपीएल का पर्यटन सीजन पर नजर आ रहा असर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन सीजन के बीच आईपीएल मैचों से धर्मशाला में पर्यटन कारोबार को बूस्ट मिला है। हर वर्ष मार्च में पर्यटन सीजन शुरू हो जाता है, जो कि जुलाई तक चलता है। इस दौरान मई और जून में पर्यटकों की चहलकदमी अधिक रहती है। इस बार मई में आईपीएल मैच धर्मशाला में होने के चलते पर्यटकों की आमद में अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है। वीकेंड पर भी अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है। आईपीएल मैचों का भी व्यापक असर पर पर्यटन क्षेत्र में नजर आ रहा है।

धर्मशाला में मैच देखने जेएंडके, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ से लोग आते हैं, जिससे वीकेंड और मैच के चलते बढ़ी पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ी है। मैच के बाद भी अधिकतर पर्यटक मैक्लोडगंज का रुख करते हैं। धर्मशाला की पर्यटन इकाइयों में ऑक्यूपेंसी 90 से सौ फीसदी दर्ज की जा रही है। वहीं मैक्लोडगंज में भी पर्यटकों की आमद अच्छी है।



आईपीएल मैचों का व्यापक असर पर्यटन क्षेत्र में नजर आ रहा है। अनंत ज्ञान

### जाम की समस्या का होने वाला है समाधान

**जाम** की समस्या भी मैक्लोडगंज में समाधान जल्द होने वाला है। हीरू की ओर से भागसूनाग और मैक्लोडगंज के लिए बन रहे सड़क मार्ग के निर्माण से जाम की समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। अभी भी जाम से काफी राहत मिली है, क्योंकि भागसू से हीरू को जाने वाला सड़क, जो कि खड़ा डंडा मार्ग से मिलता है, जो कि शुरू हो चुका है, उससे भी जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिली है।

> **पर्यटन** सीजन के बीच आईपीएल मुकाबलों से पर्यटन पर खासा असर नजर आ रहा है। मैक्लोडगंज में वीकेंड पर अच्छी भीड़ उमड़ रही है। धर्मशाला में कई पर्यटन इकाईयों में सौ फीसदी के करीब ऑक्यूपेंसी दर्ज की गई है। हीरू की ओर से बन रहे मार्ग के निर्माण से मैक्लोडगंज क्षेत्र में जाम की समस्या का भी समाधान हो जाएगा।



**-राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला**

# पंजाब किंग्स प्ले-ऑफ की रेस में बने रहने के लिए पूरी तरह तैयार: ट्रेवर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मुकाबले से पहले पंजाब किंग्स टीम के सहायक गेंदबाजी कोच ट्रेवर गोंजाल्विस ने धर्मशाला में मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि टीम के मनोबल में कोई कमी नहीं आई है और वह प्ले-ऑफ की रेस में बने रहने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पंजाब किंग्स के पास अब तीन मैच बचे हैं, जिनमें से कम से कम दो जीतना प्ले-ऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने स्वीकार किया कि गोल्डन रन में चल रही टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है, लेकिन उन्होंने भरोसा जताया कि खिलाड़ी जल्द ही अपना पुराना मोमेंटम वापस पा लेंगे। ड्रेसिंग रूम में आत्मविश्वास वैसा ही है जैसा सीजन की शुरुआत में था। हम कल के मैच से ही जीत की राह पर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। पंजाब किंग्स ने इस सीजन में अब तक 19 कैच छोड़े हैं, जो टूर्नामेंट की सभी टीमों में सबसे ज्यादा है। इस पर टिप्पणी करते हुए कोच ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर कैच छोड़ना भारी पड़ता है। फ्लड लाइट्स और भीड़ के दबाव जैसे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन हम अभ्यास सत्र में इस पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और इसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा। गोंजाल्विस ने अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों का बचाव किया। पिछले मैच में युजवेंद्र चहल को पूरे ओवर न दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पिच और मौसम की स्थिति तेज गेंदबाजों के पक्ष में थी, इसलिए यह एक रणनीतिक फैसला था। अर्शदीप और चहल जैसे बड़े खिलाड़ी जानते हैं कि टूर्नामेंट के आखिरी पड़ाव पर कब और कैसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है।

# कोई भी टीम खराब नहीं होती, कभी भी कर सकती है वापसी: कॉर्बिन बॉश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस के उभरते हुए दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश ने मीडिया से रू-ब-रू होते हुए अपनी टीम की तैयारियों और विपक्षी टीम की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। पंजाब किंग्स की लगातार चार हार के बावजूद कॉर्बिन बॉश उन्हें हल्के में लेने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब ने सीजन की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन किया था। वे कभी भी वापसी कर सकते हैं, इसलिए हम अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान पर उतरेंगे। बॉश ने कहा कि वे रिकी पोंटिंग की कोचिंग वाली विपक्षी टीम की कमियों को भांपने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ऑलराउंडर के तौर पर मेरी कोशिश रहती है कि मैं खेल के तीनों विभागों में अपना 100 प्रतिशत दूं। वानखेड़े या चंडीगढ़ की पिचें अलग तरह की चुनौतियां पेश करती हैं, लेकिन हमने अपनी योजनाएं तैयार कर ली हैं। मुंबई की गेंदबाजी के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि टीम के गेंदबाज एक यूनिट के रूप में शानदार काम कर रहे हैं। उन्होंने टीम के मुख्य गेंदबाजों के साथ अपनी बॉन्डिंग पर कहा कि हम नेट सत्र में काफी समय बिता रहे हैं। ओस एक बड़ा फैक्टर साबित हो सकती है, इसलिए हम गीली गेंद के साथ अभ्यास कर रहे हैं, ताकि अंतिम ओवरों में रन रोकने में सफल रहें। मुंबई इंडियंस के खेमे में उत्साह का माहौल है। बॉश ने भरोसा जताया कि टीम का बैलेंस अब काफी बेहतर है।

## नई जोड़ी



दियाल (फतेहपुर) के मुनीष और रेहन की शिवानी को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# मैच से एक दिन पहले बदला मौसम का मिजाज

- धर्मशाला में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश
- बारिश से बचते नजर आए प्रेक्टिस कर रहे खिलाड़ी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में वीरवार को खेले जाने वाले पंजाब व मुंबई इंडियंस के मध्य आईपीएल मैच से पहले धर्मशाला में मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया। हालांकि, दोपहर से ही पहाड़ियों पर घने काले बादल छाए हुए थे। शाम छह बजे के बाद बारिश शुरू हो गई। इस दौरान धर्मशाला स्टेडियम में प्रेक्टिस कर रहे खिलाड़ी बारिश से बचते नजर आए। वहीं, कुछ खिलाड़ियों ने स्टेडियम में हो रही बारिश को अपने मोबाइल में भी कैद किया।







### पंजाब-दिल्ली मैच से पहले भी हुई थी बारिश

सोमवार को पंजाब किंग्स तथा दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मुकाबले से पहले रविवार रात को भी मौसम के पूर्वानुमानों के अनुरूप में मौसम ने करवट बदली थी, लेकिन क्षेत्र के अराध्य देव इंद्रुनाग भगवान के आर्शिवाद से सोमवार का मैच सफलतापूर्वक खेला गया।

### आज के मैच में मिलेगी गर्मी से राहत

वीरवार के मुकाबले को 24 घंटे शेष होने पर मौसम ने एक बार फिर करवट बदली। इससे मैच आयोजकों, क्रिकेट फैंस तथा पर्यटन से जुड़े लोगों में चिंता है। अगर वीरवार को मौसम साफ रहता है तो एक दिन पहले बारिश के बीच लोगों को गर्मी से कुछ हद तक निजात मिल सकती है। इससे पूर्व खेले गए मुकाबले में भी रात को हुई बारिश के कारण गर्मी का असर कम रहा था तथा साफ मौसम के चलते मैच पूरा हुआ था।

# पुनर्मूल्यांकन एवं पुन: निरीक्षण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

- 12वीं के लिए 19 और दसवीं के लिए 25 मई अंतिम तिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा-2026 की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन एवं पुन: निरीक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित विद्यालय के माध्यम से बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 12वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रति विषय 1000 रुपए तथा पुन: निरीक्षण के लिए प्रति विषय 800 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 मई निर्धारित की गई है तथा इस तिथि के बाद किसी प्रकार का विस्तार प्रदान नहीं किया जाएगा। पुनर्मूल्यांकन केलिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है तथा पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी भाग का ही किया जाएगा, जिसमें एमसीक्यू शामिल नहीं होंगे। सभी आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही मान्य होंगे तथा बिना शुल्क के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि कक्षा 10वीं परीक्षा-2026 के पुनर्मूल्यांकन एवं पुन: निरीक्षण के लिए भी आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जाएगी। कक्षा 10वीं के लिए पुनर्मूल्यांकन के लिए 1000 रुपए प्रति विषय तथा पुन: निरीक्षण के लिए 800 ररुपए प्रति विषय शुल्क निर्धारित किया गया है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित की गई है। पुनर्मूल्यांकन के लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य रहेगा तथा पुनर्मूल्यांकन केवल थ्योरी भाग का ही किया जाएगा।

# नगर निगम क्षेत्र पालमपुर में होगा स्वच्छता सर्वेक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर निगम क्षेत्र पालमपुर का स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाना है। इस संबंध में आयुक्त, नगर निगम पालमपुर नेत्रा मेती ने नगर निगम क्षेत्र की प्रबुद्ध जनता से अपील की है कि निम्न वर्णित लिंक अथवा क्यू आर कोड के माध्यम से अपना बहुमूल्य फीडबैक एवं सुझाव 20 मई से पहले दर्ज करने की कृपा करें। उन्होंने कहा कि आपका एक महत्वपूर्ण फीडबैक पालमपुर क्षेत्र को स्वच्छता एवं उन्नति की ओर अग्रसर करने में सहायक सिद्ध होगा।

उन्होंने पालमपुर के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में अपने सुझाव एवं फीडबैक 20 मई से पहले अवश्य दर्ज करें तथा स्वच्छ एवं सुंदर पालमपुर के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें।

# स्प्रिंग डेल स्कूल जवाली का सीबीएसई 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार



अनंत ज्ञान

- श्रुति ने किया कमाल फिजिकल एजुकेशन में 100 में से 100 अंक

**जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली का सीबीएसई 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।

12वीं कक्षा की छात्रा रिया शर्मा पुत्री पंकज शर्मा ने मेडिकल स्ट्रीम में 87 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम स्थान, इशिता ठाकुर नॉन मेडिकल में 75 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। कॉमर्स में पलक पुत्री राकेश सिंह ने 87 फीसदी अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया व आट्र्स स्ट्रीम में आदित्य ठाकुर ने 75त्न अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। विषय में अधिकतम अंक फिजिकल एजुकेशन में 100, बायोलॉजी में 94, बिजनेस स्टडीज में 94, अंग्रेजी में 93 अंक प्राप्त किये। सभी बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा अध्यापकों को दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा कमिटी मेंबर चंद्रशेखर ने बच्चों को इस सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

# ढाटी स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं कक्षा का परिणाम, जोकि 10 मई को घोषित किया गया था, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाटी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षा में नितिका कुमारी ने 700 में से 599 अंक प्राप्त करके पहला स्थान हासिल किया, अविनाश ने 588 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान और शैलजा ने 585 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने सभी बच्चों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

## टांडा फायरिंग रेज में फायरिंग अभ्यास आज

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त कांगड़ा स्थित धर्मशाला ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा टांडा फायरिंग रेंज में 14 मई को दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कोहाला, कच्छियारी, खोली तथा घुरकड़ी के लोगों से आग्रह किया कि 14 मई को फायरिंग रेंज के आसपास के क्षेत्रों में जाने से बचें, ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके।

# आबादी देह में खुलेआम टूट रहे धारा 118 के नियम

## बिना एनओसी बिजली कनेक्शनों पर आरटीआई खुलासे से प्रशासन घिरा

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** गरली-परागपुर साडा क्षेत्र से सामने आए आरटीआई खुलासे ने हिमाचल की भूमि सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। खुलासे में सामने आया कि आबादी देह क्षेत्र में बिजली मीटर लगाने के लिए किसी भी प्राधिकरण की एनओसी आवश्यक नहीं है। यही नहीं कई मामलों में केवल नकल जमाबंदी के आधार पर कनेक्शन जारी किए जा रहे हैं, जबकि आबादी देह भूमि में किसी व्यक्ति विशेष का मालिकाना हक तक स्पष्ट नहीं होता। आरटीआई के माध्यम से पिछले पांच वर्षों में गैर-कृषकों और बाहरी लोगों को जारी बिजली कनेक्शनों की जानकारी मांगी गई थी। इसके साथ यह भी पूछा था कि क्या ऐसे मामलों में धारा 118 की अनुमति ली गई और क्या राजस्व विभाग की ओर से भूमि सत्यापन करवाया गया। जवाब में प्रदेश विद्युत बोर्ड देहरा मंडल ने स्वीकार किया कि बोर्ड एक्ट में संशोधन के बाद बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए किसी भी प्राधिकरण की एनओसी की आवश्यकता नहीं रही। इस खुलासे से क्षेत्र में बहस तेज हो गई है कि आखिर आबादी देह जैसी संवेदनशील भूमि पर बिना कानूनी जांच सरकारी सुविधाएं कैसे दी जा रही हैं। लोगों का कहना है कि जब जमीन का मालिक स्पष्ट नहीं होता, तब केवल कब्जे के आधार पर बिजली कनेक्शन जारी करना कानूनों को मजाक बनाने जैसा है।

> **विद्युत** बोर्ड मीटर का कनेक्शन लेने वाले से नकल जमाबंदी लेता है, पर आबादी देह में मालिक न होने का हमें नहीं पता होता, इसलिए बोर्ड उस व्यक्ति से बांड भरवाता है कि भविष्य में कोई विवाद होने पर कनेक्शन डिस्कनेक्ट किया जा सकता है। बाकी बोर्ड बिना किसी प्राधिकरण की एनओसी के मीटर जारी करता है।
>
> **-बालेश कुमार शर्मा, साडा सदस्य एवं अधिशाषी अभियंता, विद्युत बोर्ड लिमिटेड, मंडल देहरा।**

कानून जानकारों के अनुसार बिजली कनेक्शन किसी भी निर्माण को अप्रत्यक्ष वैधता प्रदान करता है। ऐसे में यदि बिना टीसीपी अनुमति और धारा 118 की पड़ताल के मीटर लगाए जा रहे हैं, तो यह केवल प्रशासनिक चूक नहीं बल्कि भविष्य के बड़े भूमि विवादों की नींव भी बन सकता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस व्यवस्था पर रोक नहीं लगी तो आबादी देह क्षेत्र अवैध निर्माणों और कब्जों का सुरक्षित ठिकाना बन सकते हैं। सबसे गंभीर बात यह मानी जा रही है कि बोर्ड स्वयं स्वीकार कर रहा है कि उसे यह तक पता नहीं होता कि जिस भूमि पर मीटर लगाया जा रहा है उसका वास्तविक मालिक कौन है। इसके बावजूद केवल एक बांड भरवाकर बिजली कनेक्शन जारी कर देना अब सवालों के घेरे में आ गया है। क्षेत्र के लोगों ने सरकार से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर स्पष्ट नीति बनाई जाए, ताकि हिमाचल की जमीन और कानून दोनों को कमजोर होने से बचाया जा सके।

# श्रीश्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस व आर्ट ऑफ लिविंग की 45वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम आयोजित



गुरु पूजा से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कैलाश आश्रम गोपालपुर गुजरेड़ा में गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी के 70वें जन्मदिवस एवं आर्ट ऑफ लिविंग की 45वीं वर्षगांठ पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजा से हुआ। इसके पश्चात महा सत्संग और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंडाल में भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सत्संग का आनंद लिया तथा पूरा पंडाल भजनों की गूंज से गूंजायमान हो उठा। गुरुदेव के 70वें जन्मदिवस तथा आर्ट ऑफ लिविंग की 45वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में अनसंग हीरो सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें जिला कांगड़ा व हमीरपुर के अनसंग हीरो को उनके समाज हित तथा मानव कल्याण के लिए किए गए अधक प्रयासों व महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिला हमीरपुर से डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा, जिला कांगड़ा से जेसी कटोच, अमित कुमार तथा परमिंदर भाटिया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में आर्ट ऑफ लिविंग टीचर्स की ओर से अपने अनुभव साझा किए गए तथा सभी श्रद्धालुओं की ओर से प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही समारोह का समापन हुआ।

# नगर निगम चुनावी रण में उतरेंगे सांसद अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** नगर निगम चुनावों के बीच भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को और तेज करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर को मैदान में उतार दिया है। अनुराग 14 मई को कांगड़ा और धर्मशाला में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार, अनुराग 14 मई को दोपहर 12:30 बजे बैजनाथ (कांगड़ा) के पंडोल रोड में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे धर्मशाला के कोतवाली बाजार स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। अनुराग ठाकुर की जनसभा को लेकर धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा का मानना है कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा के स्थानीय विजन डॉक्यूमेंट को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि नगर निगम चुनावों में भाजपा विकास, पारदर्शिता और बेहतर शहरी सुविधाओं के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जा रही है। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि धर्मशाला नगर निगम सहित अन्य शहरी निकायों में जनता कांग्रेस सरकार की कार्यशैली से निराश है और भाजपा के पक्ष में सकारात्मक माहौल बन रहा है।

# वेतन न मिलने पर एचआरटीसी कर्मियों का आंदोलन

## दोपहर को सैलेरी मैसेज आने पर किया खत्म, लोगों को करना पड़ा दिक्कतों का सामना

- चेताया-आगे भी समय पर वेतन नहीं मिला तो करेंगे आंदोलन

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** हिमाचल परिवहन निगम के चालकों व परिचालकों कार्यशाला स्टाफ ने वेतन न मिलने पर समस्त कर्मियों ने बैजनाथ में क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में सामूहिक रूप से आंदोलन शुरू कर दिया। सुबह 10 बजे से सभी वाहनों के पहिये जाम हो गए।

इसके चलते सभी रूटों को जाने वाली बसें एक-एक करके निगम की कार्यशाला में खड़ी कर दी गईं। साथ ही जो बसें रूटों से लौट रही हैं उन चालकों ने भी निगम की कार्यशाला में बसें खड़ी कर दी। इस मौके पर सभी कर्मचारियों ने निगम प्रबंधन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि 13 तारीख हो चुकी है, मगर अभी तक हमें वेतन नहीं मिल पाया।



बैजनाथ में वेतन न मिलने पर नारेबाजी करते एचआरटीसी कर्मी। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि जब तक हमारे खाते में वेतन नहीं डाला जाता तब तक बसों के पहिये जाम रहेंगे। लेकिन दोपहर 12 बजे के बाद उन्हें मैसेज आने लगे कि आपकी सैलरी खातों में आ रही है। तब जाकर सभी चालक अपने अपने निर्धारित रूटों के लिए रवाना हुए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में वेतन का भुगतान समय पर नहीं किया गया तो कर्मी फिर से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की लंबित मांगों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है, जिससे उनमें रोष बढ़ रहा है। सुबह किए गए चक्का जाम के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई बस रूट प्रभावित होकर फेल हो गए।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन यदि समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# नगर निगम आयुक्त के निर्देश, सूखा और गीला कचरा अलग-अलग ही दें

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर में होटल/रेस्टोरेंट/होमस्टे/व्यापार मंडल व सब्जी मंडी आदि के प्रतिनिधियों के साथ आयुक्त नगर निगम की अध्यक्षता में कचरा पृथक्करण कचरे से संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कचरा पृथक्करण को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए। आयुक्त, नगर निगम ने सभी नागरिकों एवं संस्थानों से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों एवं संस्थानों का कचरा पृथक रूप में ही दें। यदि किसी द्वारा मिश्रित कचरा दिया जाता है, तो नगर निगम द्वारा नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रमुख बाजार क्षेत्रों में रात्रि के समय दुकानें बंद होने से पूर्व गीले कचरे के निपटान हेतु विशेष कचरा संग्रहण वाहन लगाने पर भी विचार किया गया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरिंद्र कुमार सूद द्वारा सुझाव दिया गया कि बाजार के कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, जहां लोगों की ओर से कचरा फैलाया जा रहा है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कांच, थर्मोकोल एवं अन्य भारी मात्रा वाले कचरे (जैसे गद्दे आदि) के पृथक संग्रहण के लिए नगर निगम द्वारा साप्ताहिक या 15 दिनों में विशेष वाहन भेजकर उक्त कचरे का संग्रहण किया जाएगा। आयुक्त नगर निगम पालमपुर ने सभी से अपील की है कि कचरा पृथक्करण में सहयोग करें तथा पालमपुर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में नगर निगम का सहयोग करें।

# शिक्षकों को तमिलनाडु और केरल की तर्ज पर दें चिकित्सा अवकाश

- राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से की मांग
- नियमित शिक्षकों के लिए भी करें मेडिकल छुट्टी का प्रावधान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि प्रदेश के नियमित शिक्षकों को भी तमिलनाडु, केरल, पंजाब, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं गुजरात जैसे राज्यों की तर्ज पर चिकित्सा अवकाश, अर्ध वेतन अवकाश तथा परिवर्तित अवकाश की सुविधा प्रदान की जाए।

संघ के महासचिव विजय हीर ने कहा कि केरल और पंजाब में शिक्षकों को अर्ध वेतन अवकाश तथा परिवर्तित अवकाश की सुविधा उपलब्ध है, तमिलनाडु में शिक्षकों के लिए चिकित्सा अवकाश को मान्यता प्राप्त है, जबकि आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में शिक्षकों को प्रतिवर्ष 20 दिन अर्ध वेतन अवकाश का प्रावधान है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा गुजरात में भी शिक्षकों के लिए चिकित्सा अवकाश संबंधी स्पष्ट प्रावधान लागू हैं। हीर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जॉब ट्रेनी एवं अनुबंध कर्मियों को भी 10 दिन चिकित्सा अवकाश व 5 दिन विशेष आकस्मिक अवकाश की सुविधा उपलब्ध है, मगर नियमित शिक्षकों को बीमारी, ऑपरेशन, दुर्घटना अथवा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति में केवल अपनी अर्जित छुट्टियां ही खर्च करनी पड़ती हैं। इससे वर्षों की संचित छुट्टियां समाप्त हो जाती हैं और सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले लीव इनकैशमेंट में भी आर्थिक घाटा उठाना पड़ता है। नियमित शिक्षकों को पहले से ही सीमित अर्जित अवकाश मिलती है तथा सेवा नियमों के अनुसार अधिकतम 300 अर्जित छुट्टियां ही संचित की जा सकती हैं। चिकित्सा अवकाश उपलब्ध न होने के कारण लंबे उपचार या गंभीर बीमारी की स्थिति में शिक्षकों को मजबूरी में अपनी पूरी अर्जित छुट्टियां खर्च करनी पड़ती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन अथवा शीतकालीन अवकाश को चिकित्सा अवकाश का विकल्प नहीं माना जा सकता, क्योंकि बीमारी और अस्पताल में भर्ती जैसी परिस्थितियां किसी भी समय उत्पन्न हो सकती हैं। संघ ने सरकार से मांग की है कि नियमित शिक्षकों के लिए भी अलग से चिकित्सा अवकाश, अर्ध वेतन अवकाश एवं परिवर्तित अवकाश का प्रावधान किया जाए।

संघ ने इसे मानवीय, न्यायसंगत एवं कर्मचारी हित से जुड़ा विषय बताते हुए शीघ्र नीति संशोधन की मांग की है। 300 से अधिक अर्जित अवकाश को लीव बैंक में जोड़ा जाए, ताकि बीमारी की स्थिति में शिक्षक इनका इस्तेमाल उपचार करवाने के लिए कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### भदरूं, मनसाई में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा में 15 मई को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की टहनियों की काट-छांट के कार्य के चलते ग्राम पंचायत भदरूं, मनसाई, फाहल-प्लासी, कश्मीर, बैहरड़ और जसाई के सभी गांवों एवं पेयजल योजनाओं की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अधिशाषी अभियंता किशोरी लाल ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि अगर 15 मई को मौसम खराब हुआ तो यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### हमीरपुर शहर के कई क्षेत्रों में 17 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के तहत हाउसिंग बोर्ड फीडर में जीओ स्विच लगाने, एचटी लाइन की मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते 17 मई को वार्ड नंबर 5, 7, 8 और 9, ठाकुर नर्सिंग होम, एचआरटीसी वर्कशॉप, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बसंत रिजॉर्ट, बाईपास, हमीरपुर पब्लिक स्कूल, मोरिंगा मॉल, अप्पर गौड़ा, लोअर गौड़ा, मिडल गौड़ा, भोटा चौक, रिलायंस टॉवर, उसयाणा, लोहारडा आदि क्षेत्रों में सुबह 10 से 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### भगेटू गांव में बिजली लाइन को किया बहाल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर/भोटा।** भगेटू इलाके में दो दिन पहले आए आए तूफान से बिजली का पोल गिरने के कारण दो गांवों की आपूर्ति ठप हो गई थी। स्थिति गंभीर होने पर एसडीओ भोटा राजेश धीमान ने मौके का निरीक्षण किया और जल्द बहाली का आश्वासन दिया। लेबर की कमी के चलते ग्रामीणों ने आगे आकर विभाग के साथ मिलकर पोल को दोबारा खड़ा करने में सहयोग किया। एसडीओ, जेई अंकुश और जेई दिनेश ने भी मौके पर सक्रिय भूमिका निभाई। रात 9 बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली और सभी का आभार जताया।

# टू-लेन हाईवे का इंतजार हुआ लंबा

## कोहली-चीलवाहल-रानीताल टू-लेन बरसात से पहले नहीं होगा चालू

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** मटौर-शिमला फोरलेन का हिस्सा कोहली-चीलवाहल-रानीताल टू-लेन हाईवे का निर्माण इसी बरसात से पहले मुकम्मल होने वाला नहीं है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

एनएचएआई की निर्माण कंपनियों को दी गई डेडलाइन बेमानी साबित हो रही है। हथली खड्ड पुल और फ्लाईओवर का निर्माण लेटलतीफी का शिकार है। इसी वजह से अभी सुहाने सफर का इंतजार वाहन चालकों को कम से कम 5 महीने और करना पड़ेगा। सूत्रों के मुताबिक इसी साल के अंत में नवंबर महीने तक यह टू-लेन रोड बनकर मुकम्मल हो सकेगा, क्योंकि पुल और फ्लाईओवर के काम में समय लगेगा। उसमें कई पेचीदगियां घर कर गई हैं, जिस कारण डेडलाइन निर्माण कोई मायने नहीं रख रही। हालांकि निर्माण कंपनी का कहना है कि अक्तूबर माह तक पुल बनकर कर तैयार हो सकेगा, लेकिन इस अवधि की भी उम्मीद नहीं है। बरसात का मौसम शुरू होने में बहुत दिन नहीं है और फिर एक बार बरसात शुरू हो गई, तो फिर से काम शुरू करने के लिए वक्त लगता है। इसी वजह से मानकर चला जाए कि दो से ढाई माह बरसात के निकाल दिए जाएं, तो साल के अंत तक नवंबर के आसपास ही निर्माण मुकम्मल होने की संभावना है।


कुनाह खड्ड पर बना पुल — अनंत ज्ञान

### करीब 400 करोड़ का 17 किमी प्रोजेक्ट

**कोहली**-चीलवाहल इस टू-लेन नेशनल हाईवे पर 17 किलोमीटर का नया निर्माण हो रहा है। इस पर करीब 400 करोड़ रुपए खर्च जा रहे हैं। अब क्योंकि बिटूमेन की भी समस्या चल रही है, वह महंगा हो चुका है। मिल भी नहीं रहा आसानी से। यही वजह है कि काम की पेंडेंसी या फिर इसकी तय सीमा आगे खिसक रही है।

### मसियाणे दे घाट की तलहटी पर होना है फ्लाईओवर का निर्माण

**नेरी** के पास कुनाह खड्ड का पुल तो काफी समय पहले से बंद कर तैयार हो चुका है। उसके आगे कोहली की तरफ मसियाणे दे घाट की तलहटी पर फ्लाईओवर का निर्माण होना है। काम तो जारी है मगर उसमें अभी काफी वक्त लगेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस सड़क के मुकम्मल होने से भोटा-नादौन के बीच की दूरी कम से कम 8 से 10 किमी घट जाएगी और सफर भी सुहाना होगा। जाम से भी निजात मिलेगी। वहीं, एनएचएआई के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट ऑफिसर राकेश यादव पहले ही बता चुके हैं कि इसे मुकम्मल करने के लिए बरसात से पहले का प्रयास चल रहा है।

# डीएवी स्कूल भड़ोली का सीबीएसई 12वीं कक्षा का परिणाम शानदार

◆ अनमोल सूद ने 97.6% अंक झटके

अनंत ज्ञान



**नादौन।** डीएवी भड़ोली के बच्चों ने एक बार फिर बेहतरीन शैक्षणिक प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। अनमोल सूद ने उत्कृष्ट 97.60% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, शांभवी ने 95.4% प्राप्त कर दूसरा , उज्ज्वला ने 91.4% प्राप्त कर तीसरा स्थान झटका।

आदि चौधरी ने फिजिकल एजुकेशन में पूरे 100/100 अंक , अनमोल सूद ने गणित में 99 अंक, रजतराज ने आईपी विषय में 99 अंक और शांभवी ने बायोलॉजी विषय में 99 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इन शानदार परिणामों ने न केवल विद्यार्थियों और अभिभावकों को गर्व का अवसर दिया, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार को भी हर्ष और गौरव से भर दिया। विद्यालय प्रबंधन प्रबोध महाजन, डॉ. ओपी सोंधी, डॉ. वीके यादव, नमित शर्मा, अतुल महाजन और स्कूल के प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# हिम अकादमी स्कूल का सीबीएसई 12वीं कक्षा का परिणाम सराहनीय



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुल 199 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 100 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे। 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 3 विद्यार्थी, 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 14 विद्यार्थी, 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 78 विद्यार्थी तथा 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 155 विद्यार्थी रहे। वहीं 194 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर शानदार प्रदर्शन किया। छात्रा सानवी कटोच ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, विहान बंसल तथा नीलाक्षी ने 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय व शाश्वत शर्मा ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। अनिरुद्ध (92.4:), उदय बाजाज (91.8:), आनंदिता चैधरी (91.6:), स्टैनजिन त्सेरिंग (91.2:), तेनजिन निडोन (91.2:), तेनजिन नॉर्डन (91:), सूर्यांश झामटा (90.8:), पुष्कर शर्मा (90:), वामन शर्मा (90:) एवं अर्श ठाकुर (90:) ने नाम रोशन किया है। विद्यालय निदेशक पंकज लखनपाल एवं विद्यालय प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल ने बधाई दी। विद्यालय अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, विद्यालय उप प्रधानाचार्य अश्विनी कुमार, विद्यालय हेडमास्टर कंचन लखनपाल एवं विद्यालय को-ऑर्डिनेटर मनीषा मारवाह ने भी बधाई दी।

### लहडा वार्ड से काजल व महल वार्ड से अंजू जिला परिषद सदस्य का नामांकन रद्द

**अनंत ज्ञान, नादौन।** जिला परिषद महिला सदस्य पद के लिए लहडा वार्ड से भाजपा प्रत्याशी काजल का नामांकन रद्द होने से नादौन भाजपा मंडल को बड़ा झटका लगा है। रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम नादौन ने दस्तावेजों की जांच के बाद नामांकन में खामियां पाए जाने पर यह निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार, सरकारी भूमि पर कब्जे से जुड़े मामले में प्रत्याशी की सास के विरुद्ध दस्तावेज पाए गए, जिसके आधार पर प्रशासन ने इसे अयोग्यता की श्रेणी में माना। एसडीएम नादौन निशांत शर्मा ने बताया कि उपलब्ध रिकॉर्ड के आधार पर नामांकन रद्द किया गया है। वहीं भाजपा प्रत्याशी काजल ने कहा कि उन्होंने इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है और निर्णय का इंतजार है। वहीं, जिला परिषद महल वार्ड से अंजु कुमारी उर्फ अंजना कुमारी का नामांकन भी रद्द कर दिया गया है। इनके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज थे, जिनका ब्यौरा शपथ पत्र में नहीं दिया था, जिसकी वजह से इनका नामांकन रद्द कर दिया गया है। भोरंज के एसडीएम शशि पाल ने बताया कि अंजु कुमारी ने दो नामांकन पत्र भरे थे जिस पर आपत्ति जताई थी। अंजु कुमारी से जवाब मांगा था, जिसपर क्रिमिनल केस थे।

### जिले में 32 नामांकन पत्र हुए रद्द: गंधर्वा राठौड़

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला परिषद हमीरपुर के 19 वार्डों, जिले की सभी 6 पंचायत समितियों के कुल 119 वार्डों और कुन 242 ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान तथा वार्ड सदस्यों सहित कुल 1860 पदों के लिए तीन चरणों में होने वाले चुनावों के लिए दाखिल किए गए 5375 नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि मंगलवार सुबह आरंभ की गई जांच प्रक्रिया के दौरान 32 नामांकन पत्र रद्द किए गए हैं, जबकि 5343 नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। रद्द किए गए नामांकन पत्रों में जिला परिषद सदस्य के 4, बीडीसी सदस्य के 4, पंचायत प्रधान के 8, उपप्रधान के 4 और पंचायत सदस्य के 12 नामांकन पत्र शामिल हैं। जिला परिषद वार्ड-7 चमनेड, वार्ड-10 जाहू, वार्ड-11 महल और वार्ड-17 मालग का एक-एक नामांकन पत्र रद्द हुआ है। डीसी ने बताया कि 14 और 15 मई को सुबह 10 से दोपहर बाद 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। 15 मई की शाम को ही उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। डीसी ने बताया कि 26 मई को 83 पंचायतों में, 28 मई को 82 पंचायतों में और 30 मई को 77 पंचायतों में सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान होगा। पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के चुनाव परिणाम उसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जबकि, पंचायत समिति और जिला परिषद के मतों की गिनती 31 मई को सुबह 9 बजे सभी ब्लॉक मुख्यालयों में आरंभ होगी। उन्होंने बताया कि जिले में मतदाताओं की संख्या 3,63,699 है। इनमें 1,83,851 महिलाएं और 1,79,846 पुरुष हैं। थर्ड जेंडर के 2 लोगों के नाम भी मतदाता सूचियों में दर्ज हैं।

# जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

अनंत ज्ञान

◆ रिधिमा शर्मा ने 97.4 प्रतिशत प्राप्त कर हासिल किया प्रथम स्थान

**हमीरपुर।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने कला एवं विज्ञान संकाय में शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मानविकी संकाय में रिधिमा शर्मा ने 487 अंक (97.4 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

चांशल शर्मा 485 अंक (97 प्रतिशत) के साथ द्वितीय तथा कृष्ण ठाकुर 484 अंक (96.5 प्रतिशत) प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय में कात्यानी शर्मा ने 454 अंक (90.8 प्रतिशत) लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अक्षिता ने 448 अंक (89.6 प्रतिशत) के साथ द्वितीय तथा तनिक्षा शर्मा ने 447 अंक (89.4 प्रतिशत) प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय का विषयवार प्रदर्शन भी अत्यंत सराहनीय रहा। हिंदी विषय में सर्वाधिक 93.1 प्रतिशत विषय औसत दर्ज की गई, जबकि इतिहास विषय का औसत 92 प्रतिशत रहा। अर्थशास्त्र में विषय औसत 83.3: रहा। वही हिंदी विषय में 35 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने 99 अंक प्राप्त किये हैं। इसके अतिरिक्त कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। संकल्प कमल, रिधिमा शर्मा ने इतिहास विषय में 100 अंक प्राप्त किए। वहीं रोबिन ठाकुर और कृषन ठाकुर ने टाइपोग्राफी विषय में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए। मोहित शर्मा ने कंप्यूटर साइंस में भी 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। विद्यालय प्रशासन ने इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। विद्यालय परिसर में परिणाम घोषित होने के बाद खुशी का माहौल रहा तथा विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

# हिमाचल क्लस्टर बना ओवरऑल चैंपियन

## जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी जिला हमीरपुर में आयोजित संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न हो गई। समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक हमीरपुर बलवीर सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि उनकी धर्मपत्नी विजय ठाकुर तथा एडीपीईओ राजेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपप्राचार्य समरजीत भाटिया एवं विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक वीरेंद्र सिंह सैनी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया।

समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विशेष रूप से प्रस्तुत हरियाणवी नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया तथा उपस्थित जनसमूह ने कलाकारों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि द्वारा अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग की विजेता एवं उपविजेता छात्र एवं छात्रा टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। पुरुष वर्ग में अंडर-14 में जेएंडके-1 विजेता और हिमाचल प्रदेश उपविजेता रहा। अंडर-17 में पंजाब-2 ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि हिमाचल प्रदेश उपविजेता रहा। अंडर-19 में पंजाब-2 विजेता तथा जेएंडके-1 उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 तीनों वर्गों में हिमाचल प्रदेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। पंजाब-2 एवं जे एंड के-1 की टीमों ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को 'बेस्ट प्लेयर' पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में मुसैद अहमद, नवजोत एवं अरनदीप, जबकि बालिका वर्ग में नव्या, दिव्यांशी एवं अंशिका को यह सम्मान प्रदान किया गया। समग्र प्रदर्शन के आधार पर हिमाचल प्रदेश क्लस्टर को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। मुख्य अतिथि बलवीर सिंह ठाकुर ने खिलाड़ियों को अनुशासन, खेल भावना एवं निरंतर परिश्रम का संदेश देते हुए कहा कि खेल जीवन में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन की सराहना भी की।


उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते एसपी बलवीर सिंह। — अनंत ज्ञान

### सनातन धर्म पर हमला भारत की सभ्यतागत पहचान पर हमला : अनुराग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता उधयनिधि स्टालिन की ओर से सनातन धर्म को समाप्त करने संबंधी दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हुए इसे अत्यंत आपत्तिजनक, भड़काऊ और घृणा फैलाने वाला बताया है। अनुराग ने कहा कि इस प्रकार के बयान केवल राजनीतिक बयानबाजी नहीं हैं, बल्कि डीएमके नेतृत्व की गहरी जड़ें जमा चुकी हिंदू और सनातन विरोधी मानसिकता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भारत की शाश्वत सभ्यतागत नींव है, जो एकता, विविधता, आध्यात्मिकता और समावेशिता जैसे मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है। हजारों वर्षों से यही मूल्य भारतीय सभ्यता को सशक्त बनाए हुए हैं। सनातन धर्म को समाप्त करने का आह्वान करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर सीधा प्रहार ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक और सभ्यतागत पहचान पर हमला है। तमिलनाडु की जनता पहले ही उधयनिधि स्टालिन और डीएमके की विभाजनकारी राजनीति को स्पष्ट रूप से नकार चुकी है। सनातन धर्म का लगातार अपमान, भ्रष्टाचार के आरोप और परिवारवाद आधारित राजनीति के कारण जनता ने उन्हें विभिन्न मंचों पर अस्वीकार किया है। जो लोग सनातन धर्म के प्रति दुर्भावना रखते हैं और उसे समाप्त करने का सपना देखते हैं, उन्हें देश की जनता लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म वह सभ्यतागत सूत्र है, जो कन्याकुमारी से कश्मीर और तमिलनाडु से काशी, कामरूप और सोमनाथ तक पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधता है। यह किसी संकीर्ण विचारधारा का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की साझा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है।

# रेखा देवी के समर्थन से बिझड़ी में भाजपा को मिली नई मजबूती


निर्विरोध बीडीसी सदस्य ने दिया समर्थन, विधायक लखनपाल ने किया स्वागत।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बड़सर।** बिझड़ी क्षेत्र की राजनीति में भाजपा को उस समय बड़ी मजबूती मिली जब निर्विरोध बीडीसी सदस्य चुनी गईं रेखा देवी ने विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के निवास पर पहुंचकर भाजपा को अपना समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने विधायक से आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्य भाजपा की विचारधारा के साथ आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

रेखा देवी के भाजपा समर्थन से क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसे बिझड़ी क्षेत्र में भाजपा के बढ़ते जनाधार और विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के मजबूत नेतृत्व के रूप में देखा जा रहा है। विधायक लखनपाल ने रेखा देवी का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा सदैव विकास, जनकल्याण और राष्ट्रहित की राजनीति को प्राथमिकता देती आई है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा रेखा देवी को निर्विरोध चुनना सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक विश्वास का प्रतीक है। रेखा देवी ने कहा कि भाजपा की विकासात्मक सोच और विधायक लखनपाल के नेतृत्व से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी को समर्थन दिया है। उन्होंने क्षेत्रीय विकास और जनसेवा के कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करने का भरोसा दिलाया।

# प्रदेश स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी फॉर स्कूल चिल्ड्रन में चमकी छवि


ताल स्कूल की छात्रा ने झटका पहला स्थान, अब दिल्ली में दिखाएगी दमखम।

अनंत, ज्ञान

**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ताल की मेधावी छात्रा छवि शर्मा ने एससीईआरटी सोलन की ओर से आयोजित प्रदेशस्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी फॉर स्कूल चिल्ड्रन में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

प्रदर्शनी की थीम 'हेल्थ व हाइजीन मॉडल' थी, जिसमें प्रदेशभर से 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। छवि की इस उपलब्धि पर विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रधानाचार्य अतुल शर्मा ने कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। छवि शर्मा ने अपनी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि अब छवि आगामी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में विज्ञान भवन, दिल्ली में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। एसएमसी प्रधान संजीवन पटियाल ने भी छवि को बधाई देते हुए कहा कि उसने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छवि शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य अतुल शर्मा, मेंटर अध्यापिका शिवानी पटियाल, एस्कॉर्ट अध्यापिका रेणु शर्मा तथा अपने माता-पिता अनिल शर्मा और अंजना शर्मा को दिया। उन्होंने कहा कि सभी के मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो पाई।

# पूर्व सीएम धूमल से मिले जिप भाजपा समर्थित प्रत्याशी

## समीरपुर में नादौन हलके के चारों प्रत्याशियों ने लिया आशीर्वाद


पूर्व सीएम धूमल से मिलते नादौन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा समर्थित प्रत्याशी। — अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** नादौन विधानसभा क्षेत्र से जिला परिषद चुनाव लड़ रहे भाजपा समर्थित चारों प्रत्याशियों ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल के समीरपुर स्थित निवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

सभी प्रत्याशियों ने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान को और अधिक गति देने तथा नादौन विधानसभा क्षेत्र की चारों जिला परिषद सीटें भारतीय जनता पार्टी की झोली में डालने का संकल्प लिया। धूमल ने सभी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी विकास, सुशासन और जनविश्वास की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी जनता के बीच पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जाएं तथा केंद्र सरकार और भाजपा की जनहितैषी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को भारी समर्थन देकर विजय दिलाएगी। गौरतलब है कि नादौन विधानसभा क्षेत्र के मलाग-धनेटा जिला परिषद वार्ड से भाजपा प्रत्याशी काजल का किसी कारणवश नामांकन रद्द हो गया था। हालांकि, पार्टी द्वारा कवरिंग उम्मीदवार के रूप में वंदना कुमारी का नामांकन भी दाखिल करवाया गया था, जिन्हें अब उक्त जिला परिषद वार्ड से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### भाजपा प्रत्याशियों को रोकने की साजिश कर रही सरकार : राकेश


**भाजपा** के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अफसरशाही का दुरुपयोग कर भाजपा के मजबूत उम्मीदवारों के नामांकन रद्द करवाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार पहले पंचायत राज चुनाव करवाने से बचना चाहती थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद चुनाव करवाना उसकी मजबूरी बन गया। अब साजिशी हथकंडों के जरिए भाजपा प्रत्याशियों का मनोबल तोड़ने की कोशिश की जा रही है। राकेश ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर की जागरूक जनता कांग्रेस की इन चालों को समझ चुकी है और चुनाव में इसका करारा जवाब देगी।

## जाहू में तीन घरों में चोरी का प्रयास, जांच तेज

# डूहका में दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला के कान की सोने की बाली खोलकर भागे दो चोर

अनंत ज्ञान

**जाहू।** भोरंज थाना क्षेत्र के जाहू और लुद्दर महादेव पंचायत में चोरी की अलग-अलग घटनाओं ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। भोरंज पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर रात करीब 12 बजे जाहू पंचायत के हौड़ गांव में चार चोरों ने प्रेम चंद के घर के दो कमरों के ताले तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन परिवार के जाग जाने पर वे भाग गए। इसके बाद करीब 2 बजे हंस राज के घर की लोहे की ग्रिल तोड़ने की कोशिश की गई, जहां भी आवाज होने पर चोर फरार हो गए। कुछ ही दूरी पर पप्पी के घर की खिड़की तोड़ने का भी असफल प्रयास किया गया। ये सभी घटनाएं गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई हैं, जिनमें चार युवक नजर आ रहे हैं, जिनमें से तीन ने चेहरे ढके हुए हैं। वहीं, डूहका गांव में बुधवार सुबह 8:52 बजे मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने घर में सो रही करीब 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला जानकी देवी को पहले नमस्कार किया और फिर उनके कान से सोने की बाली उतारकर फरार हो गए। यह घटना भी सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।



# 58 की रिटायरमेंट के खिलाफ फूटा मजदूरों का गुस्सा, एनएचपीसी कार्यालय का घेराव

## दुनी चंद की बहाली को लेकर 23वें दिन भी जारी रहा धरना-प्रदर्शन, आंदोलन तेज

अनंत ज्ञान

**सुरंगानी।** बैरा स्यूल परियोजना, सुरंगानी में बैरा स्यूल प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (सीटू) के बैनर तले कर्मचारी नेता श्री दुनी चंद की नौकरी बहाली को लेकर चल रहा धरना-प्रदर्शन बुधवार को 23वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत मजदूरों का आक्रोश उस समय और बढ़ गया जब यूनियन ने एनएचपीसी कार्यालय का करीब दो घंटे तक घेराव कर जोरदार नारेबाजी की।

यूनियन नेताओं ने प्रबंधन पर मजदूर विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कर्मचारियों को निर्धारित 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु के बजाय 58 वर्ष में रिटायर करना मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है, जिसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सीटू जिला महासचिव सुदेश ठाकुर, महासचिव कुशल ठाकुर, उपाध्यक्ष लोक राम सहित धर्म चंद, चैन लाल, सुरेंद्र कुमार, बलविंदर सिंह, चमन सिंह, तिलक राज, मुकेश कुमार और रोहित कुमार ने कहा कि प्रबंधन के अड़ियल रवैये के कारण यूनियन को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।


दुनी चंद की बहाली को लेकर धरना-प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी। अनंत ज्ञान

नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि मजदूर शांतिपूर्ण तरीके से अपने हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। यूनियन ने साफ शब्दों में कहा कि दुनी चंद की बहाली तक धरना जारी रहेगा। साथ ही प्रबंधन को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि कल तक कोई निर्णय नहीं लिया गया तो 15 मई से मजदूर हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

## खूनी संघर्ष से हड़कंप दोनों पक्षों ने दर्ज करवाए क्रॉस केस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस थाना सिहुंता में प्रीतम नगर के दो पक्षों के बीच मारपीट और धमकियों को लेकर क्रॉस एफआईआर दर्ज हुई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहला मामला पुलिस थाना सिहुंता में दर्ज किया गया, जिसमें प्रीतम नगर निवासी राहुल ने राजा और उसके पांच अन्य साथियों पर रास्ता रोककर गाली-गलौज, मारपीट और परिवार सहित जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं, दूसरे मामले में राजा ने भी राहुल और उसके छह अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने उनका रास्ता रोककर मारपीट की तथा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। जिला पुलिस ने बताया कि सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा हर पहलू को ध्यान में रखते हुए गहन जांच जारी है।

# पीएम मोदी के सोना न खरीदने वाले बयान पर चंबा में बवाल

## ज्वेलर्स बोले— व्यापार और अर्थव्यवस्था दोनों पर पड़ेगा असर

अनंत ज्ञान

**चंबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित सोना न खरीदने संबंधी बयान को लेकर जिला मुख्यालय चंबा में सियासी और कारोबारी हलचल तेज हो गई है। बुधवार को चंबा के सर्राफा व्यापारियों ने इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे व्यापारी हितों के खिलाफ बताया। व्यापारियों का कहना है कि यदि लोग सोने की खरीदारी से दूरी बनाने लगेंगे तो इसका सीधा असर न केवल सर्राफा कारोबार पर पड़ेगा, बल्कि देश की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित होंगी।



स्थानीय ज्वेलर्स व्यापारियों ने कहा कि भारत में सोना केवल आभूषण नहीं, बल्कि लोगों की परंपरा, सामाजिक प्रतिष्ठा, बचत और सुरक्षित निवेश का सबसे बड़ा माध्यम माना जाता है। शादी-विवाह, धार्मिक आयोजनों और पारिवारिक परंपराओं में सोने की खरीदारी का विशेष महत्व रहता है। ऐसे में इस तरह के बयान बाजार में भ्रम और असमंजस की स्थिति पैदा कर रहे हैं, जिससे कारोबार प्रभावित होने लगा है। व्यापारियों ने चिंता जताते हुए कहा कि पहले ही बाजार मंदी की मार झेल रहा है। महंगाई और कमजोर खरीद क्षमता के कारण छोटे व्यापारी आर्थिक दबाव में हैं, वहीं अब इस तरह की टिप्पणियों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। उनका कहना है कि यदि लोगों के मन में सोना खरीदने को लेकर नकारात्मक संदेश जाएगा तो छोटे और मध्यम स्तर के व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है। ज्वेलर्स एसोसिएशन से जुड़े व्यापारियों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस मुद्दे पर स्पष्ट स्थिति सामने लाई जाए, ताकि बाजार में फैली अनिश्चितता और भ्रम की स्थिति समाप्त हो सके।

उधर, इस बयान को लेकर राजनीतिक गलियारों में भी चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने-अपने तरीके से प्रतिक्रिया दे रहे हैं, जिससे मामला लगातार तूल पकड़ता नजर आ रहा है।

# पीएम मोदी की अपील को शिशु गुप्ता ने बताया राष्ट्रहित का कदम

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा में राजनीतिक विश्लेषक शिशु गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील को 'आर्थिक राष्ट्रभक्ति' की संज्ञा दी है। प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों की खपत कम करने, अनावश्यक यात्राओं में संयम बरतने तथा एक वर्ष तक सोने की खरीद टालने की अपील पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह कोई प्रतिबंध नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में जनभागीदारी का आह्वान है। शिशु गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने की स्थिति में है। ऐसे में विदेशी मुद्रा भंडार की सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारत हर वर्ष बड़े पैमाने पर सोना आयात करता है, जिससे विदेशी मुद्रा पर दबाव पड़ता है। इसके साथ ही देश अपनी अधिकांश कच्चे तेल की जरूरत विदेशों से पूरी करता है, जिससे आयात बिल लगातार बढ़ता है। उन्होंने बताया कि यदि नागरिक एक वर्ष तक सोने की खरीद में संयम अपनाते हैं, तो अरबों डॉलर की बचत संभव है, जिससे रुपये को मजबूती मिलेगी और विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि निष्क्रिय पूंजी यदि बैंकिंग, उद्योग, कृषि और बुनियादी ढांचे में निवेश हो तो रोजगार और विकास को नई गति मिल सकती है। शिशु गुप्ता ने कहा कि यह विचार नया नहीं है, इससे पहले भी वर्ष 2013 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदंबरम द्वारा सोने की खरीद टालने की अपील की गई थी और वर्ष 1968 में गोल्ड कंट्रोल एक्ट के तहत सख्त नियम लागू किए गए थे। इसके मुकाबले वर्तमान अपील पूरी तरह स्वैच्छिक और जनसहयोग आधारित है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि इस पहल को राजनीतिक दृष्टिकोण से न देखकर राष्ट्रहित और आर्थिक सुरक्षा के रूप में समझा जाए।



# डबल इंजन नहीं, डबल पेपर लीक सरकार: मनीष सरीन

अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2022 के पूर्व प्रत्याशी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सरीन ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने और कथित पेपर लीक मामले को देश की शिक्षा व्यवस्था पर सबसे बड़ा कलंक बताते हुए एनडीए सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज भारत का मेहनती युवा पढ़ाई से नहीं, बल्कि पेपर लीक माफिया और सरकारी विफलताओं से लड़ने को मजबूर हो गया है। मनीष सरीन ने कहा कि जिस देश की पहचान कभी शिक्षा, प्रतिभा और युवा शक्ति से होती थी, आज उसी देश में करोड़ों छात्रों के सपनों को भ्रष्ट तंत्र और राजनीतिक लापरवाही की भेंट चढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीट-यूजी जैसी देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होना केवल एक परीक्षा घोटाला नहीं, बल्कि देश के भविष्य पर सीधा हमला है।



उन्होंने कहा कि कथित पेपर लीक के बाद परीक्षा रद्द करनी पड़ी और मामला सीबीआई को सौंपा गया है। करीब 23 लाख छात्र अब असमंजस और मानसिक तनाव में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार प्रश्नपत्र गेस पेपर के नाम पर लाखों रुपये में बेचे गए। यह पूरे देश के लिए शर्मनाक और चिंताजनक स्थिति है।

मनीष सरीन ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पेपर लीक अब नया सामान्य बन चुका है। कभी नीट, कभी यूजीसी-नेट, कभी रेलवे भर्ती, कभी एसएससी, तो कभी पुलिस और शिक्षक भर्ती — हर बड़ी परीक्षा सवालों के घेरे में रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में यूजीसी-नेट परीक्षा भी पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द करनी पड़ी थी, जबकि नीट विवाद में ग्रेस मार्क्स और परीक्षा पारदर्शिता को लेकर देशभर में छात्रों ने सड़कों पर उतरकर विरोध किया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में भर्ती परीक्षाओं और प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक लगातार सुर्खियों में रहे हैं। हिमाचल प्रदेश का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भर्ती घोटालों और भ्रष्टाचार ने पूरे प्रदेश को शर्मसार किया, यहां तक कि राज्य कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर को भी भंग करना पड़ा।

## मिडिल ईस्ट संकट के बीच प्रधानमंत्री की अपील पर मिलाप ठाकुर का समर्थन

**अनंत ज्ञान, देशराज कश्यप, धरवाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए देशवासियों से अगले 1 साल तक सोना ना खरीदने और पेट्रोल डीजल की खपत कम करने की भावुक अपील समस्त देशवासियों से की। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मिलाप ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह अपील पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और वैश्विक संकट के कारण पैदा हुई आर्थिक स्थिति के मध्य नजर की मिलाप ठाकुर का कहना है कि विपक्ष के लोगों को भी आलोचना करने की बजाय मिडल ईस्ट में चल रही जंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 साल तक सोना कम खरीदने व पेट्रोल डीजल की कम खपत वह अनावश्यक विदेश यात्रा 'वर्क फ्रॉम होम' का देश हित में समर्थन कर एकता का संदेश देना चाहिए।



भारत हर वर्ष लगभग 700 से 800 टन सोना आयात करता है जिस पर भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है पश्चिम एशिया में चल रही जंग के बीच में पेट्रोल डीजल का कम उपयोग करने व देश में विदेशी मुद्रा बचाने वर्क फ्रॉम होम अनावश्यक विदेशी यात्रा व विदेशों में छुट्टियां मनाने को लेकर आत्मनिर्भर भारत के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से अपील की ताकि हर वर्ष कई देशों की जीडीपी से ज्यादा खर्च की जाने वाली विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके।

# मौड़ा विद्यालय की बाल पत्रिका 'नन्हे उस्ताद' का लोकार्पण

अनंत ज्ञान



- एसडीएम सलूणी ने किया अप्रैल अंक का विमोचन
- बच्चों की रचनात्मकता व संस्कृति को मिला मंच

**सुंडला।** सुंडला शिक्षा खंड के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा की मासिक बाल पत्रिका 'नन्हे उस्ताद' के अप्रैल माह के अंक का विमोचन उपमंडलाधिकारी (नागरिक) सलूणी चंद्रवीर सिंह ने अपने कार्यालय में किया। इस अवसर पर पत्रिका का संपादन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक युद्धवीर टंडन द्वारा किया गया। पत्रिका के माध्यम से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया है। अप्रैल अंक की थीम 'हमारा पारंपरिक भोजन हमारा गर्व' रखी गई, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपने पारंपरिक व्यंजनों की विधियां चित्रों सहित प्रस्तुत कीं। इसके साथ ही बच्चों द्वारा लिखी गई कविताएं, कहानियां और पुस्तक समीक्षाएं भी पत्रिका में प्रकाशित की गईं। पत्रिका में विद्यालय की मासिक गतिविधियों का विवरण भी शामिल किया गया है, जिससे बच्चों को सीखने और अभिव्यक्ति का अवसर मिला। उपमंडलाधिकारी चंद्रवीर सिंह ने इस प्रयास की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### धरवाला बाजार में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा बिजली प्रणाली को मजबूत करने और मेंटेनेंस कार्य के चलते विद्युत उपमंडल धरवाला के अंतर्गत 33/11द्म1 सब स्टेशन धरवाला का नियमित परीक्षण रख रखाव, परीक्षण दल कांगड़ा द्वारा वीरवार 14 मई को किया जाना है। वीरवार प्रातः 10:30 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक समस्त धरवाला बाजार, लोथल, चूड़ी, सुनारा, कुंडी, बग्गा, सामरा, बकान, राडी, लिल्ह, तूर, ब्रेही, बेलज, ढुनाली, गैहरा, लेच, प्यूहरा, मरौर, छतराडी, इत्यादि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वह समय रहते अपने आवश्यक कार्य निपटा लें।

### भरमौर में पिकअप गाड़ी चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर में एक व्यक्ति की पिकअप गाड़ी चोरी होने का मामला सामने आया है। भरमौर क्षेत्र में चोरी की वारदात ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। अंकुश नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई कि किसी अज्ञात चोर ने उसके घर के पास खड़ी करीब 90 हजार रुपये मूल्य की पिकअप गाड़ी चोरी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जिला पुलिस ने बताया कि सभी मामलों में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा हर पहलू को ध्यान में रखते हुए गहन जांच जारी है।

### ग्रामीण बैंक ने दी 2 लाख की सहायता राशि

**अनंत ज्ञान, नकरोड।** नकरोड क्षेत्र के गांव धन्नाली निवासी खेम राज के निधन के बाद उनके परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया, लेकिन प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ने परिवार को बड़ी राहत प्रदान की। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा नकरोड द्वारा बीमा दावा प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करते हुए परिवार को ₹2 लाख की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। बताया गया कि खेम राज ने मात्र ₹436 वार्षिक प्रीमियम देकर यह बीमा कराया था। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी रुखो देवी को यह राशि प्रदान की गई। रुखो देवी ने बैंक प्रबंधक प्रवीण कुमार एवं स्टाफ का आभार जताया और लोगों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की।

### पंचायतीराज चुनाव को लेकर दी ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** पंचायतीराज चुनाव को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से करवाने को लेकर सरकारी क्षेत्र के सीसे स्कूल महादेव में बुधवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी (ए आर ओ) पीठासीन अधिकारी (पी आर ओ) एवं पोलिंग अधिकारी,मत पत्र लिखने वालों आदि को प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर सैकड़ों प्रशिक्षुओं के बीच विकास खंड धनोटू के खंड विकास अधिकारी मनमोहन शर्मा खासतौर पर उपस्थित रहे।

### ईवीएम संचालन की दी विस्तृत जानकारी

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग नगर पंचायत चुनाव के दृष्टिगत रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम गौरव महाजन की अध्यक्षता में दूसरे चरण का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। राजकीय महाविद्यालय करसोग में आयोजित रिहर्सल में मास्टर ट्रेनर डॉ. लोमेश्वर शर्मा और महेंद्र कुमार ने मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन, मॉक पोल, मतदाता पहचान और वीडीएमएस एप्लिकेशन के उपयोग की जानकारी दी। इस दौरान ईवीएम की कमीशनिंग व संचालन का डेमोंस्ट्रेशन भी किया गया तथा प्रत्याशियों व पोलिंग एजेंटों की मौजूदगी में मॉक पोल संपन्न हुआ। कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक कमल जसवाल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी पृथी चंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### घायल कर्मी बिलासपुर अस्पताल किया शिफ्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कुल्लू में विद्युत लाइन की मरम्मत के दौरान करंट लगने से घायल हुए आउटसोर्स कर्मी राजेश कुमार निवासी गांव गेहड़वी, झंडूता जिला बिलासपुर को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बिलासपुर में भर्ती करवाया गया है। इससे पहले उनका उपचार कुल्लू अस्पताल में चल रहा था। जिला अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों की निगरानी में राजेश कुमार का इलाज जारी है और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस दौरान HPSEB यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत चौहान 'बिट्टू', जिला सचिव जोगिंदर सिंह डोगरा तथा आउटसोर्स यूनियन के प्रधान गोल्डी ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। यूनियन ने घायल कर्मी और उसके परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया तथा आउटसोर्स कर्मचारियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई।

# डलहौजी पब्लिक स्कूल के छात्रों का 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**अजीत सिंह, डलहौजी।** डलहौजी पब्लिक स्कूल के बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और शिक्षकों को गौरवान्वित किया है। स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परिणाम विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, समग्र शिक्षा और मूल्य आधारित शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल 78 विद्यार्थियों में से 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 73 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी हासिल की। वाणिज्य संकाय में सुखमन संघा ने 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। कृषव महाजन ने 93.8 प्रतिशत अंक और आयशा सिंह ने मानविकी संकाय में 93.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। विषयवार उपलब्धियों में आइना और आकर्ष ने चित्रकला में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। तनीषा राजदान ने अंग्रेजी में 99 अंक तथा आरुष ने जीवविज्ञान में 99 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के अध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. (कैप्टन) जी. एस. ढिल्लों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र, मूल्य और आत्मविश्वास के निर्माण का माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग की सराहना की।



# नगर परिषद चंबा चुनाव में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन तय

## जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी का दावा- इस बार सात सीटों पर कांग्रेस का कब्जा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** नगर परिषद चंबा चुनावों से पहले कांग्रेस ने अपनी राजनीतिक ताकत का खुला ऐलान कर दिया है। कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दावा किया कि इस बार नगर परिषद चंबा में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की मजबूत जीत होगी और कम से कम सात सीटें कांग्रेस की झोली में जाएंगी।

प्रेसवार्ता के दौरान सुरजीत भरमौरी ने पंचायती राज चुनावों को लेकर कांग्रेस की रणनीति स्पष्ट करते हुए कहा कि पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी की तरह अपने प्रत्याशी थोपने का कार्य नहीं किया। कांग्रेस ने इस बार के पंचायतीराज चुनाव में लोगों और संभावित उम्मीदवारों को स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने की खुली छूट दी, ताकि लोकतंत्र की मूल भावना बनी रहे।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज चुनाव स्थानीय जनता और गांवों की भावनाओं से जुड़े चुनाव होते हैं, इसलिए इनमें अत्यधिक राजनीतिक हस्तक्षेप उचित नहीं माना जा सकता। यदि राजनीतिक दल सीधे तौर पर प्रत्याशी तय करने लगें तो उम्मीदवारों पर अनावश्यक दबाव बनता है, जो लोकतंत्र के लिए स्वस्थ संकेत नहीं है, उन्होंने कहा। भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों में दबाव और हस्तक्षेप की राजनीति करती रही है, जबकि कांग्रेस हमेशा लोकतांत्रिक परंपराओं और जनता की स्वतंत्र पसंद का सम्मान करती आई है। सुरजीत भरमौरी ने कहा कि नगर परिषद चंबा में इस बार जनता बदलाव का मन बना चुकी है और भाजपा के खिलाफ माहौल स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों को हर वार्ड में जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है और चुनाव परिणाम कांग्रेस के पक्ष में ऐतिहासिक साबित होंगे।

उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा, जनता अब विकास, पारदर्शिता और जनहित की राजनीति चाहती है। यही कारण है कि इस बार नगर परिषद चंबा में कांग्रेस का परचम लहराएगा और कम से कम सात सीटों पर जीत निश्चित है।

### पेपर लीक माफिया ने युवाओं के सपनों को बनाया व्यापार



**सुरजीत** भरमौरी ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि बार-बार प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होना केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि देश के भविष्य और करोड़ों युवाओं के सपनों के साथ खुला खिलवाड़ है। सुरजीत भरमौरी ने कहा कि आज देश का युवा दिन-रात कठिन मेहनत कर अपने भविष्य को संवारने में लगा है, लेकिन हर बार पेपर लीक जैसी घटनाएं उनकी उम्मीदों को तोड़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित और पारदर्शी बनाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि बार-बार पेपर लीक होना इस बात का प्रमाण है कि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। मेहनत करने वाले विद्यार्थी निराश हैं, जबकि पेपर लीक माफिया खुलेआम युवाओं के भविष्य का सौदा कर रहे हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण परीक्षा में गड़बड़ी सामने आना बेहद शर्मनाक और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि लाखों परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए वर्षों तक संघर्ष करते हैं, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण विद्यार्थियों का विश्वास लगातार टूट रहा है। सुरजीत भरमौरी ने केंद्र सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि आखिर अब तक पेपर लीक रोकने के लिए कोई ठोस नीति क्यों नहीं बनाई गई। उन्होंने कहा कि केवल बयानबाजी से युवाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं होगा, बल्कि सख्त कानून और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था लागू करनी होगी। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके।

# मिन्धला माता छड़ी यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट

## 25 से शुरू होगी माता की यात्रा, श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं, तैयारियां तेज

अनंत ज्ञान

**पांगी।** जनजातीय क्षेत्र पांगी के अंतर्गत प्रसिद्ध शक्ति स्थल श्री देवी मिन्धला वासनी माता की वार्षिक छड़ी यात्रा के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर आज आवासीय आयुक्त अमनदीप सिंह की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय किलाड़ के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि वार्षिक यात्रा 25 मई से आरंभ होगी तथा आगामी लगभग दो माह तक चलेगी। यात्रा के अंतर्गत 3 जून को छोटी छड़ी यात्रा तथा 12 जून को बड़ी छड़ी यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जम्मू और कश्मीर, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में आस्था के साथ पहुंचते हैं।

यात्रा को सुचारू एवं सफल बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में विभिन्न विभागाध्यक्षों के साथ-साथ श्री देवी मिन्धला वासनी पांच प्रजा समिति मंडल माता मंदिर कमेटी के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान यात्रा अवधि में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने तथा आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।


मिन्धला माता यात्रा को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर आवासीय आयुक्त ने जल शक्ति विभाग को पेयजल व्यवस्था, बिजली विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा सुविधाएं, गैस आपूर्ति विभाग को आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पुलिस विभाग को कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए यात्रा को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर तहसीलदार संदीप कुमार, वनमण्डलाधिकारी रवि गुलेरिया, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग सुनील चंदेल, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग राम रत्न व विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी और मिन्धल माता कमेटी प्रधान चुन्नी लाल व कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**
मुकदमा -इन्द्राज जन्म तिथी
पेशी- 02.06.2026
स्वर्णा देवी पुत्री श्री जय राम गांव व डाकखाना धनोटू तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 ।
**बनाम**
1. आम जनता 2. सचिव ग्राम पंचायत डढम्ब। 3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला ।
**विषय - बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।**
उपरोक्त मुकदमा वारे प्राथीर्या ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उसका जन्म दिनांक 15.12.1968 गांव व डाकघर धनोटू में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत डढम्ब तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्राथीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST(Delayed)(B&D)/2025/2009 date 04.05.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्गांम प्रचायत डढम्ब विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 02.06.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 08-05-26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी-शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**
मुकदमा- इन्द्राज जन्म तिथी ।
पेशी- 02.06.2026
रक्षा देवी पुत्री श्री खरुदी राम गांव व डाकखाना धनोटू तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।
**बनाम**
1. आम जनता 2. सचिव ग्राम पंचायत डढम्ब। 3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।
विषय - बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।
उपरोक्त मुकदमा वारे प्राथीर्या ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उसका जन्म दिनांक 27.02.1967 गांव व डाकघर धनोटू में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत डढम्ब तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्राथीया उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहती है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST(Delayed)(B&D)/2025/2008 date 04.05.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है। अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जन्ता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को ग्गांम प्रचायत डढम्ब विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 02.06.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 08.05.26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

‘जीवन की जड़ संयम की भूमि में जितनी गहरी जमती है और सदाचार का जितना जल दिया जाता है उतना ही जीवन हरा-भरा होता है और उसमें ज्ञान का मधुर फल लगता है। -दीनानाथ दिनेश

## संपादकीय

# पेंशन का फर्जीवाड़ा

हिमाचल प्रदेश देशभर में एक ईमानदार, शांत और पारदर्शी राज्य के रूप में जाना जाता है। यहां की सामाजिक व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यशैली और लोगों की सादगी लंबे समय से उदाहरण मानी जाती रही है, लेकिन हाल ही में शिमला जिले की ग्राम पंचायत तांगणू-जांलिख में वृद्धावस्था पेंशन के नाम पर सामने आया फर्जीवाड़ा इस छवि पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। अब इसे आर्थिक अनियमितता कहें या फिर समाज और प्रशासनिक व्यवस्था का नैतिक पतन लेकिन गड़बड़झाला तो हुआ है।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना सरकार की ओर से उन जरूरतमंद बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों के लिए चलाई जाती है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और जिन्हें जीवनयापन के लिए सहारे की आवश्यकता होती है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति गलत दस्तावेज और झूठी जानकारी देकर इस योजना का लाभ उठाता है, तो वह न केवल कानून तोड़ता है, बल्कि वास्तव में जरूरतमंद लोगों के अधिकारों पर भी डाका डालता है। इससे सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता कमजोर होती है और जनता का भरोसा टूटता है।

सबसे गंभीर बात यह है कि इस मामले में चूक केवल एक व्यक्ति या कुछ लाभार्थियों तक सीमित नहीं दिखती। पंचायत स्तर से लेकर विभागीय स्तर तक दस्तावेजों का सत्यापन कई चरणों में होता है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज कैसे स्वीकार किए गए? क्या सत्यापन प्रक्रिया केवल कागजों तक सीमित थी? या फिर इसमें मिलीभगत और रिश्ततखोरी की भी भूमिका रही? यदि ऐसा है तो यह और भी चिंताजनक स्थिति है।

मामले के सामने आने के बाद जिला कल्याण अधिकारी कपिल शर्मा द्वारा पुलिस थाना चिड़गांव में 44 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाना सराहनीय कदम है। इससे यह संदेश गया है कि प्रशासन मामले को गंभीरता से ले रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा तुरंत जांच के आदेश देना भी सकारात्मक पहल है लेकिन केवल प्राथमिकी दर्ज करना पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत इस बात की है कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी हो तथा दोषियों को उदाहरणात्मक सजा दी जाए।

यह पहला मामला नहीं है जब सामाजिक सुरक्षा पेंशन में गड़बड़ी सामने आई हो। इससे पहले हमीरपुर जिले में भी चौंकाने वाला खुलासा हुआ था, जहां 931 मृतकों को मौत के बाद भी पेंशन दी जा रही थी। इसके अलावा 208 ऐसे लोग पाए गए जो अपात्र श्रेणी में थे। यह स्थिति बताती है कि समस्या कहीं न कहीं व्यवस्था की जड़ों में मौजूद है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो ऐसी घटनाएं भविष्य में और बढ़ सकती हैं।

यह भी विचारणीय है कि डिजिटल युग में जब आधार, बैंक खाते और ऑनलाइन सत्यापन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, तब भी इस प्रकार की धोखाधड़ी कैसे संभव हो रही है। इससे स्पष्ट होता है कि तकनीक के उपयोग में गंभीर खामियां हैं या फिर जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन नहीं कर रहे। सरकार को चाहिए कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समय-समय पर ऑडिट करवाई जाए, लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा पंचायत स्तर पर जवाबदेही तय की जाए।

इस पूरे प्रकरण का सबसे दुखद पहलू यह है कि कुछ लोगों ने चंद पैसों के लालच में हिमाचल की उस पहचान को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है, जिस पर प्रदेश को गर्व है। पैसा इंसान को कितना स्वार्थी और बेईमान बना सकता है, यह ऐसे मामलों से स्पष्ट होता है, लेकिन यह भी उतना ही सच है कि गलत तरीके से कमाया गया धन कभी स्थायी नहीं होता। कानून से बचना लंबे समय तक संभव नहीं है।

जरूरत इस बात की है कि सरकार केवल दोषियों को दंडित करने तक सीमित न रहे, बल्कि ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करे जिसमें भविष्य में इस प्रकार की धोखाधड़ी की संभावना ही समाप्त हो जाए। पंचायत सचिवों, अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। यदि जांच में यह सिद्ध होता है कि किसी ने जानबूझकर गलत दस्तावेज आगे बढ़ाए या नियमों की अनदेखी की, तो उनके खिलाफ कठोर विभागीय और कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## आज की प्रमुख हस्ती

### शिवाजी के ज्येष्ठ पुत्र

**संभाजी भोसले** जिन्हें शंभू राजे के नाम से भी जाना जाता है, मराठा साम्राज्य के दूसरे छत्रपति थे। उनका जन्म 14 मई 1657 को हुआ और वे शिवाजी के ज्येष्ठ पुत्र थे। 1680 में शिवाजी की मृत्यु के बाद संभाजी महाराज ने सत्ता संभाली और 1689 तक शासन किया। वे अत्यंत वीर, निडर और विद्वान शासक थे। संस्कृत, हिंदी, फारसी और मराठी भाषाओं पर उनका अच्छा अधिकार था तथा उन्होंने कम आयु में ही कई ग्रंथों की रचना की।



**संभाजी भोसले**
**जन्म :** 14 मई, 1657
**मृत्यु :** 11 मार्च, 1689

संभाजी महाराज ने लगभग नौ वर्षों तक औरंगजेब की विशाल मुगल सेना का साहसपूर्वक सामना किया और कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। उन्होंने हिंदवी स्वराज्य की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया। 1689 में संगमेश्वर में विश्वासघात के कारण वे मुगलों के हाथों पकड़े गए। उनके साथ कवि कलश को भी बंदी बनाया गया। औरंगजेब ने उन्हें अमानवीय यातनाएं दीं, परंतु उन्होंने धर्म परिवर्तन या समर्पण स्वीकार नहीं किया। अंततः 11 मार्च 1689 को उनकी क्रूर हत्या कर दी गई।

संभाजी महाराज का बलिदान मराठों के लिए प्रेरणा बना और उनके संघर्ष ने आगे चलकर मुगल साम्राज्य की शक्ति को कमजोर कर दिया। आज उन्हें धर्मवीर और स्वाभिमानी योद्धा के रूप में याद किया जाता है।



कविता

## मत बेचो पेपर

राकेश मनकोटिया, प्रिंसीपल
डाईट जुखाला, बिलासपुर (हि.प्र.)

**मैंने** देखा है, मैंने देखा है, बच्चों के पीले चेहरों को, सूखे होंठों को, बेबस
और थके शरीरों को, और देखा है परीक्षा के उन कठिन क्षणों में, दिमाग
को खंगाल खंगाल कर, प्रश्नों से लड़ते हुए। मैंने देखा है मां-बाप को वर्षों
तपस्या करते हुए, हर इच्छा को मारकर, बस एक सपना संजोते हुए, मेरा
बच्चा सफल हो जाए। मैंने देखा है दादा-दादी की नम आंखों को, दिल पर
पत्थर रखकर अपने नन्हों को, दूर शहरों की कोचिंग में भेजते हुए। मैंने
देखा है छोटे-छोटे कमरों में बड़े-बड़े सपनों को घुटते हुए, और देखा है
टेस्ट के दबाव में, कई मासूम मनों को टूटते हुए। कहीं किसी ने
अपने ही जीवन की डोर काट दी, क्योंकि अंकों के इस जंगल में
उसे अपना अस्तित्व छोटा लगा। मैंने देखा है, टेस्ट सेंटर के बाहर
मां की कांपती उंगलियां, पिता की मौन प्रार्थनाएं, और भीतर जाते बच्चे की
आंखों में हजारों आशंकाएं। मैंने देखा है घर से सैकड़ों मील दूर बीमार
पड़ते बच्चों को, और रात-रातभर माता-पिता को तड़पते हुए। मैंने देखा है
गरीब मां-बाप को कर्ज के बोझ तले दबते हुए, ताकि उनका बच्चा भी
किसी अच्छे स्कूल में पढ़ सके। मैंने देखा है उस अध्यापक को भी
जो रातभर जागकर जटिल प्रश्नों को सरल बनाता है, ताकि किसी बच्चे
का भविष्य अंधेरे में न खो जाए। मैंने देखा है रिजल्ट वाले दिन
कम अंक देखकर बुझते चेहरों को, और सपनों को धीरे-धीरे मरते हुए।
और फिर मैंने देखा है कुछ चांदी के सिक्कों के लिए, इस पूरी तपस्या को
धोखे की आग में जलाते हुए लोगों को। कितना और बेचोगे
देश का भविष्य, कितना और तोड़ोगे, इन मासूम उम्मीदों को,
सुन लो, इन माता-पिता की आहें, व्यर्थ नहीं जाएंगी, इन बच्चों का डर
तुम्हारी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचेगा। मैंने देखा है और जो देखा है,
वह केवल एक परीक्षा नहीं, पूरे समाज की पीड़ा है। मत बेचो पेपर

# नोबेल शांति पुरस्कार को बेताब आतंकवाद के मेजबान

‘यदि मजहब की तालीम लोमड़ी से ली जाए तो मुर्गी चुराना भी एक नेकअमल काम माना जाएगा।’ तुर्किश की ये मकबूल कहावत आंतकवाद के मेजबान पाकिस्तान पर सटीक स्टीक बैठती है। चूंकि एहसान फरामोश व खुदगर्ज मुल्क पाकिस्तान के सियासी व मजहबी रहनुमाओं से मार्गदर्शन लिया जाएगा तो वो जेहाद तथा आतंकवाद को भी मजहब व अकीदत वाला काम बताएंगे।



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र लेखक

‘आर्म्ड कान्फिलक्ट लोकेशन एंड इवेंट डेटा प्रोजेक्ट’ की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान आतंकी गतिविधियों का एक बड़ा मरकज बन चुका है। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2026 की रिपोर्ट में पाकिस्तान पहले पायदान पर काबिज है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ‘टीटीपी’, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद तथा हिजबुल मुजाहिदीन सहित दुनिया की कई आतंकी जमातों की तखलीक पाकिस्तान की धरती पर ही हुई है।

सन् 1980 के दशक में पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अमेरिका के इशारे पर सोवियत संघ के खिलाफ अफगानिस्तान को आतंकवाद मरकज बनाकर अपनी रणनीतिक संपत्ति मान लिया था। जिस जिहादी व आतंकी ढांचे की संग बुनियाद पाकिस्तान ने अफगान सरजमीं पर खुद रखी तथा अमेरिका के साथ मिलकर भोली-भाली विरासत वाली अफगान कौम की बर्बादी की तम्हीद तैयार की थी, वो आतंकी जमातें अमेरिका की कठपुतली बन चुके पाक हुकमरानों से अब बेहद खफा हैं। जिन आतंकवादियों को पाक जरनैल अपना हीरो मानते थे, मौजूदा दौर में पाक सेना उन आंतकियों को खल्लास करने में लगी है।

अफगानिस्तान की ओर से पाकिस्तान पर आंतकी हमलों का हवाला देकर रमजान के मुकद्दस महीने में 22 फरवरी 2026 को पाक वायुसेना ने अफगानिस्तान पर हवाई हमले करके सैकड़ों बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतार दिया। उसके बाद 15 मार्च 2026 की रात को पाक वायुसेना ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के नशा मुक्ति अस्पताल पर हमला करके 400 से अधिक बेगुनाह अफगान नागरिकों को हलाक कर दिया।

काबुल में हवाई हमलों से बेगुनाहों को मौत के घाट उतारने के बाद पाक सेना के डीजी आईएसपीआर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने बयान दिया कि अफगानिस्तान आतंकवाद का हब बन चुका है। काबिलेगौर है कि अहमद शरीफ चौधरी के वालिद व पाक के परमाणु वैज्ञानिक रहे सुल्तान बशीरूद्दीन महमूद को अमेरिका तथा यूएनओ ने सन् 2001 में आतंकी घोषित




किया था यानी पाक सेना के तर्जुमान अहमद शरीफका खुद का डीएनए एक आतंकवादी का है वो शख्स अफगानिस्तान पर आतंकवाद के तोहमत भरे इल्जाम लगाकर पाकिस्तान को आतंकवाद से पीड़ित साबित कर रहा है। सन् 1947 से ही पाकसेना बलूचिस्तान के लोगों पर कत्लोगारत की वारदातें करती आ रही है। पाक सेना द्वारा बलूचों को जबरन अगवा करके उनके कत्ल का सिलसिला बदस्तूर जारी है। बलूचों का पक्ष रखने वाले मानवाधिकार संगठनों की आवाज जबरन खामोश कर दी जाती है। सर्च ऑपरेशन के नाम पर पाक सेना ने खैबर पख्तूनख्वा की आवाम पर अत्याचार की सारी हदें पार करके इंसानियत को भी शर्मशार कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में पिछले चार दशकों से फैले आतंकवाद का उदय पाकिस्तान से ही हुआ है। फरवरी 2019 में कश्मीर के पुलवामा में हुए एक आतंकी हमले में भारतीय सुरक्षा बलों के 40 जवान शहीद हो गए थे। उस फिदायिन हमले के तार आईएसआई से जुड़े थे। आसिम मुनीर उस वक्त आईएसआई का चीफ था। पाकिस्तान के मजहबी रहनुमाओं की जहरीली तकरीरों तथा आईएसआई के मंसूबों से प्रेरित होकर पाकिस्तान के कई चरमपंथी युवा विदेशों में आतंकी गतिविधियों में पकड़े जा रहे हैं, लेकिन इसे पाक सिपहसालार का खौफ कहें या पाक के सियासी रहनुमाओं की चापलूसी की इंतेहा। 20 अप्रैल 2026 को पाकिस्तान की खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा में मुस्लिम लीग नवाज की विधायक फराह खान ने एक करारदात पेश करके पाक के वजीर-ए-आजम शहबाज शरीफ और सिपहसालार आसिम मुनीर के लिए नोबेल शांति पुरस्कार का मुतालबा कर दिया। इससे पहले यही करारदात 16 अप्रैल 2026 को पाकिस्तान की पंजाब असेबंली में पास हो चुकी है। यानी नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। आतंकवाद को अपनी कौमी पॉलिसी बनाकर भारत सहित दुनिया में कई आतंकी हमलों को अंजाम देने वाले पाकिस्तान के बेगैरत हुक्मरानों को अब नोबल शांति पुरस्कार चाहिए। पाकिस्तान के नामुराद हुक्मरानों ने बेशर्मी व चापलूसी की एक और हदूद पार कर दी।

पाकिस्तान द्वारा डोनाल्ड ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार की सिफारिश को कई लोगों ने राजनीतिक चापलूसी बताया है। शबाज शरीफ सरकार ने ट्रंप को शांतिदूत के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि उनकी नीतियों और सैन्य कार्रवाइयों को लेकर विश्वभर में विवाद रहे हैं।

पाकिस्तान के भीतर भी इस फैसले का विरोध हुआ और कई नेताओं ने इसे वापस लेने की मांग की। आलोचकों का मानना है कि शांति पुरस्कार केवल उन व्यक्तियों को मिलना चाहिए जिन्होंने वास्तव में मानवता, स्थिरता और वैश्विक शांति के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया हो। राजनीतिक स्वार्थों से प्रेरित ऐसी सिफारिशें नोबेल पुरस्कार की गरिमा को कम करती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# नगर निकायों में प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू करना समय की मांग

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायतों के चुनावों का माहौल है। लोकतंत्र के इस पर्व में जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन कर रही है ताकि स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति मिल सके और शहरों तथा कस्बों की समस्याओं का समाधान हो सके। स्थानीय निकाय लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण इकाई माने जाते हैं क्योंकि यही संस्थाएं सीधे जनता से जुड़ी होती हैं।



हरिराम धीमान
नालागढ़, जिला सोलन (हि.प्र.)

सड़क, सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, नालियां, बाजार व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं का दायित्व इन्हीं संस्थाओं पर होता है। यदि स्थानीय निकाय मजबूत और स्थिर होंगे तो विकास की गति स्वतः तेज होगी, लेकिन यदि इन संस्थाओं में राजनीतिक अस्थिरता बनी रहे तो विकास कार्य प्रभावित होना स्वाभाविक है। हिमाचल प्रदेश में नगर निगमों के चुनाव राजनीतिक दलों के चिन्ह पर होते हैं तथा वहां निर्वाचित प्रतिनिधियों के बीच स्थिरता बनी रहती है और सत्ता परिवर्तन की संभावना कम होती है, किंतु नगर परिषद और नगर पंचायतों की स्थिति इससे भिन्न है। यहां चुनाव गैर-दलीय आधार पर होते हैं। प्रत्याशी किसी राजनीतिक दल के अधिकृत चुनाव चिन्ह पर चुनाव नहीं लड़ते और चुने जाने के बाद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव वार्ड सदस्य मिलकर करते हैं। यही व्यवस्था आगे चलकर राजनीतिक अस्थिरता का प्रमुख कारण बन जाती है। नगर परिषदों और नगर पंचायतों में अध्यक्ष की कुर्सी कई बार जोड़तोड़ और गुटबाजी का केंद्र बन जाती है।

चुनाव के समय कुछ सदस्य एक समूह बनाकर किसी उम्मीदवार को अध्यक्ष बना देते हैं, लेकिन कुछ महीनों बाद समीकरण बदलने लगते हैं। समर्थन वापस लेने, अविश्वास प्रस्ताव लाने और नए गठबंधन बनाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। कई




स्थानों पर तो ऐसी स्थिति बन जाती है कि हर वर्ष अध्यक्ष बदल जाता है। इससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित होते हैं और विकास योजनाएं अधूरी रह जाती हैं।

जब किसी नगर निकाय में नेतृत्व स्थिर नहीं रहता तो अधिकारी और कर्मचारी भी असमंजस में रहते हैं। हर नया अध्यक्ष अपनी प्राथमिकताएं बदल देता है। पहले स्वीकृत योजनाओं को रोक दिया जाता है और नई योजनाएं शुरू करने का प्रयास किया जाता है। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। जनता को जिन मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता होती है, वे राजनीतिक संघर्ष की भेंट चढ़ जाती हैं। विकास के स्थान पर पूरा ध्यान कुर्सी बचाने और विरोधियों को कमजोर करने में लग जाता है।

स्थानीय निकायों का मुख्य उद्देश्य जनसेवा और विकास होना चाहिए, न कि राजनीतिक अस्थिरता। नगर परिषद और नगर पंचायतें शहरों की आधारभूत व्यवस्थाओं को संचालित करती हैं, लेकिन अध्यक्षों के अप्रत्यक्ष चुनाव के कारण कई बार गुटबाजी, सत्ता संघर्ष और राजनीतिक खींचतान देखने को मिलती है। इसका सीधा असर विकास कार्यों पर पड़ता है। सड़कों, सफाई, पार्किंग और अन्य जनसुविधाओं से जुड़े कार्य लंबे समय तक अधूरे रह जाते हैं।

इसके विपरीत पंचायत व्यवस्था में प्रधान और उपप्रधान का चुनाव जनता सीधे करती है। प्रत्यक्ष जनादेश मिलने से नेतृत्व स्थिर रहता है और विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहती है। यही कारण है कि पंचायतों में अपेक्षाकृत बेहतर कार्य दिखाई देते हैं। वर्ष 2010 में हिमाचल में नगर निकायों के अध्यक्षों के प्रत्यक्ष चुनाव हुए थे, जिसका स्वागत भी हुआ, लेकिन बाद में फिर अप्रत्यक्ष प्रणाली लागू कर दी गई।

अब आवश्यकता है कि नगर परिषद और नगर पंचायत अध्यक्षों के चुनाव भी सीधे जनता द्वारा करवाए जाएं। इससे अध्यक्ष को स्पष्ट जनसमर्थन मिलेगा, राजनीतिक सौदेबाजी कम होगी और जवाबदेही बढ़ेगी। प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय विकास को नई दिशा देने में भी सहायक सिद्ध हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सामाजिक स्वीकृति और अपेक्षाओं में वृद्धि से बढ़ती तलाक की प्रवृत्ति

भारत जैसे पारंपरिक समाज में विवाह को सदियों से पवित्र, स्थायी और सामाजिक व्यवस्था की आधारशिला माना गया है। परिवार केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध समझा जाता रहा है। किंतु आधुनिक समय में सामाजिक सोच, जीवनशैली और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बढ़ते प्रभाव ने विवाह संस्था की पारंपरिक अवधारणाओं को चुनौती दी है। पिछले कुछ वर्षों में तलाक के मामलों में लगातार वृद्धि ने समाजशास्त्रियों और चिंतकों के बीच गंभीर चर्चा को जन्म दिया है।



केशव शर्मा ‘रसिक’
स्वतंत्र लेखक, कोटला, घुमारवीं

पहले तलाक को सामाजिक कलंक माना जाता था, विशेषकर महिलाओं के लिए यह जीवनभर का दाग समझा जाता था। समाज में अलग हुए दंपतियों को संदेह और आलोचना की दृष्टि से देखा जाता था, लेकिन आज नई पीढ़ी विवाह को केवल सामाजिक बंधन नहीं, बल्कि साझेदारी और आपसी समझ का संबंध मानती है। यदि रिश्ते में सम्मान, प्रेम और मानसिक संतुलन नहीं है, तो लोग उसे समाप्त करने को असामान्य नहीं मानते। यही कारण है कि तलाक को लेकर सामाजिक स्वीकार्यता बढ़ी है।

आधुनिक जीवन में शिक्षा, करियर और आत्मनिर्भरता ने लोगों की अपेक्षाओं को बदल दिया है। अब जीवनसाथी से केवल आर्थिक सुरक्षा नहीं, बल्कि भावनात्मक सहयोग, समानता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानसिक संतुलन की भी अपेक्षा की जाती है। जब ये अपेक्षाएं पूरी नहीं होतीं, तो वैवाहिक संबंधों में तनाव बढ़ने लगता है। विशेषज्ञों का मानना है कि आज विवाह सामाजिक जिम्मेदारी से अधिक व्यक्तिगत संतुष्टि का माध्यम बन गया है। विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता ने इस बदलाव को गति दी है। पहले महिलाएं आर्थिक निर्भरता के कारण असमान या हिंसात्मक रिश्तों में रहने को मजबूर होती थीं,



लेकिन अब वे आत्मनिर्भर हैं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी। इसलिए घरेलू हिंसा, मानसिक उत्पीड़न या असमान व्यवहार की स्थिति में महिलाएं तलाक का निर्णय लेने से पीछे नहीं हटतीं। यह बदलाव महिलाओं के आत्मसम्मान और अधिकारों की जागरूकता को भी दर्शाता है।

महानगरों की तेज जीवनशैली और बढ़ता कार्यदबाव भी तलाक की बढ़ती दर का बड़ा कारण है। संयुक्त परिवारों के टूटने से दंपतियों को भावनात्मक सहयोग कम मिल पाता है। काम और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना कठिन होता जा रहा है। तनाव, अकेलापन और समय की कमी रिश्तों में दूरी पैदा कर देते हैं। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया ने लोगों की सोच और अपेक्षाओं को गहराई से प्रभावित किया है। लोग दूसरों के आदर्श जीवन को देखकर अपने रिश्तों की तुलना करने लगते हैं, जिससे असंतोष और विवाद बढ़ते हैं।

तलाक से जुड़ी कानूनी प्रि, याओं में आए बदलाव भी इस प्रवृत्ति को प्रभावित कर रहे हैं। ‘म्यूचुअल कंसेंट’ यानी आपसी सहमति से तलाक की व्यवस्था ने अलग होने की प्रक्रिया को अपेक्षाकृत सरल बनाया है। अब लोग वर्षों तक तनावपूर्ण संबंधों में रहने के बजाय कानूनी रूप से अलग होना अधिक व्यावहारिक समझते हैं। हालांकि तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रभाव हैं। सकारात्मक रूप से देखें तो यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और हिंसात्मक रिश्तों से मुक्ति का अवसर देता है।

लोग अपने जीवन को नए सिरे से शुरू कर सकते हैं और मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर इसका प्रभाव बच्चों और परिवार संस्था पर भी पड़ता है। तलाक के कारण बच्चों के मानसिक विकास पर असर पड़ सकता है और परिवार जैसी सामाजिक संस्था कमजोर होने का खतरा बढ़ सकता है। इस प्रकार तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति समाज में हो रहे व्यापक बदलावों का परिणाम है। इसे पूरी तरह नकारात्मक या सकारात्मक कहना उचित नहीं होगा। यह व्यक्तिगत अधिकारों, सामाजिक सोच और आधुनिक जीवनशैली के बदलते स्वरूप को दर्शाता है। आवश्यकता इस बात की है कि विवाह को केवल सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, संवाद और सम्मान का संबंध बनाया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राजनीतिक चक्रव्यूह से बाहर निकली किन्नौर की 19 पंचायतें

पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों गांव की सरकार के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी है और दोनों प्रमुख राजनीतिक दल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी अंदरखाते अपने समर्थकों को प्रतिनिधित्व देने के लिए जोर-आजमाइश कर रहे हैं।



आरपी नेगी
वरिष्ठ पत्रकार, हिमाचल प्रदेश

इसी बीच हिमाचल प्रदेश के एक छोटे से जनजातीय जिला किन्नौर की 80 में से 19 पंचायतों ने वोट पर चोट लगाते हुए दलगत एवं राजनीति चक्रव्यूह से ऊपर उठकर सर्वसम्मति से पंचायत प्रतिनिधियों का चयन किया। मात्र 80 पंचायतों वाले इस जिले ने अन्य जिलों की पंचायतों को यह संदेश दिया है कि क्षेत्र के विकास के लिए राजनीति ही जरूरी नहीं, बल्कि एकजुटता के साथ सशक्त होने की जरूरत है।

इस बार के पंचायतीराज चुनावों में राज्य सरकार ने निर्विरोध चुनी जाने वाली पंचायतों को 25-25 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की है, तो जिला किन्नौर की 19 पंचायतों ने राजनीति नहीं, बल्कि विकास को चुना। यानी कुल मिलाकर जिला किन्नौर की 23.75 प्रतिशत पंचायतें निर्विरोध चुनी गई।

बता दें कि चुनाव होने की स्थिति में भी पंचायतों को प्रतिनिधि मिल जाते हैं, लेकिन विकास की राह में नया अध्याय जोड़ने का मौका नहीं मिलता। हालांकि राज्य की सभी पंचायतों में विकास करवाने के लिए सरकार कोई कमी नहीं छोड़ेगी, मगर निर्विरोध पंचायतों के खाते में 25-25 लाख रुपए का अतिरिक्त बजट प्राप्त होगा, जिससे गांव में पानी, बिजली, ग्रामीण ढांचागत सुधार और सामुदायिक विकास को और अधिक बल मिलेगा।

गांव की सरकार यानी पंचायत चुनावों के लिए कई उम्मीदवार सोशल मीडिया पर इस तरह की घोषणाएं कर रहे हैं, जिसे एक विधायक भी पूरी नहीं कर सकते।



दरअसल, ग्रामीण जनता को क्या चाहिए? हर वार्ड में पक्के रास्ते, स्ट्रीट लाइट्स, सीवरेज सिस्टम, स्वच्छ पेयजल, बच्चों को खेलने के लिए पार्क या मैदान, बिजली, सिंचाई का साधन, सामुदायिक भवन, लाइब्रेरी समेत अन्य छोटी से छोटी समस्याओं का हल करने वाले प्रतिनिधि चाहिए। सर्वसम्मति से चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों पर आने वाले समय में कोई भी उंगुली नहीं उठा सकता कि वह ए, बी, सी राजनीतिक दल से संबंध रखता है।

कुल मिलाकर गांव के मसले आपस में ही सुलझ जाएंगे। गौरतलब है कि पंचायत चुनावों में जो भी उम्मीदवार मैदान में उतरते हैं, उन्हें किसी न किसी राजनीतिक दल से जोड़ा जाता है।

पंचायत चुनाव भले ही पार्टी सिंबल पर नहीं होते, लेकिन निर्वाचित प्रतिनिधियों को अक्सर राजनीतिक दृष्टि से देखा जाता है। इसके बावजूद किन्नौर जिले की 19 पंचायतों ने राजनीतिक चक्रव्यूह से बाहर निकलकर विकास और आपसी सहमति की नई मिसाल पेश की है। इनमें पूह ब्लॉक की 11, निचार ब्लॉक की 1 और कल्पा ब्लॉक की 7 पंचायतें शामिल हैं।

इन पंचायतों में सभी प्रतिनिधि निर्विरोध चुने गए, जिससे गांवों में एकता और सहयोग की भावना मजबूत हुई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि आपसी सहमति से चुने गए प्रतिनिधि विकास कार्यों को बिना राजनीतिक खींचतान के बेहतर ढंग से आगे बढ़ा सकेंगे। इन निर्विरोध पंचायतों की औपचारिक घोषणा 15 मई को की जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संधोल में विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय संधोल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। प्रवेश प्रक्रिया के बाद कक्षा पहली में 4 (एससी-1 और एसटी-3), दूसरी में 3, तीसरी में 4, चौथी में 5, पांचवीं में 16, नौवीं में 3, दसवीं में 12, ग्यारहवीं (विज्ञान संकाय) में 13 तथा बारहवीं (विज्ञान संकाय) में 18 सीटें रिक्त हैं। इच्छुक अभिभावक निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रधानाचार्य धीरज कौशल ने बताया कि यह रिक्तियां अस्थायी हैं तथा उपलब्धता के अनुसार भिन्न हो सकती हैं। आवेदन जमा करने की अवधि 12 मई से 21 मई तक निर्धारित की गई है। विद्यालय की वेबसाइट से आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है तथा विद्यालय में भी आवेदन प्रपत्र सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक का सेवा प्रमाण-पत्र, अभिभावक का स्थानांतरण प्रमाण-पत्र, बच्चे का जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार फोटो, टीसी सहित पूर्व कक्षा की अंकतालिका जमा करना अनिवार्य होगा। ग्यारहवीं और बारहवीं (विज्ञान संकाय) कक्षाओं में प्रवेश के लिए अभिभावक का श्रेणी-1 अथवा श्रेणी-2 में होना आवश्यक है।

### मां बाला सुंदरी मंदिर में भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जय देवी।** मां बाला सुंदरी चतुर्भुजा जय देवी के प्राचीन मंदिर को भव्य स्वरूप देने के उपलक्ष्य में बुधवार को हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने भाग लेकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व उपप्रधान घनश्याम ने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग और जनसहभागिता से मंदिर के नवीनीकरण कार्य को पूरा किया गया है। मंदिर के नए और आकर्षक स्वरूप को देखकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और इसके सौंदर्यीकरण से धार्मिक वातावरण को नई पहचान मिली है। नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद विधिवत हवन-पूजन किया गया। इसके उपरांत आयोजित भंडारे में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा।

### सरस्वती विद्या मंदिर जयदेवी का परिणाम शानदार

**अनंत ज्ञान, जयदेवी।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर जयदेवी का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का माहौल है। मुख्य अध्यापक राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के मेधावी छात्र उदय ठाकुर ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कुमारी वंशिका ने 90.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा छात्र करण ने 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि का श्रेय उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। शिक्षकों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रत्याशियों की मौजूदगी में ईवीएम की कमीशनिंग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** नगर परिषद सुंदरनगर चुनाव-2026 के तहत बुधवार को ईवीएम कमीशनिंग प्रक्रिया प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न करवाई गई। यह प्रक्रिया नगर परिषद चुनाव के लिए नियुक्त ऑब्जर्वर शशि पाल नेगी की मौजूदगी तथा निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी की निगरानी में आयोजित हुई। इस दौरान तहसीलदार सुंदरनगर अंकित शर्मा, नायब तहसीलदार आदित्य गुलरिया और नायब तहसीलदार निर्वाचन सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सबसे पहले प्रत्याशियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया। इसके बाद ईवीएम मशीनों को बाहर निकालकर सभी के समक्ष उनका निरीक्षण किया गया। मशीनों की कार्यप्रणाली तथा तकनीकी पहलुओं की जांच भी प्रत्याशियों को दिखाते हुए की गई, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहे। निर्वाचन अधिकारी अमर नेगी ने बताया कि बैलेट यूनिट तथा कंट्रोल यूनिट को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विधिवत रूप से तैयार किया गया है।

# फुटपाथ पर सामान, हाईवे पर जोखिम में जान

## सरकाघाट बाजार में अवैध पार्किंग-अतिक्रमण से बढ़ा हादसों का खतरा, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** सरकाघाट बाजार से गुजरने वाले नेशनल हाईवे के दोनों ओर पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए बनाए गए फुटपाथ अब अवैध कब्जों और दोपहिया वाहनों की पार्किंग की भेंट चढ़ चुके हैं। दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर सामान सजाने और रेहड़ी-फड़ी वालों के कब्जे के कारण लोगों के लिए पैदल चलना मुश्किल हो गया है। मजबूरन स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम राहगीरों को व्यस्त हाईवे पर जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि लंबे समय से बाजार में फुटपाथों पर अवैध अतिक्रमण और पार्किंग का सिलसिला जारी है, लेकिन पुलिस, प्रशासन और नगर परिषद इस गंभीर समस्या पर केवल मूकदर्शक बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि कभी-कभार पुलिस चालान काटकर औपचारिकता निभा देती है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। हाईवे किनारे बने फुटपाथ पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए बनाए गए थे, लेकिन वर्तमान में इन पर दुकानदारों का सामान, रेहड़ियां और खड़े दोपहिया वाहन दिखाई देते हैं। ऐसे में राहगीरों को सड़क पर उतरना पड़ता है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन संबंधित विभागों ने अभी तक इस दिशा में गंभीरता नहीं दिखाई।


फुटपाथ पर बिक्री के लिए रखे पौधे।



फुटपाथ पर पार्क किए गए दोपहिया वाहन।


फुटपाथ पर सजाया सामान।

### तुरंत हटे अतिक्रमण

**स्थानीय** नागरिकों ने मांग उठाई है कि फुटपाथों से तुरंत अतिक्रमण हटाया जाए, अवैध पार्किंग पर सख्ती से रोक लगे और नगर परिषद, पुलिस तथा प्रशासन संयुक्त अभियान चलाकर बाजार क्षेत्र को सुरक्षित बनाया जाए। लोगों ने कहा कि केवल चालान काटने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि नियमित निगरानी और सख्त कार्रवाई जरूरी है।

### लोगों ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

**एमसी** के पूर्व अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ पूर्व उपाध्यक्ष प्रताप चौहान अश्विनी गुलेरिया बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भूप सिंह ठाकुर, देशराज ठाकुर, उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय चंदेल, विशाल ठाकुर, संजय ठाकुर, मनीष कंवर, राकेश ठाकुर, मनोज जमवाल, हंसराज ठाकुर, विकलांग संघ के प्रदेश अध्यक्ष हरिदास प्रजापति वरिष्ठ नागरिक संघ उपाध्यक्ष प्रमिला बनयाल, शकुंतला देवी, ईश्वरी गुप्ता, सेवा संकल्प समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि महासचिव राकेश, पंकज, राजकुमार शर्मा, कमलेश गुलेरिया, शिवकुमार, सकलानी आदि ने शहर के फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने, अवैध पार्किंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने और स्कूल समय में विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू करने की नगर परिषद और प्रशासन से की मांग की है।

### चुनावों के बाद होगी कार्रवाई : डीएसपी

**डीएसपी** सरकाघाट संजीव कुमार गौतम ने कहा कि पंचायत चुनाव के चलते अधिकतर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी हुई है फिर भी शहर में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद है। कानून तोड़ने वालों के न सिर्फ चालान किए जाएंगे, बल्कि कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नगर परिषद करेगी सामान जब्त : ईओ

**म्युनिसिपल** कॉरपोरेशन के ईओ एवं एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि फुटपाथ पर अतिक्रमण किसी भी हाल में सहन नहीं किया जाएगा, बल्कि सामान जब्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह पुलिस को लिखित आदेश जारी कर रहे हैं कि फुटपाथ पर पार्किंग करने वाले दो पहिया चालकों के चालान काटे जाएं।

## नगर निगम मंडी चुनाव :15 से 17 मई तक ड्राई डे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने अधिसूचना जारी कर नगर निगम मंडी के मतदान क्षेत्र में 17 मई को मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व अर्थात 15 मई सायं 3 बजे के बाद से मतदान समाप्ति तक तथा 31 मई को मतगणना दिवस पर ड्राई डे घोषित किया है। राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश के निर्देशों तथा हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 30-1 के तहत 15 मई सायं 3 बजे से लेकर 17 मई को अपराह्न 3 बजे तक किसी भी होटल, रेस्टोरेंट, बार, क्लब, शराब की दुकान अथवा अन्य सार्वजनिक या निजी स्थान पर शराब अथवा शराब जैसी नशीली वस्तु की बिक्री, वितरण अथवा परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध मतगणना दिवस 31 मई को भी लागू रहेगा। आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 30-1 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

◆ **शराब और अन्य नशीली वस्तु की बिक्री व वितरण पर रहेगा प्रतिबंध**

# बेसहारा पशुओं से बढ़ीं राहगीरों की मुश्किलें

## स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों का हरदम सताता रहता है हादसे का डर

अनंत ज्ञान

**अंकित, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर शहर में बेसहारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बाजार, मुख्य सड़कों और गलियों में दिनभर घूम रहे आवारा पशु लोगों के लिए परेशानी का सबब बन चुके हैं। हालात यह हैं कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को हर समय हादसे का डर सताता रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है।

वहीं, नगर परिषद चुनावों का माहौल गर्म होने के बावजूद चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी भी इस मुद्दे पर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार हर साल बेसहारा पशुओं की वजह से दो दर्जन से अधिक लोग घायल होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। कई बार पशु अचानक सड़क के बीच आ जाते हैं, जिससे वाहन चालक संतुलन खो बैठते हैं और हादसे हो जाते हैं। बाजार में घूम रहे पशुओं से दुकानदारों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पशु दुकानों के बाहर रखा सामान खराब कर रहे हैं और कई बार लोगों पर हमला भी कर चुके हैं। शहरवासियों ने प्रशासन और नगर परिषद से मांग उठाई है कि बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ सदनों या सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और शहर की सड़कों पर बढ़ते खतरे को समय रहते रोका जा सके।


फाइल फोटो

# गोहर में धार्मिक स्थलों पर डीजे व कॉकटेल पार्टियों पर प्रतिबंध

अनंत ज्ञान

**सुनील शर्मा, गोहर।** उपमंडल गोहर में मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए धार्मिक स्थलों पर डीजे, तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों और कॉकटेल पार्टियों के आयोजन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश सर्व देव परंपरा संस्कृति संरक्षक एवं निर्वहन कमेटी, उपमंडल गोहर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अवलोकन के बाद जारी किए गए हैं। आवेदन में आरोप लगाया गया था कि कुछ धार्मिक स्थलों पर डीजे बजाने, कॉकटेल पार्टियों और अन्य अनुचित गतिविधियों के आयोजन से धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं तथा क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन ने थाना प्रभारी गोहर को नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 सहित अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं पंचायत प्रधानों एवं सचिवों को भी आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने तथा किसी भी उल्लंघन की सूचना तुरंत प्रशासन को देने को कहा गया है।

◆ **आदेशों का उल्लंघन करने पर होगी सख्त कार्रवाई**

### विद्यालय में नंदिनी और रिया सूद ने किया टॉप

# डीएवी सीपीएस मंडी का सीबीएसई 12वीं क्लास का परिणाम शानदार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इस कड़ी में डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता की परंपरा को गौरवशाली तरीके से दोहराते हुए सीबीएसई कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें परीक्षा में शामिल हुए सभी 104 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल ने इस बार 77.3 का शानदार गुणवत्ता प्रदर्शन सूचकांक दर्ज किया है, वहीं कुल 16 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। ह्यूमैनिटीज संकाय में नंदिनी और रिया सूद ने संयुक्त रूप से 96.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि श्रेया ठाकुर 95.8 प्रतिशत के साथ दूसरे और ऐशान्या शर्मा 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। मेडिकल संकाय में ऋषिका 95.6 प्रतिशत अंक लेकर टॉपर बनीं, वहीं दक्ष कपूर ने 94.8 प्रतिशत के साथ दूसरा और तंजिल ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार नॉन-मेडिकल संकाय में तन्मय सोनी 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम रहे, जबकि आदर्श ने 92.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय और क्षितिज गोयल ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पाया। कॉमर्स संकाय में जपनीत कौर ने 90.8 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि रिधवान ने 86.6 प्रतिशत के साथ दूसरा और विभोर व अभ्युदय ने 86.4 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी।



# स्कूल जा रहे बच्चों और मां पर रंगड़ों का हमला, तीनों घायल



अनंत ज्ञान

**अंकित कुमार, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत द्राहल के मतकेहड़ गांव में मंगलवार सुबह रंगड़ों के हमले में एक महिला और उसके दो बच्चे घायल हो गए। तीनों का स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार संगीता अपने बेटे साहिल और बेटी मुस्कान को स्कूल छोड़ने जा रही थीं।

इसी दौरान स्कूल के समीप मौजूद रंगड़ों के छत्ते से अचानक रंगड़ों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में तीनों घायल हो गए। बताया जा रहा है कि मुस्कान पांचवीं कक्षा, जबकि साहिल सातवीं कक्षा का छात्र है।

रंगड़ों के हमले में मां संगीता को बच्चों की तुलना में अधिक डंक लगे हैं, जिसके चलते उनकी हालत ज्यादा खराब बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

◆ **उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, इलाज जारी**

# प्रत्याशियों के समक्ष ईवीएम को किया तैयार

## प्रशासन ने चुनावों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने को सबके समक्ष पूरी की प्रक्रिया

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद जोगिंद्रनगर के आगामी चुनावों के दृष्टिगत रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी की निगरानी में प्रत्याशियों के समक्ष ईवीएम को पोलिंग के लिए तैयार किया गया।

इस दौरान पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने हेतु प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। निर्धारित प्रक्रिया के तहत सबसे पहले प्रत्याशियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम को खोला गया। इसके उपरांत ईवीएम मशीनों को बाहर निकालकर सभी के समक्ष उनका निरीक्षण किया गया। मशीनों की कार्यप्रणाली तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच प्रत्याशियों को दिखाते हुए की गई, ताकि उन्हें किसी प्रकार की शंका न रहे।

रिटर्निंग अधिकारी मनीश चौधरी ने बताया कि बैलेट यूनिट तथा कंट्रोल यूनिट को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार विधिवत रूप से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए हर चरण में प्रत्याशियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में आज की यह प्रक्रिया भी प्रत्याशियों की उपस्थिति में संपन्न करवाई गई।



जोगिंद्रनगर में प्रत्याशियों के समक्ष ईवीएम को किया तैयार करते हुए।

### नामांकन पत्र वापस लेने के लिए आज और कल आखिरी दिन

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर विकास खंड के अंतर्गत आने वाले तीन जिला परिषद वार्डों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया मंगलवार को पूरी कर ली गई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल ने बताया कि सभी 12 नामांकन पत्र जांच के बाद वैध पाए गए हैं। वार्ड संख्या 32-सरी, 34-टिहरा और 35-सोहर से सभी महिला उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार दस्तावेजों की गहन जांच की गई। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत 14 और 15 मई को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं।

# लोहारा स्कूल के स्टूडेंट्स ने जीरकपुर में हासिल किए मेरिट प्रमाण पत्र


ओजेटी सह एक्सपोजर विजिट में प्रतिभा दिखाने वाले विद्यार्थी स्कूल स्टाफ के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोहारा के विद्यार्थियों ने ओजेटी सह एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जीरकपुर में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने भाग लेकर व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। विद्यालय के वोकेशनल टीचर एलडी ठाकुर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित आईटीईएस परीक्षा में विद्यालय के छात्र नैतिक चौधरी और आशी अटल ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। इसी उपलब्धि के आधार पर दोनों विद्यार्थियों का चयन ओजेटी कम एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के लिए किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यस्थलों का भ्रमण कर वहां की कार्यप्रणाली को करीब से समझा। साथ ही डाटा हैंडलिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक विषयों की जानकारी भी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में आयोजित परीक्षा में दोनों विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए मेरिट प्रमाण पत्र हासिल किए।

**सियासत** | अरसे बाद संघोल में गरजे पूर्व मंत्री, कहा- पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी का होगा सूपड़ा साफ

# बेटी वंदना नहीं, बेटा रजत संभालेगा गद्दी : महेंद्र सिंह

अनंत ज्ञान

**मंडी।** अरसे बाद धर्मपुर से 7 बार विधायक और 3 बार कैबिनेट मंत्री रहे महेंद्र सिंह ठाकुर आज फिर पुराने तेवर में नजर आए और स्थानीय विधायक से लेकर प्रदेश सरकार को खूब खरी खोटी सुनाई। जिला परिषद सदस्य वार्ड सोहर से भाजपा समर्थित उम्मीदवार अंजना कुमारी सहित क्षेत्र के विभिन्न अपने समर्थकों के लिए आयोजित जनसभा में भाजपा के पूर्व कद्दावर मंत्री महेंद्र सिंह ने प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक पर जमकर निशाना साधा।

महेंद्र सिंह की विरासत बेटा या बेटी में से कौन संभालेगा इसे लेकर आज उन्होंने क्लियर कर दिया है, बल्कि साफ कहा है कि उनकी विरासत उनका बेटा रजत ठाकुर ही संभालेगा और वह उसका साथ देंगे उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बड़ा बयान देते हुए ठाकुर महेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2027 के चुनावों में उनके बेटे रजत ठाकुर धर्मपुर विधानसभा का नेतृत्व संभालेंगे, जबकि वे स्वयं जमीनी स्तर पर जनता के बीच रहकर उनका सहयोग करेंगे।

पूर्व मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ था। सड़कों, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन मौजूदा विधायक और प्रदेश सरकार क्षेत्र के लिए कोई बड़ी परियोजना लाने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग स्वयं को अत्यधिक पढ़ा-लिखा और दूरदर्शी बताते थे, उनसे आज धर्मपुर की जनता का मोहभंग हो चुका है। क्योंकि उनके चलाये हुए विकास कार्यों को ही पूरा नही कर पाए न ही कोई क्षेत्र के लिए एक करोड़ की कोई विकास कार्य कर पाए।

संधोल महाविद्यालय का मुद्दा उठाते हुए महेंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कॉलेज को बंद करने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि भाजपा सरकार के समय इस कॉलेज में विज्ञान संकाय सहित अन्य व्यवसायिक कोर्स की कक्षाएं शुरू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन यदि वर्तमान सरकार इस संस्थान को बंद करने की दिशा में कदम बढ़ाती है तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

उन्होंने अस्पताल भवन निर्माण कार्य में देरी को लेकर भी सरकार और स्थानीय विधायक को घेरा। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री से अस्पताल भवन के एक खंड का उद्घाटन करवाया था,उसके बाद सांसद अनुराग ठाकुर ने केंद्र से 10 लाख रुपये ओर मंजूर करवाये लेकिन सरकार बदलते ही निर्माण कार्य ठप पड़ गया। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है।

इसके अलावा उन्होंने मिनी सचिवालय में बंद पड़ी पार्किंग, संधोल नाले के चैनलाइजेशन कार्य, सीवरेज परियोजना, सड़कों की बदहाल स्थिति और ईसीएचएस सुविधा से जुड़े कार्यों के लंबित रहने पर भी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता विकास कार्यों के रुकने से बेहद निराश है और आने वाले समय में इसका जवाब जनता खुद देगी।


जनसभा को संबोधित करते पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर। अनंत ज्ञान

### भाजपा समर्थित उम्मीदवार के लिए मांगे वोट

**सभा** को संबोधित करते हुए महेंद्र सिंह ने संधोल और सोहर क्षेत्र के मतदाताओं से भाजपा समर्थित उम्मीदवार अंजना कुमारी को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अंजना कुमारी वर्ष 2015 से 2020 तक ग्राम पंचायत नेरी की प्रधान रह चुकी हैं और अपने कार्यकाल में उन्होंने पंचायत के विकास के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला परिषद सदस्य बनने के बाद भी अंजना क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 17 मई को संबंधित क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के शहरी निकाय चुनावों के दृष्टिगत 17 मई को संबंधित शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह आदेश उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार नगर परिषद मैहतपुर-बसदेहड़ा, नगर परिषद संतोषगढ़, नगर पंचायत दौलतपुर चौक, नगर पंचायत टाहलीवाल, नगर पंचायत गगरेट तथा नगर पंचायत अम्ब क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी। डीसी ने बताया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इन क्षेत्रों में स्थित सभी सरकारी कार्यालय, बोर्ड, निगम, शैक्षणिक संस्थान तथा औद्योगिक विवाद अधिनियम के अंतर्गत आने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान उक्त तिथि को बंद रहेंगे। इसके अतिरिक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी नियमानुसार सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। साथ ही, ऐसे कर्मचारी, जो जिला ऊना में अन्य स्थानों पर कार्यरत हैं, लेकिन संबंधित शहरी निकाय क्षेत्रों में मतदाता हैं, उन्हें मतदान करने के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जा सकेगा।

### ऊना जिले में 16 व 17 मई को ड्राई-डे घोषित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना के शहरी निकाय क्षेत्रों में आगामी शहरी निकाय चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से 16 तथा 17 मई को ड्राई-डे घोषित किया गया है। यह आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार निर्धारित तिथियों के दौरान संबंधित शहरी निकाय क्षेत्रों में सभी शराब के ठेके पूर्णतः बंद रहेंगे व किसी भी प्रकार की मादक पेय पदार्थों की बिक्री, वितरण व परोसने पर प्रतिबंध रहेगा। डीसी ने बताया कि यह निर्णय चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने व स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। इसके अतिरिक्त नगर निगम ऊना तथा नगर पंचायत बंगाणा में इस चरण के अंतर्गत नगर निकाय चुनाव प्रस्तावित नहीं हैं, इसलिए यह आदेश उक्त दोनों क्षेत्रों में लागू नहीं होंगे।

### बार काउंसिल का सदस्य बनने पर संजीव का स्वागत

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** अंब उपमंडल के सूरी निवासी संजीव कुमार सूरी जो हिमाचल हाईकोर्ट में वकालत कर रहे हैं उनका चयन हिमाचल बार काउंसिल में बतौर सदस्य के रूप में हुआ है। अंब पहुंचने पर उनका अंब बार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अंब के प्रधान विकास कश्यप, महासचिव रमेश तक्खी, उपप्रधान संदीप शर्मा, संयुक्त सचिव शिल्पा, वित्त सचिव अनिता, एडवोकेट हरदीप जससल, एडवोकेट दिनेश कुमार आदि काफी संख्या में वकील उपस्थित रहे।

### राज कुमारी अपना उपप्रधान का नामांकन वापस लेंगी

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकुमारी शर्मा ने गोंदपुर बनेहड़ा लो पंचायत के उपप्रधान पद का चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास व सरकारी अनुदान का लाभ सुनिश्चित करने के लिए उपप्रधान व अन्य पंचायत सदस्यों का सर्वसम्मति से चयन होना चाहिए। राजकुमारी शर्मा ने बताया कि करीब 100 ग्रामीणों के आग्रह पर उन्होंने नामांकन भरा था, लेकिन पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि सर्वसम्मति बनने पर वह चुनाव नहीं लड़ेंगी। कोरोना काल में उन्होंने पंचायत सदस्य के रूप में मिलने वाली सैलरी भी नहीं ली थी। पंचायत सदस्य रहते हुए उन्होंने गांव में सामाजिक कार्यों, ऐतिहासिक तालाब निर्माण, सोलर लाइट, माता सरस्वती प्रतिमा स्थापना और जरूरतमंदों की सहायता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### छात्रों को मिला व्यावहारिक व सामाजिक अनुभव

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय महाविद्यालय ऊना की आर/आर यूनिट तथा अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 11 मई 2026 तक चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण में 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ श्री आनंदपुर साहिब से हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने रोहतांग पास, कक्सर, ग्रांफू, सोलंग वैली, अंजनी महादेव, वशिष्ठ मंदिर और जोगिनी वाटरफॉल का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने जनजातीय जीवन, स्थानीय संस्कृति, पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण का समापन बिजली महादेव मंदिर में हुआ। यात्रा का नेतृत्व डॉ. शाम सिंह बैंस और प्रोफेसर किरण बाला ने किया। प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने आयोजन की सराहना की।

### सीएम सुक्खू के समक्ष पेंशनर्स ने रखी मांगें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय शिमला में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पेंशनर्स की 14 सूत्रीय मांगों को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान तथा 1 जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के आर्थिक लाभों के शीघ्र निपटारे की मांग रखी। समिति ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उन्हें जायज बताया और अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रतिनिधियों ने प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर के प्रयासों की सराहना की। समिति ने पेंशनर्स से एकजुट रहने की अपील करते हुए लंबित लाभ जल्द जारी करने की मांग दोहराई।

### शिक्षा मंत्री रोहित से मिले लाइब्रेरी अभ्यर्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश में पुस्तकालयों में रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर जेओए लाइब्रेरी अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान भर्ती में केवल 78 पद विज्ञापित किए गए हैं, जबकि विभाग में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं। अभ्यर्थियों ने मांग की कि पूर्व में कैबिनेट द्वारा स्वीकृत 235 पदों के साथ-साथ लगभग 400 अतिरिक्त पदों को भी भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाए, ताकि अधिक युवाओं को रोजगार मिल सके। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए पदों की संख्या बढ़ाने पर सकारात्मक आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि अभ्यर्थी इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करें। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जिस पर अभ्यर्थियों ने मंत्री का आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस समर्थित लोग भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर में नगर परिषद चुनाव से पहले राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थित लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। विधायक त्रिलोक जमवाल ने सभी को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। शामिल होने वालों में यासिर अली, फरहान, वसीम, आदित्य शर्मा, बालकर्ण सिंह और प्रदीप सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने विकास के नाम पर जनता को निराश किया है। उन्होंने दावा किया कि नगर परिषद चुनाव में जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी और भाजपा को समर्थन मिलेगा।

### हरनोड़ा स्कूल का 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, बरमाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हरनोड़ा ने इस वर्ष दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता हासिल करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश सिंह ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। परीक्षा में छात्रा प्रियंका ठाकुर ने 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियंका वर्मा ने 94 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा तथा अर्चना कुमारी ने 92 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने तीनों छात्राओं को सम्मानित किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शिक्षकों के अनुशासन, समर्पण और विद्यार्थियों के साथ बेहतर समन्वय को सफलता का मुख्य आधार माना जा रहा है।

### झंडूता में पुलों की अप्रोच रोड को मिली रफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र में पूर्व भाजपा सरकार के समय निर्मित पुलों की अप्रोच रोड के निर्माण को लेकर विधायक जीतराम कटवाल के प्रयास सफल रहे हैं। केंद्र सरकार की सहायता से करीब 20 करोड़ रुपये का बजट मंजूर हुआ है। बुधवार को विधायक ने विभागीय अधिकारियों के साथ बाला-चंगर, बाला-देहलवीं, दुर्ग खड्ड तथा दसलेहड़ा-खमेहड़ाकलां पुलों के लिए प्रस्तावित अप्रोच रोड का निरीक्षण किया और कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों तक विकास पहुंचाना है और क्षेत्र के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता लगातार जारी रहेगी।

### एनईपी के क्रियान्वयन को लेकर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के आईक्यूएसी सेल के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. पी. एस. कटवाल ने की। कार्यशाला में नए शैक्षणिक सत्र से लागू होने वाली एनईपी-2020 के तहत शुरू किए जाने वाले पाठ्यक्रमों पर शिक्षकों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय के लिए क्रमशः डॉ. नवेंदु बंसल, डॉ. सोनिया और डॉ. सुरेश जमवाल ने प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों, लाभों और प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा हुई।

# संतोषगढ़ में पार्किंग संकट बना बड़ी समस्या सड़क किनारे खड़े वाहनों से लोग परेशान

अनंत ज्ञान

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल।** नगर पंचायत से नगर परिषद बनने का सफर तय कर चुके संतोषगढ़ शहर में आज भी कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। इनमें सबसे बड़ी और गंभीर समस्या वाहन पार्किंग की है, जिसका समाधान वर्षों बाद भी नहीं हो पाया।

अनंत ज्ञान मुद्दा

चुनाव दर चुनाव नए पार्षद और जनप्रतिनिधि चुनकर आते रहे, लेकिन शहरवासियों को इस समस्या से राहत नहीं मिल सकी। शहर के गुरु रविदास मंदिर से लेकर वार्ड नंबर-8 स्थित स्वां नदी की ओर जाने वाले मार्ग तक सड़क के दोनों किनारों पर खड़े वाहनों का नजारा आम हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर दिनभर वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है, जिससे राहगीरों, दोपहिया चालकों व स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि वोट बैंक की राजनीति के चलते इस समस्या पर सख्ती से कार्रवाई करने से बचते रहे हैं।

बाजार क्षेत्र में भी लोग अपनी मोटरसाइकिलें और कारें सड़क किनारे इस तरह खड़ी कर देते हैं मानो वहां स्थायी पार्किंग स्थल बनाया गया हो। यदि कोई वाहन हटाने को कहे तो कई बार विवाद की स्थिति तक बन जाती है। पुराने बस अड्डे से लेकर गुरु रविदास मंदिर तक यह स्थिति लगातार बनी रहती है। खासकर वार्ड नंबर-8 की कॉलोनी के निवासियों के लिए यही मुख्य मार्ग है, लेकिन सड़क पर खड़े वाहनों के कारण उनका आवागमन प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनावों के दौरान हर उम्मीदवार विकास के बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन अब देखना यह होगा कि नई परिषद इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकाल पाती है या नहीं।



**वार्ड नंबर-5** निवासी अजय ने कहा कि वार्ड के मुख्य द्वार के पास कुछ लोग बीच गली में वाहन खड़े कर बाजार में खरीदारी करने चले जाते हैं, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को काफी दिक्कत होती है।



**समाजसेवी** नरेश चौधरी ने कहा कि शहर के कई वार्डों की गलियों में महीनों तक वाहन खड़े रहते हैं, मानो लोगों ने गलियों को निजी पार्किंग बना लिया हो। उन्होंने नगर परिषद से शहर में अलग से पार्किंग स्थल चिन्हित करने की मांग की।



**हरिकिशन** सैनी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को शहर की पुरानी धरोहरों को बचाने व शहर को व्यवस्थित बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास करने चाहिए। साथ ही आम लोगों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



**संजीव** वर्मा ने कहा कि सड़क पर खड़े वाहनों के कारण आपातकालीन सेवाओं को भी परेशानी होती है। यदि किसी समय एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड को निकलना पड़े तो उन्हें वाहनों के बीच फंसना पड़ सकता है, जिससे कीमती समय खराब होता है।



**सोनू** चौधरी ने कहा कि पुराने बस अड्डे से लेकर स्कूलों तक मुख्य बाजार में सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण रोजाना जाम लग रहा है। उन्होंने बताया कि बाजार क्षेत्र में अव्यवस्थित पार्किंग और बढ़ते यातायात से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही हैं जो शहर की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी है।

# दुलैहड़ में दर्दनाक सड़क हादसा, टिप्पर से टकराई बाइक, 35 वर्षीय युवक की मौत

अनंत ज्ञान

**टाहलीवाल।** ऊना जिले के हरोली उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव दुलैहड़ में रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

हादसा उस समय हुआ, जब एक अनियंत्रित बाइक सामने से आ रहे टिप्पर से जा टकराई। दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय रविंद्र कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी गांव दुलैहड़, तहसील हरोली के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा दुलैहड़ बस स्टैंड के पीछे स्थित एक मोड़ के समीप हुआ। टिप्पर चालक ब्रजेश सिंह पुत्र अजय पाल सिंह निवासी जिला प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह लुधियाना (पंजाब) से टिप्पर लेकर गोड्डदपुर बुल्ला स्थित एक स्टोन क्रशर की ओर जा रहा था। इसी दौरान जब वह दुलैहड़ बस स्टैंड के पीछे मोड़ के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही बाइक तेज रफ्तारी व कथित लापरवाही के चलते गलत दिशा में आकर सीधे टिप्पर से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल युवक को उपचार के लिए दुलैहड़ के स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस संबंध में सचिन हीरेमठ ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मौके की स्थिति, प्रत्यक्ष तथ्यों और चालक के बयान के आधार पर संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों की गहनता से जांच कर रही है।

### पुलिस ने लिया टिप्पर चालक का ब्लड सैंपल

**घटना** की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के साथ-साथ टिप्पर चालक का भी मेडिकल परीक्षण करवाया है। नशे या अन्य संभावित कारणों की जांच के लिए टिप्पर चालक का ब्लड सैंपल भी कब्जे में लिया गया है।

# मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न चरणों की विस्तृत व व्यावहारिक जानकारी दी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना में प्रथम चरण का चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम व रिटर्निंग अधिकारी अभिषेक मित्तल ने की।

प्रथम चरण के इस चुनावी पूर्वाभ्यास में कुल 668 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें 178 पीठासीन अधिकारी तथा 490 मतदान अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न चरणों की विस्तृत एवं व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। एसडीएम ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार हैं तथा निर्वाचन प्रक्रिया में तैनात प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका अत्यंत अहम होती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण एवं रिहर्सल के दौरान दी जा रही जानकारी को गंभीरता से ग्रहण करें तथा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, सजगता एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया प्रातः 7 से सायं 3 बजे तक संपन्न करवाई जाएगी। पूर्वाभ्यास के दौरान मतदान केंद्रों पर अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, निर्वाचन सामग्री के प्रबंधन, मतदान की विधि तथा अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एसडीएम ने बताया कि दूसरे चरण की चुनावी रिहर्सल 18 मई तथा तीसरे चरण का पूर्वाभ्यास 24 मई को ऊना कॉलेज में आयोजित किया जाएगा।

# वशिष्ट पब्लिक स्कूल का बारहवीं का परीक्षा परिणाम शानदार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना के विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है।

इस वर्ष विद्यार्थियों ने शानदार अंकों के साथ सफलता हासिल कर अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिचय दिया। विद्यालय के परीक्षा परिणाम में 9 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 21 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा अनुष्का ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। गहना छाबड़ा ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि अन्विता शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा राशी ने 94.8 प्रतिशत, विनायक राणा ने 90.2 प्रतिशत, आंचल शर्मा ने 90.2 प्रतिशत, अनिमा वशिष्ट ने 90 प्रतिशत, पार्थ अरोड़ा ने 90 प्रतिशत तथा आयुषी रायजादा ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।



◆ अनुष्का ने किया टॉप, गहना छाबड़ा द्वितीय, अन्विता तीसरे स्थान पर

विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के राष्ट्र निर्माता हैं व यदि वे इसी प्रकार आत्मविश्वास, अनुशासन व परिश्रम के साथ आगे बढ़ते रहे, तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय के निदेशक अनुज वशिष्ट ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि अच्छे संस्कार, सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास ही जीवन में वास्तविक सफलता दिलाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के माता-पिता को भी विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों की प्रेरणा, त्याग और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

# ब्रॉडगेज रेल लाइन से जुड़े भूमि अधिग्रहण मामले में राज्य सरकार को फिलहाल नहीं मिली राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में प्रस्तावित भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी ब्रॉडगेज रेल लाइन से जुड़े भूमि अधिग्रहण मामले में राज्य सरकार को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट से फिलहाल राहत नहीं मिली है। अदालत ने 25 मार्च 2026 को जारी अधिसूचना पर अंतरिम रोक लगाते हुए अगली सुनवाई तक इसे स्थगित कर दिया है। यह आदेश कुलदीप ठाकुर व अन्य बनाम हिमाचल प्रदेश सरकार (सीपीडब्ल्यू नंबर 7206/2026) मामले में दिया गया।

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 29 मार्च 2023 को जारी प्रारंभिक अधिसूचना के अनुसार भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया 12 महीनों के भीतर पूरी होनी चाहिए थी, जैसा कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता अधिनियम, 2013 की धारा 19(7) में प्रावधान है। लेकिन निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद सरकार ने समय सीमा को पहले 16 मार्च 2024 और फिर 22 मार्च 2025 को बढ़ाया, और बाद में 25 मार्च 2026 को तीसरी बार एक वर्ष का विस्तार दे दिया।

हाईकोर्ट की खंडपीठ ने प्रारंभिक सुनवाई में पाया कि समय सीमा बढ़ाने के पीछे ठोस और पर्याप्त कारण रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किए गए हैं। अदालत ने कहा कि कानून के अनुसार विशेष परिस्थितियों में समय बढ़ाया जा सकता है, लेकिन इसके लिए स्पष्ट और वैध कारण होना आवश्यक है।

यह परियोजना लगभग 6700 करोड़ रुपये की लागत से रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। इसके तहत बिलासपुर सदर तहसील के करीब 10 गांवों की लगभग 538 बीघा भूमि अधिग्रहित की जानी है। मामले की अगली सुनवाई 1 जून 2026 को निर्धारित की गई है, जिसमें विस्तृत विचार होगा।

### चुनावी सख्ती के बीच बिलासपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# ट्रक से 150 पेटी अवैध बीयर बरामद

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के मद्देनज़र जिले भर में चल रही सघन नाकाबंदी के दौरान बिलासपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मंडी-भराड़ी पुल के पास एक ट्रक से अवैध रूप से ले जाई जा रही करीब 150 पेटी बीयर बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी और वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस टीम ने मंडी-भराड़ी पुल के पास एक ट्रक को जांच के लिए रोका।

तलाशी के दौरान ट्रक से 150 पेटी बीयर बरामद हुई। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर चालक शराब से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

एसपी संदीप धवल ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव समाप्त होने तक जिले में नाकाबंदी और जांच अभियान को और अधिक सख्त किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जा सके।

# बिलासपुर नप चुनाव: भाजपा और कांग्रेस में कांटे की टक्कर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर नगर परिषद के 11 वार्डों में 17 मई को होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव में मुकाबला इतना करीबी माना जा रहा है कि इसे दोनों दलों की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा है।

कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक बंबर ठाकुर अपने समर्थित उम्मीदवारों को जिताने के लिए लगातार प्रचार कर रहे हैं, वहीं भाजपा विधायक त्रिलोक जमवाल भी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मैदान में डटे हुए हैं।

यह चुनाव भाजपा के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि बिलासपुर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का गृह जिला है। ऐसे में भाजपा यहां जीत दर्ज कर अपना मजबूत जनाधार दिखाना चाहती है। उधर, प्रदेश में कांग्रेस सरकार होने के कारण यह चुनाव कांग्रेस के लिए भी अहम माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार नगर परिषद के नतीजे यह संकेत देंगे कि वर्तमान समय में बिलासपुर में किस दल की पकड़ अधिक मजबूत है।

शहर में सफाई, पेयजल, सड़क और पार्किंग जैसे स्थानीय मुद्दे चुनाव में प्रमुख बने हुए हैं। दोनों दल घर-घर जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं।

### नरेश देवी अध्यक्ष पद की मजबूत दावेदार

**इस** बार नगर परिषद अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित है। भाजपा समर्थित नरेश देवी को अध्यक्ष पद का सबसे मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वह पहले भी पार्षद रह चुकी हैं और इस बार वार्ड नंबर-1 से चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा संगठन का समर्थन मिलने से उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।

# धवाल में 135 से अधिक ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ




स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते डॉक्टर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व कार्यों के अंतर्गत ग्राम पंचायत धवाल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में लगभग 135 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर के दौरान मरीजों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप (बीपी) जांच, ब्लड शुगर परीक्षण, दंत परीक्षण, हीमोग्लोबिन जांच तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शामिल रहे। चिकित्सकों द्वारा परामर्श के अनुसार आवश्यक दवाइयाँ मौके पर ही वितरित की गईं तथा प्रत्येक व्यक्ति को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी प्रदान की गई, ताकि उनकी निरंतर देखभाल एवं बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके।

शिविर का संचालन धन्वन्तरी अस्पताल के चिकित्सकों एवं एनटीपीसी कोलडैम के सीएसआर विभाग की समर्पित टीम द्वारा किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी एवं जनहितकारी बताया।

**सम्मान** 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी नवाजे

# टॉप-10 में जगह बनाने वाले 21 छात्र सम्मानित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के बचत भवन में जिला शिक्षा विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त राहुल कुमार तथा अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।



स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थी नवाजे। अनंत ज्ञान

इस वर्ष जिला बिलासपुर के 21 विद्यार्थियों ने प्रदेश की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम पूरे हिमाचल में रोशन किया। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि सफलता केवल अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि अनुशासन, निरंतर मेहनत, सकारात्मक सोच और समय प्रबंधन भी उतने ही जरूरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने, नशे से दूर रहने तथा अच्छे मित्रों का चयन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि असफलता भी जीवन का हिस्सा है और इससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने कहा कि परीक्षा जीवन का केवल एक पड़ाव है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उपयोग समाज और राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया।

12वीं विज्ञान संकाय में मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दिवांगी ने 490 अंक लेकर प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरठीं के शिवम शर्मा ने सातवां, आर.के. सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल घंडालवीं की मुस्कान शर्मा ने आठवां तथा अनन्या शर्मा और वैदेही शर्मा ने संयुक्त रूप से दसवां स्थान हासिल किया। 12वीं कला संकाय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जकातखाना की गौरी शर्मा ने 493 अंक लेकर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि तेजस्विनी शर्मा ने दसवां स्थान हासिल किया।

10वीं कक्षा में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर की पूर्णिमा शर्मा ने 698 अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा अभिमन्यु पटियाल, हर्षिता, काव्या, ऋद्धिमा ठाकुर, आरव शर्मा, आयुष शर्मा, नविता शर्मा, जैस्मिन, हर्षिता चड्ढा, प्रांशी गुप्ता और मनीषा शर्मा सहित अन्य विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपनिदेशक उच्च शिक्षा नरेश चंदेल, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अरुण गौतम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

# रोहतांग व कुंजम बहाल होने को तैयार

## कुल्लू-मनाली व लाहौल में लौटी विंटर वाइब्स, रोहतांग सहित ऊंची चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** मई के महीने में जहां उत्तर भारत के मैदानी इलाके भीषण गर्मी की चपेट में हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश की ऊंची चोटियों पर कुदरत का अलग ही रंग देखने को मिल रहा है।

बुधवार को पर्यटन नगरी मनाली सहित घाटी के ऊपरी इलाकों में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली। रोहतांग दर्रा, शिंकुला, बारालाचा और कुंजम दर्रे सहित तमाम ऊंची चोटियों पर बर्फ के फाहे गिरे, जबकि निचली घाटी में हुई बारिश ने तापमान में भारी गिरावट ला दी है। मनाली में इस समय मई की चिलचिलाती धूप के बजाय दिसंबर जैसी कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। ताजा बर्फबारी ने पर्यटन कारोबारियों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। बुधवार को रोहतांग सहित ऊंची चोटियों में बर्फबारी हुई, जबकि घाटी में बारिश हुई। इस बार मौसम पर्यटन कारोबारियों सहित पर्यटकों के लिए सुहावना बना हुआ है। वहीं, दूसरी ओर किसान-बागवान मौसम के तेवरों से परेशान है। इस बार घाटी में मई महीने में भी सीढ़ियों का मौसम चल रहा है।

लोग व पर्यटक गर्म कपड़े पहनने को मजबूर है। दूसरी ओर शिंकुला दर्रे में हल्की बर्फबारी के बीच वाहनों की आवाजाही सुचारु रही। मनाली लेह मार्ग पर भी वाहनों की आवाजाही जल्द होगी। बीआरओ ने रोहतांग भी लगभग बहाल कर लिया है। यह दर्रा भी पर्यटकों के लिए जल्द बहाल हो जाएगा। तीसरी ओर बीआरओ ने कुंजम दर्रा भी लगभग बहाल कर लिया है। कुछ जगह से बर्फ हटाते ही मनाली काजा मार्ग पर भी छह महीने बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।


लेह-लद्दाख को हिमाचल से जोड़ने वाले खूबसूरत शिंकुला दर्रे के मार्ग का सुंदर नजारा। अनंत ज्ञान

### बागवानों की बढ़ी चिंता

**जहां** एक ओर पर्यटन सेक्टर इस मौसम से खुश है, वहीं घाटी के किसान और बागवान मौसम के इन तेवरों से काफी परेशान हैं। सेब के बगीचों के लिए मई में ऐसी ठंड और बारिश नुकसानदेह साबित हो सकती है। फसल की सेटिंग और विकास के लिए जो तापमान चाहिए, वह फिलहाल सामान्य से काफी नीचे बना हुआ है।

### बर्फ के फाहों के शौकीन पर्यटक चले आएं कुल्लू-मनाली

**पर्यटन** नगरी मनाली में मई महीने में भी दिसम्बर जैसा मौसम चल रहा है। हर रोज ऊंची चोटियों में बर्फ गिर रही है, जबकि घाटी में बारिश हो रही है। बुधवार को भी शिंकुला, रोहतांग, कुंजम व बारालाचा दर्रे सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ के फाहे गिरे, जबकि घाटी में हल्की बारिश हुई है।

# पंजाब के पर्यटकों का आतंक, तलवारों से किया हमला

◆ सड़क दुर्घटना के मामूली विवाद के बाद लुधियाना के पर्यटकों ने सरेआम तलवारें लहराईं व स्थानीय लोगों पर जानलेवा हमला किया

◆ पुलिस का दावा सभी का करवाया गया है मेडिकल

अनंत ज्ञान

**सैंज।** देवभूमि हिमाचल के कुल्लू जिला की सैंज घाटी में पंजाब से आए पर्यटकों की गुंडागर्दी का एक मामला सामने आया है।

सड़क दुर्घटना के मामूली विवाद के बाद लुधियाना के पर्यटकों ने सरेआम तलवारें लहराईं और स्थानीय लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनमें से एक का गाल कट गया और दूसरे के हाथ पर गहरी चोट आई है। घटना 10 मई की शाम करीब 6:30 बजे की है। पुलिस के अनुसार शेर सिंह पुत्र नंत राम निवासी धरमेहड़ा सैंज जब अपनी दुकान से घर लौट रहे थे, तभी पंजाब नंबर की एक तेज रफ्तार बोलेरो कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गए। इस पर जब स्थानीय लोग मोती राम और यादव देव बीच-बचाव करने और पूछताछ करने पहुंचे, तो पर्यटकों ने अपनी गाड़ी से तलवारें निकाल लीं और उन पर हमला कर दिया। आरोपी पंजाब के लुधियाना (खन्ना क्षेत्र) के रहने वाले हैं जिनमें मंदीप सिंह, प्रदीप सिंह, जश्नप्रीत प्रीतपाल शामिल हैं।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, भ्रष्टाचार के आरोप

**वारदात** के बाद इलाके में तनाव फैल गया। स्थानीय ग्रामीणों ने सैंज थाने का घेराव किया और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना है कि आरोपी 'चिट्टे' (सिंथेटिक ड्रग्स) के नशे में थे, लेकिन पुलिस ने उनका मेडिकल करवाने में ढिलाई बरती गई। वहीं, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने पुलिस को 5 लाख रुपए की पेशकश की थी, जिसके बाद उन्हें 'वीआईपी ट्रीटमेंट' दिया गया और मोबाइल तक नहीं छीने गए। ग्रामीण 11 मई की सुबह 4 बजे तक थाने में डटे रहे और निष्पक्ष जांच की मांग करते रहे हैं। वहीं, कुल्लू पुलिस ने आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि मामले में त्वरित कार्रवाई की गई है। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ-साथ गंभीर चोट की पुष्टि होने पर धारा 117(2) जोड़ी गई है। इसके अलावा शस्त्र अधिनियम 1959 और मोटर वाहन अधिनियम के तहत भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस का दावा है कि सभी का मेडिकल करवाया गया है और नशे की पुष्टि के लिए रक्त के नमूने आरएफएसएल मंडी भेजे गए हैं। आरोपियों का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड न मिलने के कारण उन्हें कानूनी नोटिस देकर रिहा किया गया है, जिसका स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में संजय चौहान( ब्लॉगर) व एक पूर्व उप-प्रधान ग्राम पंचायत दुशाहड़ के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में है लेकिन तनाव बना हुआ है।

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**इस** घटना के वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिसमें पर्यटक कार के पास तलवारें लहराते साफ देखे जा सकते हैं। गाड़ी के भीतर अन्य हथियारों के होने की बात भी सामने आई है। इस घटना ने हिमाचल आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा जांच और बाहरी राज्यों से आने वाले हथियारों पर एक बार फिर बहस छेड़ दी है।

## डीएवी मनाली राज्य स्तरीय कराटे चैंपियन में करेगा कुल्लू का प्रतिनिधित्व

# 28 पदक लेकर रहा पहले स्थान पर

अनंत ज्ञान

**मनाली।** कराटे संघ जिला कुल्लू द्वारा सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत बाशिंग में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में वॉरियर मार्शल आर्ट्स, कराटे क्लब मनाली, सूर्या कराटे क्लब तथा अकादमी ऑफ सेल्फ डिफेंस क्लब के लगभग 100 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के 28 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से 21 छात्रों ने स्वर्ण पदक, पांच छात्रों ने रजत पदक तथा दो छात्रों ने कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु व भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी 16 एवं 17 मई को बैजनाथ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में जिला कुल्लू का प्रतिनिधित्व करेंगे। कुमिते वर्ग में लड़कों के मुकाबलों में डीएवी मनाली के छात्र सक्षम, शौर्या, अंशुल, विपुल, आयुष, रेयांश, चन्नय, प्रणव, अभी, ओम तथा आयुष ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं विहान, नीरज, अर्णव भारद्वाज, अभिनव और यश ने रजत पदक जीते, जबकि वैभव ठाकुर और शिवेन ने कांस्य पदक हासिल किए। लड़कियों के कुमिते वर्ग में दक्षिता, वीनुका, सान्वी जोशी, तृषा, सिहोना, सान्या, पदमा तथा दृष्टि ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेल काता वर्ग में आयुष रैना और कनिष्क ने स्वर्ण पदक जीते। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों, प्रशिक्षक रजनीश कुमार एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।


डीएवी स्कूल मनाली के विजेता खिलाड़ी शिक्षकों के साथ। अनंत ज्ञान

## शतरंज प्रतियोगिता में कुल्लू का दबदबा नित्यांश बने चैंपियन, प्रियांशी ने जीता कांस्य

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के नन्हें शतरंज खिलाड़ियों ने सिरमौर के पांवटा साहिब में आयोजित 'हिमाचल प्रदेश राज्य अंडर-07, अंडर-9 एवं अंडर-11 शतरंज प्रतियोगिता 2026' में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल पदक जीते, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी दावेदारी भी पेश की। प्रतियोगिता के अंडर-7 ओपन वर्ग में कुल्लू के उभरते सितारे नित्यान्श शर्मा ने अद्भुत खेल कौशल का परिचय दिया। उन्होंने टूर्नामेंट में अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए 5 में से 5 पूर्ण अंक हासिल किए और प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, अंडर-11 गर्ल्स वर्ग में कुल्लू की प्रियांशी गौतम ने भी कड़े मुकाबलों के बीच बेहतरीन धैर्य दिखाया। उन्होंने कुल 5 में से 4 अंक अर्जित कर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान व कांस्य पदक हासिल किया। यह राज्य स्तरीय स्पर्धा 8 मई से 10 मई तक जिला सिरमौर के 'द स्कॉलर्स होम', पांवटा साहिब में आयोजित की गई थी। हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में हुई इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैंकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। जिला कुल्लू शतरंज संघ के अध्यक्ष ललित वैद्य ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि कुल्लू के बच्चे खेल के क्षेत्र में लगातार नया मुकाम हासिल कर रहे हैं।



# नीट परीक्षा से जुड़े घटनाक्रम पर स्टूडेंट्स के हित सर्वोपरि : सुरेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंध निदेशक (एमडी) सुरेश कुमार ने नीट परीक्षा से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता व विद्यार्थियों का विश्वास बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए देशभर के लाखों विद्यार्थी वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं। ऐसी परिस्थितियों से विद्यार्थियों व अभिभावकों में मानसिक तनाव व असमंजस की स्थिति उत्पन्न होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का मनोबल बनाए रखना सभी शैक्षणिक संस्थानों और संबंधित एजेंसियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए



**सुरेश** कुमार ने संबंधित एजेंसियों से मांग की कि यदि परीक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही सामने आती है, तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा, देश के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता से जुड़ा है। हमें मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा, जिसमें हर छात्र निष्पक्ष अवसर और भरोसे के साथ आगे बढ़ सके।

सुरेश कुमार ने कहा, हमारी पहली प्राथमिकता विद्यार्थियों का मानसिक व शैक्षणिक सहयोग है। छात्र निराश न हों, शांत रहें और आत्मविश्वास के साथ अपनी तैयारी जारी रखें। मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। उन्होंने बताया कि आकाश एजुकेशनल सर्विस लिमिटेड एवं कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के अकादमिक सहयोग से संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहायता, काउंसलिंग, डाउट सेशन, विशेष कक्षाएं, संशोधित टेस्ट शेड्यूल तथा अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि वे अपनी तैयारी को व्यवस्थित और सकारात्मक तरीके से जारी रख सकें। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें तथा उन्हें सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण प्रदान करें।

# लाखों लोगों की पसंद बनी इंद्रजीत की बनाई कृत्रिम कलगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक टोपी में मोनाल पक्षी की कलगी के उपयोग से इस सुंदर व संरक्षित पक्षी पर पड़ रहे खतरे को देखते हुए प्रसिद्ध हिमाचली लोक गायक इंद्र जीत नें एक सराहनीय पहल की।



इसके तहत उन्होंने मोनाल की वास्तविक कलगी के स्थान पर चांदी से बनी कृत्रिम कलगी के उपयोग को बढ़ावा दिया, जिससे वन्यजीव संरक्षण को समर्थन मिला। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में उनके गीत 'पाखली माणु' की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस गीत के माध्यम से लोक गायक इंद्र जीत ने मोनाल पक्षी की असली कलगी के स्थान पर कृत्रिम कलगी को अपनाने का संदेश दिया, जो लोगों के दिलों को छू गया। इस संदेश को व्यापक जनसमर्थन मिला व लाखों लोगों ने कृत्रिम कलगी को अपनाया तथा उसे काफी पसंद किया। इसका प्रभाव इतना व्यापक रहा कि हिमाचल प्रदेश के बाहर भी कृत्रिम कलगी का चलन (ट्रेंड) देखने को मिला। इस गीत को यूट्यूब पर लगभग 1.34 करोड़ से अधिक व्यूज प्राप्त हुए, जिससे यह संदेश व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचा। इस पहल के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में युवाओं ने पारंपरिक टोपियों में कृत्रिम कलगी को अपनाना शुरू किया, जिससे मोनाल पक्षी के संरक्षण के प्रयासों को मजबूती मिली। इंद्र जीत को इस सराहनीय कार्य के लिए वन व वन्यजीव विभाग की ओर से प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के प्रसिद्ध लोक गायक इंद्र जीत ने राज्य की लोक संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बिना किसी औपचारिक संगीत प्रशिक्षण के भी उन्होंने अपने लोक गीतों के माध्यम से हिमाचली परंपराओं, पारंपरिक वेशभूषा, लोक वाद्ययंत्रों व पहाड़ी जीवन शैली को व्यापक जनमानस तक पहुंचाया है। इंद्र जीत ने अपने गीतों के माध्यम से नशा मुक्ति, महिला सम्मान, पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों को प्रभावी रूप से उठाया है।

## शिविर के तीसरे दिन आचार्य सुधांशु जी महाराज ने साधकों को दिए प्रवचन

# शुद्ध भावना व ध्यान साधना से मिलता है असीम सुकून



शिविर के दौरान साधना में लीन सुधांशु जी महाराज व डॉ. अर्चिका दीदी सहित साधक महिला। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिले के मनाली स्थित घुड़दौड़ की शांत वादियों में विश्व जागृति मिशन द्वारा आयोजित 'ध्यान साधना शिविर' के दूसरे दिन साधकों को अध्यात्म और मानसिक शांति का अनूठा संगम देखने को मिला।

देवभूमि के सुरम्य वातावरण में आयोजित इस समारोह में राष्ट्र संत आचार्य सुधांशु जी महाराज और योग गुरु डॉ. अर्चिका दीदी ने सैकड़ों साधकों को जीवन जीने की कला और आत्मिक शक्ति का मार्ग दिखाया। प्रात:कालीन सत्र को संबोधित करते हुए आचार्य सुधांशु जी महाराज ने कहा कि आज के दौर में मानसिक तनाव एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने जोर दिया कि आत्मिक शक्ति प्राप्त करने के लिए जप, तप और साधना ही सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि हर दिन सुबह उठकर अपने नकारात्मक विचारों का शुद्धिकरण करें। जब तक आप भावनात्मक रूप से सबल नहीं होंगे, विपरीत परिस्थितियां आपको विचलित करती रहेंगी।

उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा और उनके प्रति आभार व्यक्त करना ही जीवन का असली फर्ज है। महाराज ने 'सर्व मंगल कामना' करते हुए प्रार्थना की कि प्रभु सभी के मन को पवित्र करें और हर नया सूर्य सबके जीवन में खुशियां लेकर आए। शिविर के आयोजक पवन गुप्ता ने जानकारी दी कि इस ध्यान साधना शिविर में न केवल भारत के विभिन्न राज्यों से, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मनाली पहुंचे हैं। देवभूमि की शांति और गुरुदेव के सानिध्य में साधक अपनी आंतरिक ऊर्जा और भाग्य को जागृत कर रहे हैं।

### शांति की किरणों का अनुभव करें : डॉ. अर्चिका दीदी

**ध्यान** गुरु डॉ. अर्चिका दीदी ने साधकों को ध्यान के व्यावहारिक सूत्रों से अवगत कराया। उन्होंने श्वास क्रिया का अभ्यास कराते हुए कहा कि शांत मस्तिष्क में ही परमात्मा का वास होता है। दीदी ने सलाह दी कि हर व्यक्ति को स्वयं को जानने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि साधक महसूस करें कि वे अशांति से शांति की ओर बढ़ रहे हैं।

# आनी में निर्वाचन कर्मियों ने लिया मतदाता पेटियों के प्रयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण

◆ विकास खंड आनी में कुल 48053 मतदाता अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग

अनंत ज्ञान

**आनी।** पंचायतीराज आम चुनाव के संदर्भ में विकास खंड आनी के मेला मैदान में निर्वाचन अधिकारियों तथा कर्मियों के लिए द्वितीय पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नरेंद्र चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।

निर्वाचन अधिकारी एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने पर्यवेक्षक का स्वागत किया तथा विकास खंड आनी के अंतर्गत सभी 38 पंचायतों में चुनावों की तैयारियों की रिपोर्ट रखी। उन्होंने कहा कि उक्त चुनावों में विकास खंड आनी में कुल 48053 मतदाता जिनमें 24441 पुरुष तथा 23612 महिला मतदाता हैं, अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त चुनावों के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न की जा चुकी है तथा अभ्यर्थी 14 और 15 मई को सायं 3 बजे तक स्वयं अथवा निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से अपना नाम वापस ले सकते हैं। निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचन अधिकारियों तथा कर्मियों से चुनाव संबंधी पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा बैलट बॉक्स की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण लेने की अपील की। उन्होंने मतदान टीम से एक यूनिट की तरह काम करने तथा चुनाव के दौरान निर्धारित स्थानों पर रुकने तथा समय- समय पर जारी किए जाने वाले निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए। निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन अधिकारियों तथा कर्मियों के प्रश्नों तथा शंकाओं का भी समाधान किया।

पंचायत निरीक्षक जोगेंदर शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया के प्रशिक्षण के साथ-साथ पी डी एम एस प्रणाली की भी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान सभी निर्वाचन कर्मियों ने मतदाता पेटियों के प्रयोग का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी चुनाव कर्मियों को फॉर्म 28-क पोस्टल बैलट पेपर के आवेदन हेतु वितरित एवं प्राप्त किए गए। पूर्वाभ्यास में बीडीओ आनी विवेक टेसू , सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर अधिकारी ,सहायक निर्वाचन अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी तथा चुनाव कर्मी उपस्थित रहे।

## निरमंड कॉलेज के नए परिसर निर्माण कार्य का प्राचार्य ने किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड के नए परिसर निर्माण कार्य का बुधवार को महाविद्यालय प्रशासन द्वारा निरीक्षण किया गया। प्राचार्य डॉ. कुलजीत सिंह तथा सहायक प्राध्यापक कैप्टन डॉ. संदीप कुमार ठाकुर ने रीता मोड़ के समीप निर्माणाधीन कॉलेज भवन का दौरा कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्राचार्य डॉ. कुलजीत सिंह ने बताया कि नए महाविद्यालय परिसर का निर्माण कार्य अब तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता बनाए रखने के लिए ठेकेदार एवं श्रमिकों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान निर्माण कार्य की विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन करते हुए प्राचार्य ने आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए तथा कार्य में आई तेजी पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नए परिसर के तैयार होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे उच्च शिक्षा को और मजबूती मिलेगी।

## डीसी ने खेलकूद परिषद के पंजीकरण में तेजी लाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला खेलकूद परिषद की बैठक बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनुराग चंद्र शर्मा ने की। उन्होंने परिषद के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के अंतर्गत पंजीकरण करने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि परिषद के नियमों, उपनियमों से संबंधित दस्तावेज तथा अन्य कार्यों को जल्द पूर्ण करके आगामी बैठक का आयोजन वितरित एजेंडा तैयार करके किया जाए। बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला युवा सेवाएं व खेल अधिकारी कविता ठाकुर ने किया। बैठक में शिक्षा, जलशक्ति, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न खेलकूद से संबंधित विशिष्ट लोग भी उपस्थित रहे।

आवाजाही | लाहौल-स्पीति प्रशासन ने हल्के वाहनों को दी आवाजाही की अनुमति

# मनाली-लेह मार्ग फिलहाल हल्के वाहनों के लिए बहाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** बीआरओ द्वारा मनाली लेह मार्ग बहाल करने के बाद जिला प्रशासन लाहौल-स्पीति ने यह मार्ग छोटे वाहनों के लिए बहाल कर लिया है। हालांकि, अभी हल्के मोटर वाहनों (एलएमवी) के लिए मार्ग खुला है, लेकिन तीन दिन बाद सभी वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी।



लंबे समय तक बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के बावजूद प्रशासन और बीआरओ ने युद्धस्तर पर कार्य करते हुए सड़क को यातायात योग्य बनाया। डीसी व अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने बताया कि तीन दिन के भीतर यातायात सुचारू रूप से चलने की स्थिति में में भारी वाहनों की आवाजाही भी बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बारालाचा और शिंकुला दोनों महत्वपूर्ण दर्रों को यातायात के लिए खोलने की दिशा में तेजी से कार्य हुआ है, जो क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग को पूरे मार्ग पर यातायात प्रबंधन और निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्रियों की सुरक्षा बनी रहे और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध करवाई जा सके।

उपायुक्त ने कहा कि दारचा-सरचू मार्ग खुलने से पर्यटन गतिविधियों को नया प्रोत्साहन मिलेगा। मनाली-लेह मार्ग खुलते ही बड़ी संख्या में पर्यटक लाहौल होते हुए लेह की ओर जाते हैं, जिससे लाहुल क्षेत्र में होटल, होम-स्टे, ढाबा, टैक्सी और अन्य स्थानीय व्यवसायियों को सीधा लाभ पहुंचता है। सीमित पर्यटन सीजन वाले इस जनजातीय जिले में समय पर मार्ग खुलना स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने पर्यटकों, वाहन चालकों और आम नागरिकों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले जिला प्रशासन द्वारा जारी मौसम संबंधी अपडेट और दैनिक एडवाइजरी अवश्य देखें।

## लाहौल में पंचायतीराज चुनाव में विभिन्न पदों के लिए 429 नामांकन पत्र दाखिल

**केलांग।** डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के लाहौल उपमंडल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन के लिए निर्धारित तिथियों में कुल 429 प्रतियाशियों ने जिला परिषद पंचायत समीति, पंचायत प्रधान, उपप्रधान व वार्ड सदस्य के पदों के लिए अपने नामांकन भरे हैं। जिप वार्ड उदयपुर तथा कोलांग, त्रिलोकनाथ से प्रत्येक से दो-दो प्रतियाशियों, वार्ड जहालमा, केलांग सिस्सू तथा वारपा से एक-एक प्रत्याशियों ने जिला परिषद पद के लिए नामांकन दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति के लिए उदयपुर तथा तिंगरट, मूरिंग, जहालमा, केलांग में प्रत्येक से एक-एक प्रत्याशी, पंचायत समिति त्रिलोकनाथ, गोशाल केलांग प्रत्येक से दो-दो प्रत्याशी, पंचायत समिति तिंदी व कारदंग प्रत्येक से तीन-तीन प्रत्याशी व गोहरमा पंचायत समिति के अंतर्गत 4 प्रत्याशियों ने पंचायत समिति चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरा है। उन्होंने बताया कि जिला लाहौल-स्पीति में पंचायत चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 67, दूसरे दिन 167 तथा तीसरे दिन 195 नामांकन पत्र दाखिल किए गए। तीन दिनों में कुल 429 नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न पदों के लिए प्राप्त नामांकन पत्रों में लाहौल विकास खंड में जिला परिषद सदस्य के लिए 10, पंचायत समिति सदस्य के लिए 21, विभिन्न पंचायतों से प्रधान पद के लिए 15, उपप्रधान पद के लिए 35 तथा वार्ड सदस्य पद के लिए 114 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं।

## दसवीं कक्षा की स्टेट टॉपर अनमोल के ननिहाल कटराईं में लगा बधाई देने वालों का तांता

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के दसवीं की परीक्षा में 699 अंक लेकर प्रदेश भर में टॉप करने वाली जिला कांगड़ा के पालमपुर की अनमोल के ननिहाल कटराईं में बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दसवीं की परीक्षा में टॉप करने वाली अनमोल के ननिहाल कुल्लू जिले के कटराईं गांव में हैं। अनमोल की मां प्रियंका मदान के मायके कटराईं, जबकि ससुराल पालमपुर के नजदीक मनियाड़ा गांव में हैं। अनमोल के दसवीं की परीक्षा में टॉप करने का समाचार मिलते ही उनके कटराईं स्थित ननिहाल में बधाई देने वालों का तांता लग गया। स्थानीय लोग व रिश्तेदार अनमोल की विलक्षण प्रतिभा तथा उसके द्वारा हासिल की गई उपलब्धि के लिए बड़ी संख्या में बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैं व उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कर रहे हैं। अनमोल की नानी वीना मदान तथा मामा अभिषेक मदान व प्रशांत मदान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अनमोल ने उनका सर फक्र से ऊंचा कर दिया है, जिसकी उन्हें अपार खुशी है।

# 21 से 23 जून तक धूमधाम से मनाया जाएगा 49वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** बुधवार को सूत्रधार कला संगम कुल्लू की एक विशेष व महत्वपूर्ण बैठक सूत्रधार भवन के कार्यालय में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी जून माह में आयोजित होने वाले 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव की तैयारियों, रूपरेखा व विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान दिनेश सेन ने कहा कि अपने गौरवशाली 49 वर्षों के इतिहास में सूत्रधार कला संगम कुल्लू ने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों व विदेशों तक अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से एक अलग पहचान स्थापित की है। संस्था निरंतर लोक संस्कृति के संरक्षण, युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा समाज सेवा के कार्यों के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था विगत पांच दशकों से युवा शक्ति को कला, संस्कृति व लोक परंपराओं से जोड़कर उन्हें सृजनात्मक व सकारात्मक दिशा प्रदान करने का सतत कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान कर उन्हें कला के क्षेत्र में निपुण बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें समाज में तेजी से फैल रहे नशे व अन्य दुर्व्यसनों से दूर रखकर एक जागरूक, संस्कारित व सशक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना भी है। संस्था द्वारा वर्षभर गीत-संगीत, लोककला, नाटक, नृत्य व सामाजिक सरोकारों से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहे तथा उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का उचित अवसर प्राप्त हो सके। इसी कड़ी में सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 49वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव का आयोजन 21 जून से 23 जून तक कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र तथा अटल सदन कुल्लू में किया जाना निश्चित हुआ है। इस सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव में स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की भव्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कोटला बारोग स्कूल का परिणाम 90 फीसदी



**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बारोग के 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ ।जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बार के परिणाम में विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत 90 फीसदी रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी है। विद्यालय के टॉपरों में इशिका 669/700 (95.57%) प्रथम, श्रुति 617/700 (88.14%) द्वितीय और मेघा 605/700 (86.42%) तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए बेहतर परिणाम देने के लिए प्रयासरत रहेगा। हमें उम्मीद है कि हमारे विद्यार्थी भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे।

### लंबित डीए, एरियर जारी करने की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** प्रदेश राज्य विद्युत सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट एवं नम्होल यूनिट की मासिक बैठक वरिष्ठ उपप्रधान परसराम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व अध्यक्ष बशीर दुर्रानी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से संगठित रहने का आह्वान करते हुए यूनिट की गतिविधियों की सराहना की। बैठक के दौरान अध्यक्ष प्रेम केशव ने प्रदेश सरकार से लंबित महंगाई भत्ता शीघ्र जारी करने की मांग उठाई। इसके साथ ही 1 जनवरी 2016 से लंबित एरियर, लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी सहित अन्य बकाया राशि के भुगतान की भी मांग की गई। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में आम सहमति से चुनाव करवाने के निर्णय की भी सराहना की गई।

### भाजपा प्रत्याशी अंकिता ने मांगा समर्थन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपमंडल संगडाह उपतहसील हरिपुरधार पटवार सर्कल बडोल गांव बगियां मे जिला परिषद सदस्य वार्ड नंबर 02 दाना घांटो से भाजपा प्रत्याशी अंकिता ठाकुर ने की मीटिंग। इस दौरान अंकिता ठाकुर ने कहा कि मुझे 22 पंचायतो के लिए भाजपा ने जिला परिषद सदस्य के उतारा हैं। इस दौरान अंकिता ठाकुर ने आम जनमानस से इलाके के विकास के लिए आवाज बुलंद की और महिलाओं के उत्थान के सरल भाषा मे महिलाओं को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जो महिलाओं के सशक्तिकरण का बिल गिराया वह बहुत बड़ा आघात है। इस दौरान महिलाओं को सशक्त करने के लिए स्वयं सहायता समूह के गठन करने पर बल दिया और सरकार सेवा विभाग से मिलने वाली योजनाओं के बारे सुलभ तरीके से जानकारी हासिल करवाई। इस दौरान ठाकुर ने कहा इलाके मे सड़कों की दुर्दशा और स्वास्थ्य सुविधा असहनीय हैं।

# तेज रफ्तार डंपर ने ली राहगीर की जान, एनएच 707 पर चक्का जाम

## पांवटा साहिब के सतौन में पेश आया हादसा, चालक वाहन सहित मौके से फरार

अनंत ज्ञान

**नाहन।** पांवटा साहिब उपमंडल के सतौन में मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। सतौन बस स्टैंड के समीप तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से एक राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया और गुस्साए ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-707 पर चक्का जाम कर दिया।

मृतक की पहचान इंद्र सिंह पुत्र शेर सिंह निवासी गांव मझौली, डाकघर कोड़गा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि इंद्र सिंह सड़क पार कर दुकान से सामान लेने जा रहे थे। इसी दौरान दूसरी ओर से तेज रफ्तार में आए डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर पड़े और डंपर उन्हें कुचलता हुआ निकल गया। हादसा इतना भयावह था कि इंद्र सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के तुरंत बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए। हादसे के बाद लोगों का गुस्सा उस समय और बढ़ गया जब ट्राले को लेकर पुलिस कार्रवाई को लेकर अलग-अलग बातें सामने आने लगीं। ग्रामीणों का आरोप था कि पहले पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेने की बात कही, लेकिन बाद में इससे इनकार कर दिया गया। इसी को लेकर गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने एनएच-707 पर चक्का जाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बन गया।



गुस्साए ग्रामीणों ने एनएच-707 जाम किया। अनंत ज्ञान

स्थिति बिगड़ती देख पुरुवाला थाना पुलिस और डीएसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और हादसे में शामिल वाहन व चालक की तलाश तेज कर दी गई। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे तेज रफ्तार डंपरों और ट्रालों को लेकर लोगों में पहले से ही भारी नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में भारी वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार चालक की तलाश जारी है।

# पांवटा साहिब के जंगल में जली हुई महिला की लाश मिलने से सनसनी

◆ बाहरी राज्य से लाकर शव जलाने की आशंका पुलिस ने शुरू की जांच

अनंत ज्ञान

**पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर में पांवटा साहिब के कोलर गांव के समीप करौंदा वाली घाटी के जंगल में एक महिला की जली हुई लाश बरामद हुई है। अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हुई है। लाश 95 परसेंट जली हुई है।

पुलिस को किसी व्यक्ति ने सूचना दी थी कि जंगल में आग जल रही है। बाद में जब पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो किसी ने एक लाश को आग लगाई हुई थी। पुलिस ने सिर्फ यही अंदाजा लगाया है कि यह एक महिला की लाश है। फॉरेंसिक टीम के आने के बाद ही जांच के बाद पता चलेगा कि महिला की उम्र क्या है। महिला शादीशुदा है या कोई लड़की या युवती है। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर, एसएचओ माजरा कुलदीप सिंह मौके पर पहुंच गए हैं। आसपास के इलाके को सील कर दिया गया है। फॉरेंसिक टीम को जुन्गा शिमला से मौके पर बुलाया गया है। पुलिस ने अभी तक की जांच में यही अंदाजा लगाया है कि बाहर से कोई महिला को यहां पर लाया था और लाश को जला दिया गया। यह जांच का विषय है कि महिला की हत्या यहीं की गई या फिर हत्या करके लाश को यहां पर जलाया गया है। फिलहाल वार्ता के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं पुलिस ने आसपास के पुलिस स्टेशन में पता किया तो किसी लापता महिला का नहीं पता चला। पुलिस ने अन्य राज्यों की पुलिस को भी सूचित कर दिया है। अभी तक पुलिस जांच में यही सामने आया है कि किसी अन्य राज्य के व्यक्ति ने किसी अन्य राज्य की महिला की लाश को यहां पर जलाया है

# प्रदेश की हर महिला का सरकार पर 60,000 का बकाया कर्ज : मेला राम

अनंत ज्ञान

◆ कहा- कांग्रेस नेताओं ने गांव-गांव जाकर 10 झूठी गारंटियों से हथियाई सत्ता

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर प्रत्येक गांव की हर महिला का गत 40 महीनों के दौरान 60000 रुपए से अधिक का कर्ज चढ़ चुका है। यह जानकारी देते हुए सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने बताया कि कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनावों से पहले गांव गांव जाकर प्रत्येक महिला से फार्म भरवा कर उन्हें पहली ही कैबिनेट के बाद प्रतिमाह ₹1500 देने का वादा किया था परंतु अभी तक किसी भी महिला के खाते में फूटी कौड़ी भी नहीं आई।

जिला प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने गांव-गांव जाकर लोगों को 10 झूठी गारंटियां देकर उनके साथ छल करके सत्ता हथियाई थी और उस छल कपट का हिमाचल की जनता कांग्रेसी नेताओं को पंचायती राज चुनाव के दौरान करारा जवाब देगी देगी मेलाराम शर्मा ने प्रत्येक गांव की हर महिला से आग्रह किया की पंचायती राज चुनावों में जब कांग्रेसी नेता उनके द्वार पर वोट मांगने आएंगे तो उन्हें विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए झूठे वादे को याद करवाएं और उनसे पिछले 40 महीनों के दौरान प्रत्येक महिला को दिए जाने वाले ₹1500 का हिसाब मांगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा महिलाओं का सम्मान करती रही है और इसीलिए हाल ही में संसद में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का बिल संसद में लाया गया था जिसे कांग्रेसी नेताओं ने पास ही नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा महिलाओं के साथ अन्याय और पक्षपात करती आई है जिसका जवाब देने का समय इन पंचायती राज चुनावों में आ गया है। उन्होंने महिलाओं का आवाहन किया कि वह महिला शक्ति का परिचय देकर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को पंचायती राज चुनावों में भारी मतों से विजयी बनाएं ताकि 2027 के चुनाव में प्रदेश में सत्तासीन होने वाली भाजपा सरकार के माध्यम से वह अपने गांव का विकास करवा सकें।

## विधायक सोलंकी ने कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए किया जनसंपर्क

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन में नगर परिषद चुनाव के लिए 17 मई को मतदान होना है। चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में अब डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में अजय सोलंकी ने बुधवार को नगर के विभिन्न वार्डों में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया।

इस दौरान अजय सोलंकी ने कहा कि नाहन एक ऐतिहासिक और धरोहर नगर है, लेकिन पिछले लगभग दस वर्षों में भाजपा समर्थित नगर परिषद के कार्यकाल में शहर की स्थिति बदहाल हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों की अनदेखी की गई और नगर परिषद उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं कर पाई। विधायक ने कहा कि उन्होंने अपनी विधायक निधि से नगर परिषद को दो करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करवाई थी। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले टाइड फंड भी नगर परिषद खर्च नहीं कर सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि केवल कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया।

# सोलन की जनता पिछले साढ़े तीन साल से खुद को ठगा महसूस कर रही : राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नगर निगम सोलन चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। वार्ड नंबर 10 में भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सूद के समर्थन में आयोजित जनसभा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार और नगर निगम में काबिज कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में सोलन की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। कांग्रेस ने नगर निगम चुनाव के दौरान सस्ता पानी और मुफ्त में कूड़ा उठाने जैसे बड़े वादे किए थे, लेकिन आज तक उन्हें पूरा नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने जनता को झूठे आश्वासनों के सहारे गुमराह किया।

उन्होंने कहा कि शहर में पेयजल संकट लगातार गहराता जा रहा है। शहरवासियों को 10 बाद पानी मिल रहा है। जबकि भाजपा सरकार बनने पर सोलन शहर के लिए गिरी नदी से नई पेयजल योजना को सिरे चढ़ाया जाएगा ताकि लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। साथ ही उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार बनने के बाद सोलन को केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी और अमृत योजना जैसी परियोजनाओं का भी लाभ मिलेगा, जिससे शहर के विकास को नई गति मिलेगी।



भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में पहुंचे डॉ. राजीव बिंदल। अनंत ज्ञान

इस दौरान वार्ड नंबर 10 से भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सूद ने भी चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने डोर-टू-डोर प्रचार कर लोगों से समर्थन मांगा। प्रचार अभियान के दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। खास बात यह रही कि पार्टी के भीतर नाराज चल रहे कुछ कार्यकर्ता भी अब वीरेंद्र सूद के समर्थन में मैदान में उतर आए हैं, जिससे भाजपा खेमे में उत्साह बढ़ गया है। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि वार्ड नंबर 10 में पार्टी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

# सोलन शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था

## वार्ड नंबर-2 में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर, लोग परेशान

अनंत ज्ञान




**सोलन।** सोलन शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। नगर निगम के वार्ड नंबर-2 में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में फैली गंदगी और दुर्गंध के कारण लोगों में नगर निगम प्रशासन के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई दिनों से कूड़ा समय पर नहीं उठाया जा रहा, जिसके चलते सड़कों और गलियों के किनारे कूड़ा जमा हो गया है। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ कूड़े से उठ रही बदबू और मक्खी-मच्छरों के कारण बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

लोगों ने आरोप लगाया कि पूर्व में नगर निगम चुनाव के दौरान सफाई व्यवस्था सुधारने के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन धरातल पर स्थिति पूरी तरह विपरीत दिखाई दे रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सफाई कर्मचारियों की नियमित तैनाती नहीं होने से समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन से जल्द सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और वार्ड में नियमित रूप से कूड़ा उठाने की मांग की है, ताकि लोगों को गंदगी और बदबू से राहत मिल सके।

## चुनावों को लेकर पोलिंग कर्मियों ने की चुनावी रिहर्सल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर निकायों चुनावों के लिए प्रक्रिया चली हुई है और इसी कड़ी में नाहन में चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए रिहर्सल का आयोजन किया गया। इससे पूर्व भी कर्मचारियों को रिहर्सल कराई गई थी लेकिन तब ईवीएम नहीं थी। अब इन्हें ईवीएम के साथ जानकारी उपलब्ध कराई गई। एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि 17 मई को होने वाले मतदान के लिए आज दूसरे दौर की रिहर्सल रखी गई है और अंतिम रिहर्सल 16 मई को आयोजित की जाएगी। नगर निगम निकायों में मतदान इवीएम से होना है तो आज इन्हें इवीएम के प्रयोग बारे निर्देश दिए गए हैं और साथ ही चुनावों में कौन से दस्तावेज, फार्म भरकर रखे जाने है इसकी जानकारी दी जा रही है। संख्यान ने बताया कि चुनावी रिहर्सल एक बार हो चुकी है और दूसरी आज है जबकि अन्तिम 16 मई को होगी। चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्देशों बारे भी जागरूक किया गया।

# अमरीक हेड ब्वॉय व दीपाक्षी बनी हेड गर्ल

## कसौली इंटरनेशनल स्कूल सनावरा में अलंकरण समारोह संपन्न



कसौली इंटरनेशनल स्कूल सनावरा में शपथ समारोह में हिस्सा लेते छात्र। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सनावरा में मंगलवार को नवनियुक्त छात्र परिषद का अलंकरण समारोह पूरे हर्षोल्लास और अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के लिए मॉनिटर, डिप्टी मॉनिटर, डॉर्म कैप्टन और डिप्टी डॉर्म कैप्टन का चयन कर उन्हें बैज अलंकृत कर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर कक्षा बारहवीं के अमरीक चौधरी को हेड बॉय और दीपाक्षी को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। कक्षा बारहवीं से छात्र वर्ग में वीरेन गुलिया और छात्रा वर्ग में तन्वी ठाकुर को स्पोर्ट्स कप्तान का दायित्व दिया गया। वहीं, कक्षा बारहवीं के मनसीरत को मल्टी मीडिया इंचार्ज बनाया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद सभी विद्यार्थियों ने संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। हेड बॉय अमरीक चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं को निष्ठा और कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलवाई। समारोह का विशेष आकर्षण तब रहा जब जलती हुई मशाल को एक-एक कर सभी छात्र-छात्राओं ने हस्तांतरित किया, जो नेतृत्व और प्रेरणा का प्रतीक बना।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक हीरा ठाकुर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. संजीव मैनरा और प्रधानाचार्या पूनम ठाकुर ने नव नियुक्त विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और उदाहरण प्रस्तुत करना है। सभी को अपने दायित्वों को ईमानदारी और लगन से निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

# नौणी को वैश्विक स्तर के शिक्षा व नवाचार केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प

अनंत ज्ञान



◆ कुलपति बवेजा ने पदभार संभालने के बाद दिया स्पष्ट संदेश

**सोलन।** यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति हरमिंदर सिंह बवेजा ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनका लक्ष्य नौणी परिसर को वैश्विक स्तर के शिक्षा एवं नवाचार केंद्र के रूप में विकसित करना है। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और कर्मचारियों द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया।

कुलपति बवेजा ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कविंदर गुप्ता से शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय की गतिविधियों और भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अनुसंधान, प्रसार एवं शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों और वैधानिक अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विभागों की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। कुलपति ने शिक्षक संघ, गैर-शिक्षण और तकनीकी कर्मचारी संगठनों से भी संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। छात्रों के साथ संवाद में उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को किसानों की सेवा करते हुए औद्यानिकी और वानिकी के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभानी है। उन्होंने सभी हितधारकों से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया ताकि संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सके।

# डॉ. राधा को बेयत नहरिन में वनस्पति विज्ञान के फेलो के रूप में किया नियुक्त

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर और लिनियन सोसाइटी (एफएलएस) की फेलो डॉ. राधा को मेसोपोटामियाई विज्ञान और कला अकादमी, बेयत नहरिन में वनस्पति विज्ञान फेलो और अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। बेयत नहरिन एक अंतर्राष्ट्रीय अकादमी है जो मेसोपोटामिया क्षेत्र की वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विरासत को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। यह विश्व भर के विद्वानों को सभ्यता की सबसे प्राचीन परंपराओं में निहित अनुसंधान, कला और ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाती है।



डॉ. राधा की नियुक्ति उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता, विशिष्ट अनुसंधान योगदान और वनस्पति विज्ञान के विकास के प्रति समर्पित सेवा को मान्यता देती है। उनका शोध एक महत्वपूर्ण संगम पर स्थित है: प्राचीन पादप ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के माध्यम से प्रमाणित करना, विशेष रूप से हिमालयी पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों का दस्तावेजीकरण करने वाला उनका कार्य। इस सम्मान के बारे में बात करते हुए डॉ. राधा ने कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारतीय अनुसंधान और औषधीय पौधों तथा पारंपरिक ज्ञान के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। इससे मुझे हिमालयी विरासत को वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय से जोड़ने वाले कार्य में और अधिक गहराई से उतरने की प्रेरणा मिलती है। मैं शूलिनी के संस्थापक कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला, कुलपति प्रो. अतुल खोसला, रजिस्ट्रार प्रो. सुनील पुरी, अनुसंधान डीन और संपूर्ण शूलिनी परिवार को उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देती हूं।'

मेसोपोटामिया की विरासत को संरक्षित करने और ज्ञान, नवाचार और कला के माध्यम से भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने का अकादमी का मिशन, शूलिनी में डॉ. राधा द्वारा अपनाए गए अनुसंधान दर्शन को बारीकी से प्रतिबिंबित करता है। उनका कार्य पारंपरिक पादप ज्ञान को दृश्यमान, प्रमाणित और प्रासंगिक बनाता है, ऐसे समय में जब दुनिया तेजी से स्वदेशी विज्ञान की ओर उत्तरों की तलाश कर रही है।

## 'सुक्खू सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह विफल'

**अनंत ज्ञान, नाहन।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश आज जिस प्रकार माफिया तंत्र, गुंडागर्दी और अवैध गतिविधियों की गिरफ्त में आता जा रहा है, वह प्रदेश की शांति और कानून व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक विषय बन चुका है। जिला सिरमौर के कोलर क्षेत्र में सोमवार रात को हुई बाप-बेटे पर जानलेवा हमले की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। खुलेआम बाजार में इस प्रकार की हिंसक घटनाएं यह दर्शाती हैं कि प्रदेश में असामाजिक तत्वों के हौसले किस कदर बुलंद हो चुके हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश के प्रांत सह मंत्री अभी ठाकुर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि कोलर क्षेत्र में दुकान चला रहे बाप-बेटे पर कुछ अज्ञात हमलावरों द्वारा किया गया हमला केवल एक परिवार पर हमला नहीं, बल्कि प्रदेश की कानून व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। देवभूमि हिमाचल प्रदेश में इस प्रकार की गुंडागर्दी और सरेआम हिंसा किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जा सकती। अभी ठाकुर ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में खनन माफिया, वन माफिया और अवैध गतिविधियों से जुड़े गिरोह लगातार सक्रिय होते जा रहे हैं। सुखविंदर सिंह सुखू सरकार के कार्यकाल में जिला सिरमौर के पांवटा साहिब में अवैध खनन से जुड़े बेलगाम दौड़ रहे ट्रक आम जनता की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके हैं। आए दिन नियमों की धज्जियां उड़ाकर सड़कों पर तेज रफ्तार और दबंगई के साथ चल रहे इन वाहनों के कारण आम लोगों में भय का माहौल है।

**खेतीबाड़ी** मंडियों में 150 रुपए प्रति किलो तक दाम मिलने से किसान हो रहे मालामाल

# गिरिपार क्षेत्र में लहसुन की खुदाई तेज

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, सोलन।** गिरिपार के राजगढ़ क्षेत्र में इन दिनों लहसुन की खुदाई का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। किसान अपने खेतों में कड़कती धूप के बावजूद भी लसुहन को खोदने व काटने में व्यस्त है। काफी किसानों ने लसुहन को भेजना भी आरंभ कर दिया है। सबसे अहम बात यह है कि बीते वर्ष की तुलना में किसानों को इस वर्ष लहसुन का रेट काफी अच्छा मिल रहा है। बुधवार को सोलन व राजगढ़ सब्जी मंडी में लहसुन 60 रुपए से लेकर 150 रुपए प्रति किलोग्राम बिका।

हालांकि लहसुन की फसल करीब 15 दिन पहले तैयार हो चुकी थी। लगातार बारिश व अंधड़ होने से लहसुन की खुदाई का कार्य बाधित हो रहा था। कृषि विभाग के अनुसार इस वर्ष असमय बारिश होने से करीब 20 प्रतिशत फसल खराब हुई है। प्रगतिशील किसान सुरजीत सिंह, रविकांत, बलबीर, जयसिंह सहित अनेक किसानों ने बताया कि बारिश होने से खेतों में नमी होने से लहसुन का रंग भी काला पड़ गया और साइज भी अपेक्षा के अनुरूप नहीं बन पाया है। कई स्थानों पर लहसुन में रोग लगने से भी फसल काफी खराब हुई है।



गौर रहे कि लहसुन उत्पादन में सिरमौर जिला प्रदेश में सबसे अग्रणी माना जाता है। सिरमौर के लहसुन की देश की सबसे बड़ी चैन्नई, कर्नाटक और महाराष्ट्र में सबसे बड़ी मांग है जहां से सिरमौर का लहसुन विदेशों के लिए निर्यात किया जाता है। कृषि विभाग के अनुसार सिरमौर के गिरिपार क्षेत्र में चार हजार हैक्टेयर से अधिक भूमि पर लहसुन का औसतन 70 हजार मिट्रिक टन उत्पादन किया जाता है। गिरिपार क्षेत्र में लहसुन की सबसे ज्यादा पार्वति किस्म उगाई जाती है हालांकि कुछ किसान कुल्लू जिला से भी लहसुन का बीज मंगवाते हैं। गिरिपार क्षेत्र में लहसुन की खेती सबसे अधिक आय का साधन बन गई है। अदरक में रोग लगने से किसानों ने विकल्प के रूप में लहसुन की खेती को प्राथमिकता दी है।

राजगढ़ के आढ़ती विनोद शर्मा के अनुसार लहसुन का सीजन आरंभ हो गया है। सबसे अच्छी क्वालिटि का लहसुन इन दिनों 150 रुपए तक बिक रहा है। बीते रोज लहसुन के रेट में गिरावट आ गई थी, परंतु बुधवार को 150 रुपए पर टिक गया था। उन्होंने बताया कि मंडियों में लहसुन की आवक बढ़ने लगी है जिससे लहसुन के दाम में गिरावट भी आ सकती है।

गौर रहे कि गिरिपार क्षेत्र में उत्पादित किए जाने वाला लहसुन गुणवता और स्वाद के लिए सबसे अच्छा माना जाता है जिसके चलते इस क्षेत्र के लहसुन का अधिकतर प्रयोग आयुर्वेदिक औषधियों को निर्मित करने में इस्तेमाल किया जाता है। कृषि विभाग के अनुसार गिरिपार के संगड़ाह, लाना चेता, रेणुका, नौहराधार, बोगधार, गंडूरी, चाढ़ना, भवाई, दीदग, दाहन, फागू, पझौता, करगानू, नेईनेटी, शरगांव इत्यादि क्षेत्रों में सबसे ज्यादा उत्पादन किया जाता है।

# सोना 9,000 व चांदी 18,000 महंगी

## इंपोर्ट ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% करने का असर, सोना 1.60 लाख और चांदी 2.87 लाख पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सोना और चांदी के आयात पर लगने वाली ड्यूटी 6% से बढ़ाकर 15% कर दी है। बुधवार को जारी इस आदेश के बाद आज यानी 13 मई को सर्राफा बाजार में सोना 9 हजार और चांदी 18 हजार रुपए महंगी हो गई है।

10 ग्राम सोने का भाव 1.60 लाख रुपए और 1 किलो चांदी का भाव 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सरकार का मकसद विदेशी खरीद कम करना और देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे दबाव को घटाना है। अमेरिकी-ईरान जंग के बीच सरकार ने ये फैसला लिया है। सरकार ने सोने पर 10% बेसिक कस्टम ड्यूटी और 5% एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) लगाया है। इस तरह कुल प्रभावी टैक्स 15% हो गया है। इससे पहले 2024 के बजट में वित्त मंत्री सीतारमण ने इंपोर्ट ड्यूटी 15% से घटाकर 6% की थी। (अनंत ज्ञान)




### टैक्स बढ़ने से तस्करी बढ़ने की संभावना

**वहीं,** इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि टैक्स बढ़ने से तस्करी बढ़ सकती है। इससे पहले जब ड्यूटी कम की गई थी, तब स्मगलिंग में कमी आई थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने कहा कि सरकार ने करंट अकाउंट डेफिसिट (चालू खाता घाटा) को काबू में रखने के लिए यह कदम उठाया है। पहले से ही ऊंची कीमतों के बीच यह फैसला मांग को प्रभावित कर सकता है।

### सोने-चांदी पर आईजीएसटी के नियमों में बदलाव

**सरकार** के नए नियम के बाद अब बैंकों को सोना इंपोर्ट करते ही तुरंत 3% आईजीएसटी चुकाना पड़ रहा है, जिससे उनका करोड़ों रुपया एडवांस टैक्स के रूप में ब्लॉक हो गया है। पहले बैंक 'बॉन्डेड वेयरहाउस' की सुविधा का फायदा उठाकर यह टैक्स तब देते थे जब सोना आगे बिकता था, लेकिन अब तुरंत भुगतान करने की शर्त ने बैंकों के कामकाजी पूंजी पर भारी दबाव डाल दिया है। पैसे फंसने और कैश फ्लो की इसी समस्या के कारण बैंकों ने फिलहाल सोने का आयात रोक दिया है।

### सेंसेक्स में 49 अंक की तेजी और निफ्टी भी 33 अंक चढ़ा



**एजेंसी, मुंबई।** आज यानी बुधवार, 13 मई को सेंसेक्स 49 अंक की तेजी के साथ 74,608 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 33 अंक की तेजी है, ये 23,412 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में मेटल शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही, जबकि ढूझ्र शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। शेयर बाजार में कल 12 मई को गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1,456 अंक गिरकर 74,559 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 436 अंक की गिरावट रही, ये 23,379 के स्तर पर बंद हुआ। लगातार चौथे कारोबारी दिन बाजार में यह गिरावट आई है। चार दिन में सेंसेक्स करीब 3,500 अंक और निफ्टी लगभग 1,000 अंक गिरा है।

# अखिलेश यादव के भाई प्रतीक का निधन, अस्पताल पहुंचने से पहले ही सांसें थमीं

**एजेंसी, लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। विसरा रिपोर्ट के बाद और चीजें स्पष्ट होंगी। प्रतीक का शव घर लाया गया है। अंतिम संस्कार कल, गुरुवार को लखनऊ में दोपहर 12:30 बजे पिपरा घाट पर होगा। इस बीच, प्रतीक की पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव भी असम से लखनऊ लौट आई हैं। वो एयरपोर्ट से सीधे अपने घर पहुंचीं। अपर्णा मंगलवार को हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण के लिए असम गई थीं। सीएम योगी, मंत्री सुरेश खन्ना, डिंपल यादव, शिवपाल यादव समेत कई बड़े नेता भी पहुंचे। इससे पहले, अखिलेश यादव भी पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। छोटे भाई का शव देखा। प्रतीक के ड्राइवर को बुलाकर अंदर बातचीत की। बाहर आकर कहा- यह दुखद है कि वे आज हमारे बीच नहीं हैं। परिवार के लोग जो कहेंगे, हम मानेंगे। (अनंत ज्ञान)



# हिजबुल मुजाहिदीन का नार्को आतंकवादी 'शेरा' गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लगातार कूटनीतिक और कानूनी प्रयासों के बाद पुर्तगाल से वांछित नार्को-आतंकवादी इकबाल सिंह उर्फ 'शेरा' का सफल प्रत्यर्पण करवाकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। 'शेरा' हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) का आतंकी है। वित्तपोषण के एक बड़े मामले में मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर शेरा की गिरफ्तारी हुई है। पुर्तगाल से भारत पहुंचते ही एनआईए की एक टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। वह 2020 में पुर्तगाल भाग गया था। उसका सफल प्रत्यर्पण और गिरफ्तारी पाकिस्तान समर्थित नार्को और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एनआईए की लड़ाई में एक बड़ी सफलता है।

गिरफ्तार भगोड़े आतंकी के खिलाफ अक्टूबर 2020 में आरसी-23/2020/एनआईए/डीएलआई (एचएम नार्को-टेरर मॉड्यूल) मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया था। जून 2021 से ही उसकी गिरफ्तारी के लिए इंटरपोल नोटिस भी जारी था। इस मामले की जांच में एनआईए ने शेरा को भारत स्थित नार्को-टेरर मॉड्यूल का प्रमुख साजिशकर्ता और संचालक पाया, जो पाकिस्तान से हेरोइन की तस्करी में शामिल था। पंजाब के अमृतसर का रहने वाला शेरा पाकिस्तान से सीमावर्ती राज्य में नशीले पदार्थों की तस्करी की साजिश का मास्टरमाइंड था। उसने तस्करी किए गए नशीले पदार्थों की तस्करी और वितरण का समन्वय और निगरानी की और हवाला नेटवर्क के माध्यम से प्राप्त धनराशि को पाकिस्तान और कश्मीर स्थित एचएम के गुर्गों तक पहुंचाया, ताकि आतंकी गतिविधियों को अंजाम दिया जा सके। भारत विरोधी नशीले पदार्थों से जुड़े आतंकी षड्यंत्र को आगे बढ़ाने के लिए, शेरा ने एक आतंकी गिरोह बनाया था।

◆ **पांच साल पहले पुर्तगाल में छिपे आतंकी का प्रत्यर्पण**

उसने पंजाब में अपने सहयोगियों का एक नेटवर्क संचालित किया था, जो बड़ी मात्रा में हेरोइन की तस्करी, बिक्री से प्राप्त धनराशि की वसूली और वितरकों और आतंकी गुर्गों को धन हस्तांतरण में शामिल थे। उसके पाकिस्तान स्थित हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) आतंकी गुर्गों के साथ घनिष्ठ संबंध थे।यह मामला मूल रूप से पंजाब पुलिस द्वारा हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) के एक ओवरग्राउंड कार्यकर्ता हिलाल अहमद शेरगोजरी की गिरफ्तारी के बाद दर्ज किया गया था। पुलिस ने हिलाल के पास से 29 लाख रुपये की नशीले पदार्थों की बिक्री से प्राप्त धनराशि भी बरामद की थी। (अनंत ज्ञान)

# प्रधानमंत्री मोदी के बेंगलुरु रूट पर विस्फोटक के बाद अब मिला टाइमर

**एजेंसी, बेंगलुरु**

पीएम मोदी के 10 मई को बेंगलुरु दौरे के दौरान मिलीं जिलेटिन की छड़ों के बाद अब ऐसे अतिरिक्त सामान भी बरामद हुए हैं, जिनसे धमाका ट्रिगर किया जा सकता है। पुलिस को तीन दिन बाद वहीं से एक इलेक्ट्रॉनिक सर्किट और टाइमर मिला है। ये सामग्री एक गत्ते के डब्बे में थीं। पुलिस ने आशंका जताई कि जिन लोगों ने इसे वहां रखने की कोशिश की, वे इसे असेंबल (जोड़) नहीं पाए। प्रधानमंत्री 10 मई को बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के 45वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। विस्फोटक सामग्री कार्यक्रम स्थल के पास कागलीपुरा इलाके के पास से बरामद की गई थी। (अनंत ज्ञान)



### पुलिस को कॉल आया कि बम लगाया है, तब जांच शुरू

10 मई को जब पीएम मोदी को बेंगलुरु में कार्यक्रम में जाना था। उसी दिन सुबह 7 बजे के करीब पुलिस को एक फोन कॉल आया। जिसमें कॉलर ने कहा कि उसने बम लगाया है। इस कॉल के आधार पर पुलिस हरकत में आई और शहर के कोरमंगला इलाके से एक व्यक्ति को अरेस्ट कर लिया। कुछ घंटों बाद, पुलिस टीम को हाईवे से कुछ मीटर की दूरी पर जिलेटिन का डिब्बा मिला। इसी रास्ते से मोदी की कार गुजरने वाली थी।

# ईरान के खिलाफ हर हाल में जंग जीतेंगे: ट्रंप

## कहा-वे समझौता करेंगे या तबाह हो जाएंगे; अमेरिका ने युद्ध में 29 अरब डॉलर किए खर्च

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी जंग अमेरिका हर हाल में जीतेगा। चीन रवाना होने से पहले उन्होंने कहा, 'ईरान या तो समझौता करेगा या फिर तबाह हो जाएगा।' ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के पास हालात संभालने के लिए हर विकल्प मौजूद है। उन्होंने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बातचीत में ईरान युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट संकट पर भी चर्चा होगी। हालांकि, व्यापार बैठक का मुख्य मुद्दा रहेगा।

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 74 दिनों की जंग में अब तक कम से कम 29 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह रकम सिर्फ हथियारों और सैन्य उपकरणों पर खर्च हुई है। इसमें सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का खर्च शामिल नहीं है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कांग्रेस से अतिरिक्त रक्षा बजट की मांग की। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति बने रहने के लिए अमेरिका को 1.5 लाख करोड़ डॉलर की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

### फ्रांस बोला-फिलहाल नए ऑयल रिजर्व जारी करने की नहीं है कोई भी योजना

**फ्रांस** ने कहा है कि फिलहाल नए ऑयल रिजर्व जारी करने की कोई योजना नहीं है। फ्रांस के वित्त मंत्री रोलां लेस्क्यूर ने बताया कि आने वाले हफ्तों में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है, लेकिन अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने चेतावनी दी है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध की वजह से इस साल दुनिया में तेल की सप्लाई मांग को पूरा नहीं कर पाएगी। आईईए के मुताबिक, कई देश तेजी से अपने तेल भंडार और इमरजेंसी रिजर्व का इस्तेमाल कर रहे हैं। एजेंसी ने कहा कि यह अभूतपूर्व सप्लाई संकट है और अगर हालात ऐसे ही रहे तो आगे चलकर तेल की कीमतों में बड़ा उछाल आ सकता है। मार्च में आईईए ने घोषणा की थी कि सदस्य देशों के इमरजेंसी स्टॉक से 40 करोड़ बैरल तेल बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा। अब तक करीब 16.4 करोड़ बैरल तेल जारी किया जा चुका है।

### दुनिया की तेल सप्लाई में हर दिन आ सकती है 39 लाख बैरल की कमी

**इंटरनेशनल** एनर्जी एजेंसी (आईईए) ने बताया कि मिडिल ईस्ट संघर्ष और होर्मुज स्ट्रेट में जारी बाधाओं की वजह से 2026 में दुनिया की तेल सप्लाई में हर दिन 39 लाख बैरल की कमी आ सकती है। आईईए के मुताबिक, इस साल वैश्विक तेल मांग में करीब 4.2 लाख बैरल प्रतिदिन की गिरावट आने का अनुमान है, लेकिन सप्लाई में होने वाली कमी इसके मुकाबले कहीं ज्यादा बड़ी है। एजेंसी ने चेतावनी दी कि अगर हालात ऐसे ही बने रहे, तो तेल का बैकअप तेजी से घटेगा और आगे चलकर कीमतों में बड़ा उछाल आ सकता है।

# चांदी की चप्पल पहनती थी तांत्रिक महिला, पुलिस जांच में खुले राज

**एजेंसी, भोपाल**

मध्य प्रदेश के अशोकनगर में युवती को प्रेम जाल में फंसाकर 1 करोड़ 30 लाख रुपए की ठगी करने वाले गैंग के खिलाफ पुलिस की जांच में चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। आरोपितों ने ठगी की रकम से आलीशान जिंदगी खड़ी कर ली थी। इतना ही नहीं, गैंग से जुड़ी तांत्रिक महिला ने चांदी की चप्पल तक बनवा ली थी। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान करीब 70 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति, महंगे आभूषण और लग्जरी सामान जब्त किए हैं।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना कोतवाली टीआई आरपीएस चौहान की टीम ने मामले में बड़ी कार्रवाई की। पीड़िता ने शिकायत में बताया था कि आरोपी आदित्य सिंह तोमर, आयुषी चौहान, आर्यन सोनी, आकाश चौहान और एक अन्य व्यक्ति ने खुद को 'क्राइम ब्रांच' का अधिकारी बताकर उसे धमकाया। आरोपितों ने अश्लील फोटो और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर युवती से करीब 1.30 करोड़ रुपए वसूल लिए। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। (अनंत ज्ञान)

◆ **लड़की का अश्लील वीडियो बनाकर वसूले 1.30 करोड़**

◆ **पाप न लगे इसलिए विदेशी मंदिरों में कराते थे भंडारे**

# पत्रकार मनविंदर टिवाना की गैर कानूनी गिरफ्तारी का कड़ा विरोध



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** पंजाबी लोक चैनल के पत्रकार मनविंदर सिंह टिवाना और उनके बेटे सुखवीर सिंह के साथ पटियाला में कथित मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले को लेकर बुधवार को गुरुद्वारा अंब साहिब में पत्रकार समुदाय की अहम बैठक हुई।

बैठक में टिवाना ने आरोप लगाया कि वह मुख्यमंत्री भगवंत मान की 'शुक्राना यात्रा' के दौरान किसानों के विरोध प्रदर्शन की कवरेज कर रहे थे। इसी दौरान पंजाब पुलिस के एक अधिकारी ने कवरेज रोकने का दबाव बनाया, कैमरा छीन लिया और उनके बेटे के साथ मारपीट की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाद में उन्हें जुल्का पुलिस स्टेशन में घंटों तक गैर-कानूनी तरीके से बैठाए रखा गया और धमकी दी गई। बैठक में पत्रकार संगठनों ने मामले की शिकायत पंजाब मानवाधिकार आयोग में करने का निर्णय लिया। साथ ही संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई गई।

टिवाना को इंसाफ दिलाने के लिए एक ज्वॉइंट एक्शन कमेटी का गठन भी किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि 15 मई तक संबंधित अधिकारियों को निलंबित नहीं किया गया तो 20 मई को पटियाला में एसएसपी कार्यालय के बाहर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

# जनता ने विकास, सुशासन व मोदी नेतृत्व पर लगाई मुहर: अनिल विज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने प्रदेश के नगर निकाय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के मेयर तथा पार्षद प्रत्याशियों की शानदार जीत पर सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल भाजपा प्रत्याशियों की नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास की जीत है।

विज ने अंबाला सिटी से भाजपा की विजयी मेयर प्रत्याशी अक्षिता सैनी, सोनीपत से राजीव जैन तथा पंचकूला से श्यामलाल बंसल को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि जनता ने विकास और पारदर्शी प्रशासन के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र पर कार्य किया है और इसी कारण जनता लगातार भाजपा को अपना आशीर्वाद दे रही है। विज ने कहा कि नगर निकायों में भाजपा की जीत यह दर्शाती है कि प्रदेश की जनता विकास कार्यों, मजबूत बुनियादी ढांचे, बेहतर नागरिक सुविधाओं और जनहित की योजनाओं से संतुष्ट है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नव निर्वाचित मेयर तथा पार्षद अपने-अपने शहरों के समग्र विकास, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को और मजबूत करने का कार्य करेंगे।

# सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली के फैशन डिजाइन विभाग और नोवस इंडिया के बीच हुआ एमओयू



अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, मोहाली।** सीजीसी यूनिवर्सिटी के फैशन डिजाइन विभाग ने छात्रों के औद्योगिक अनुभव और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 'नोवस इंडिया' के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह साझेदारी शैक्षणिक शिक्षा और फैशन उद्योग की जरूरतों के बीच की दूरी को कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

इस समझौते का उद्देश्य छात्रों को इंटर्नशिप, इंडस्ट्रियल विजिट, विशेषज्ञ सत्र, लाइव प्रोजेक्ट और वर्कशॉप के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इसके साथ ही नोवस इंडिया छात्रों के कौशल विकास और प्लेसमेंट में भी सहयोग करेगा।

कार्यक्रम के दौरान फैशन और डिजाइन क्षेत्र में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे समझौते छात्रों को वैश्विक स्तर का अनुभव देने और उनके करियर को मजबूत बनाने में सहायक होंगे। नोवस इंडिया के प्रतिनिधियों ने सीजीसी यूनिवर्सिटी के साथ जुड़ने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि वे छात्रों को आधुनिक फैशन इंडस्ट्री की चुनौतियों के लिए तैयार करने में सहयोग करेंगे। अंत में दस्तावेजों का औपचारिक आदान-प्रदान किया गया।

# श्री भैरों जती मंदिर सिसवां का वार्षिक मेला 17 मई को

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** मोहाली जिले में शिवालिक की पहाड़ियों की गोद में स्थित श्री भैरों जती मंदिर का वार्षिक मेला इस बार 17 मई, रविवार को आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए मंदिर के मुख्य पुजारी श्री दिलबाग गिरी और कुलबीर गिरी ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी इलाके की संगत के सहयोग से यह मेला आने वाले रविवार (17 मई) को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दराज और विदेशों से भी श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचते हैं। मंदिर प्रबंधकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार के पकवानों का लंगर लगाया जाएगा। समाजसेवी संस्थाओं और श्रद्धालुओं द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए ठंडे-मीठे पानी की छबील और कोल्ड ड्रिंक्स के स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले में पंजाब की विरासत के रंग भी देखने को मिलेंगे, जिसमें बीन बाजा और नचारों का ग्रुप लोगों के मनोरंजन के लिए हर साल पहुंचता है। ट्रैफिक कंट्रोल और सुरक्षा के लिए डीएसपी हरकीरत सिंह के निर्देशों पर एसएचओ अमनदीप तरिका की निगरानी में मुल्लांपुर गरीबदास थाने की पुलिस तैनात रहेगी। यह मंदिर बद्दी-कुराली रोड पर 'मांजरा टी-प्वॉइंट' से लगभग 3 किलोमीटर दूर सिसवां डैम के पास स्थित है। मान्यता है कि यह मंदिर 500 साल से भी अधिक प्राचीन है और यहां शिव स्वरूप लाल भैरों जी बाल रूप में विराजमान हैं।



# दिलजीत के मैनेजर पर हमले की 'आप' ने की निंदा

**अनंत ज्ञान, मोहली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मशहूर पंजाबी कलाकार दिलजीत दोसांझ के मैनेजर पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। पार्टी ने इसे केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पंजाब के सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया है।

कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि कुछ दिन पहले भाजपा ने दिलजीत दोसांझ को पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। उनके अनुसार, इसके कुछ दिनों बाद मैनेजर के घर पर हमला होना और गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई द्वारा जिम्मेदारी लेना महज संयोग नहीं है।

चीमा ने आरोप लगाया कि गैंगस्टरों का इस्तेमाल कर लोगों को डराने की कोशिश की जा रही है और सवाल उठाया कि हाई-सिक्योरिटी जेल में बंद गैंगस्टर कैसे ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी ले रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार और संबंधित प्रशासन से इस मामले की जांच की मांग की। वहीं, मंत्री डॉ. बलबीर, बलजीत कौर सहित कई मंत्रियों ने भी सोशल मीडिया पर इस हमले की निंदा करते हुए इसे चिंताजनक बताया और पंजाब में शांति बनाए रखने की अपील की।

# ज्ञान ज्योति संस्थान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया

अनंत ज्ञान



**गुरनाम सागर, मोहाली।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के शुभ अवसर पर, ज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी , फेज 2 द्वारा भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के सहयोग से 'भारत में डिजिटल परिवर्तन' विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारत की तकनीकी प्रगति और 'विकसित भारत' के संकल्प से जोड़ना था।

समारोह को रोचक बनाने के लिए शैक्षणिक चर्चा के साथ-साथ कई अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गईं। सत्र के दौरान भारत की परमाणु शक्ति और वैज्ञानिक सफलताओं पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई, जिसने छात्रों में देशभक्ति का संचार किया। इसके साथ ही, छात्रों ने डिजिटल इंडिया और नवीनतम तकनीक पर आधारित मॉडल और पोस्टर प्रस्तुत किए। भारत की डिजिटल उपलब्धियों, जैसे यूपीआई , 5जी और एआई पर एक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए ज्ञान ज्योति संस्थान की निदेशक, डॉ. अनीत बेदी ने कहा कि ऐसे सत्र छात्रों को किताबी ज्ञान से बाहर निकलकर देश की वास्तविक तकनीकी प्रगति को समझने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य ऐसे युवाओं को तैयार करना है जो भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार हों और 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें।' कार्यक्रम के अंत में विशेषज्ञों ने छात्रों के सवालों के जवाब दिए और उन्हें नई तकनीकें सीखने के लिए प्रेरित किया।

# एचडीएफसी बैंक ने व्हाट्सऐप बैंकिंग में एक करोड़ का आंकड़ा किया पार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एचडीएफसी बैंक की व्हाट्सऐप चैट बैंकिंग सेवा ने उपयोग के मामले में कई अहम उपलब्धियां हासिल की हैं। 31 मार्च 2026 तक इस प्लेटफॉर्म पर 1 करोड़ से अधिक 30-दिन के एक्टिव यूजर्स और 2 करोड़ से ज्यादा 90-दिन के एक्टिव यूजर्स दर्ज किए गए।

बैंक के अनुसार, यह प्लेटफॉर्म अब 4 करोड़ से अधिक पंजीकृत ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है, जो बैंक के कुल ग्राहक आधार का करीब 40 प्रतिशत है। इसके साथ ही लेन-देन में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जो ग्राहकों की बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है।

एचडीएफसी बैंक के पेमेंट्स और डिजिटल बैंकिंग चैनल्स के प्रमुख रजनीश परमानंद प्रभु ने कहा कि एक करोड़ मासिक एक्टिव यूजर्स का आंकड़ा पार करना बैंक की डिजिटल यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि व्हाट्सऐप बैंकिंग अब साधारण सेवा मंच से आगे बढ़कर पूर्ण कन्वर्सेशनल बैंकिंग इकोसिस्टम बन चुका है, जहां ग्राहक रोजमर्रा की बैंकिंग सेवाओं और बड़े लेन-देन दोनों के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं।

# पंचकूला नगर निगम चुनाव में वार्ड-3 से सुरेश कुमार वर्मा 1087 वोटों से विजयी



अनंत ज्ञान

**पंचकूला।** नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर-3 से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुरेश कुमार वर्मा ने 1087 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। जीत के बाद क्षेत्र में समर्थकों ने जश्न मनाया और माहौल उत्साहपूर्ण रहा।

सुरेश कुमार वर्मा ने वार्डवासियों का आभार जताते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा की विकास नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि वे वार्ड में साफ-सफाई, सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

भाजपा नेताओं ने भी सुरेश कुमार वर्मा को बधाई दी और कहा कि जनता ने विकास और सुशासन पर मुहर लगाई है। वहीं वर्मा ने महापौर पद पर भाजपा प्रत्याशी श्याम लाल बंसल की जीत पर भी शुभकामनाएं दीं।

# ईडी गिरफ्तारी पर संजीव अरोड़ा की हाईकोर्ट में चुनौती

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री संजीव अरोड़ा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई अपनी गिरफ्तारी को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी है। उन्होंने इसे राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया है और हिरासत से रिहा करने की मांग की है। यह मामला चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई के लिए आया। अरोड़ा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पुनीत बाली ने दलील दी कि ईडी की कार्रवाई राजनीतिक साजिश का हिस्सा है और समानता के आधार पर उन्हें भी सुरक्षा दी जाए। वकील ने आरोप लगाया कि अरोड़ा को चुनिंदा तरीके से निशाना बनाया गया है और पूरी कार्रवाई राजनीतिक उत्पीड़न का उदाहरण है। ईडी ने संजीव अरोड़ा को 9 मई को 'हैंपटन स्काई रियल्टी लिमिटेड' से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। एजेंसी का आरोप है कि कंपनी में फेमा (स्नश्वरू) नियमों का उल्लंघन हुआ और बिना वास्तविक माल की आवाजाही के निर्यात दिखाया गया। वहीं बचाव पक्ष ने दलील दी कि सभी लेनदेन बैंकिंग चैनलों और चेक के माध्यम से हुए थे और निर्यात कस्टम क्लीयरेंस के साथ किया गया था। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई को तय की है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### गुहान सेंथिलकुमार और संदेश राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में जीते

**एजेंसी, चेन्नई।** गुहान सेंथिलकुमार और संदेश पीआर की तमिलनाडु की जोड़ी ने बुधवार को यहां तीसरी एचसीएल राष्ट्रीय युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार और संदेश की जोड़ी ने पहले दौर में नमन सुराना और प्रणव अग्रवाल को 11-1 11-2 से हराया। पुरुष युगल में वेलावन सेंथिकुमार ने अभय सिंह जबकि मिश्रित युगल में अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ जोड़ी बनाई है। ये जोड़ियां वीरवार को चुनौती पेश करेंगी। (अनंत ज्ञान)

### धीमी ओवर गति के कारण पैट कमिंस पर लगा 12 लाख जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के कप्तान पैट कमिंस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच के बाद की गई। आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति से जुड़े नियमों के उल्लंघन पर यह दंड लगाया गया। मौजूदा सत्र में एसआरएच का यह पहला ओवर-रेट अपराध था, इसलिए कप्तान कमिंस पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। (अनंत ज्ञान)

### पीतांबरा धाम पहुंचे गौतम गंभीर ने मां बगलामुखी के किए दर्शन

**एजेंसी, दतिया।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर मंगलवार देर रात मध्य प्रदेश के दतिया स्थित विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ पीतांबरा धाम पहुंचे। यहां उन्होंने मां बगलामुखी के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की और देश व भारतीय क्रिकेट टीम की सफलता के लिए प्रार्थना की। गंभीर ने मंदिर परिसर में धूमावती माई की आरती में भी हिस्सा लिया। पीतांबरा पीठ में उनकी गहरी आस्था रही है और वह इससे पहले भी कई बार यहां दर्शन करने आ चुके हैं। टी-20 विश्व कप के दौरान भी उन्होंने मां पीतांबरा देवी के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद लिया था। (अनंत ज्ञान)

### मोहन बागान के पूर्व अध्यक्ष स्वपन साधन बोस का निधन

**एजेंसी, कोलकाता।** मोहन बागान के पूर्व अध्यक्ष स्वपन साधन बोस, जिन्हें कोलकाता के फुटबॉल हलकों में प्यार से 'टूटू बाबू' कहा जाता था, का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। भारतीय फुटबॉल प्रशासन के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक बोस का कई स्वास्थ्य समस्याओं के कारण यहां के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मंगलवार रात करीब 11.45 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। बोस के पोते अरिनजॉय बोस ने फेसबुक पर पोस्ट किया, ''हम अत्यंत दुख के साथ टूटू बोस के निधन की घोषणा करते हैं। वह एक आदर्श पिता और दादा थे। वह एक उत्कृष्ट प्रशासक थे और अपने आसपास के सभी लोगों के लिए बहुत बड़ा सहारा थे।'' बोस ने मोहन बागान को देश का सर्वश्रेष्ठ क्लब बनाने में अहम भूमिका निभाई। वह लगभग तीन दशक तक इस फुटबॉल क्लब से जुड़े रहे और इस बीच उन्होंने सचिव और अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर काम किया। (अनंत ज्ञान)

### अप्सरा से कम नहीं है सफा बेग

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान की पत्नी सफा बेग मूल रूप से गुजरात के बड़ौदा की रहने वाली है। वह अकसर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चाओं में रहती हैं।



## मुंबई के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा पंजाब

# पंजाब के लिए करो या मरो की जंग आज

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसकी टीम को अगर शीर्ष चार में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने शेष बचे मैचों में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे।

पंजाब कुछ समय पहले तक टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी, लेकिन इस प्रारूप और आईपीएल की प्रकृति ही ऐसी है कि भाग्य बहुत जल्दी किसी भी तरफ पलट सकता है। जैसा कि कप्तान श्रेयस अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद कहा, पंजाब किंग्स की इस मुश्किल स्थिति के लिए वे खुद ही जिम्मेदार हैं। टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां सामने नहीं आई लेकिन अब उसके लिए यह चिंता का विषय बन गया है। दिल्ली के खिलाफ मैच में अय्यर और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई थी, लेकिन आखिरी पांच ओवरों में तेज गेंदबाजों ने अपनी लेंथ सही नहीं रखी।

अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट 10 टीमों में सबसे खराब है। आईपीएल के पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया, लेकिन लॉकी फर्ग्यूसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है। पंजाब ने पिछले मैच में बाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों को मैदान पर उतारा, जिनमें बेन ड्वार्शियस भी शामिल थे, जो काफी महंगे साबित हुए। अर्शदीप ने जिन 11 मैचों में हिस्सा लिया है, उनमें से अधिकांश में उन्होंने प्रति ओवर 10 से अधिक रन दिए हैं। अगर पंजाब की बल्लेबाजी की बात करें तो प्रभसिमरन सिंह को रन बनाने होंगे ताकि वह शीर्ष क्रम में प्रियांश आर्य का साथ दे सकें। पंजाब की फील्डिंग भी पिछले कुछ मैच में अच्छी नहीं रही और उन्होंने कई कैच छोड़े जिससे टीम को नुकसान हुआ।

पंजाब का सामना अब मुंबई इंडियंस से है जिसने अभी तक निराशाजनक प्रदर्शन किया है, लेकिन पंजाब को उसे किसी भी तरह से हल्के से लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, क्योंकि वह उसके समीकरण बिगाड़ने में सक्षम है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे और यह देखना बाकी है कि वह पूरी तरह से फिट हो गए हैं या नहीं। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार यादव बाकी बचे तीन मैचों का भरपूर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। रयान रिकेल्टन और रोहित शर्मा से भी पावरप्ले में तूफानी शुरुआत की उम्मीद की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शियस, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद।

**मुंबई इंडियंस:** नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, रयान रिकेल्टन, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या (कप्तान), राज बावा, विल जैक, कॉर्बिन बॉश, तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, मयंक मारकंडे, शार्दुल ठाकुर, क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, अथर्व अंकोलेकर, एएम गजनफर, मयंक रावत, रघु शर्मा, मोहम्मद सलाउद्दीन इजहार, रॉबिन मिंज।

## गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों ने हमें चारों खाने किया चित : विटोरी

**एजेंसी, अहमदाबाद**



सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में गुजरात टाइटंस की मजबूत टीम ने अपने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से उनकी टीम को चारों खाने चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

साई सुदर्शन (61) और वाशिंगटन सुंदर (50) के अर्द्धशतकों की बदौलत गुजरात ने पांच विकेट पर 168 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स की टीम 86 रन पर आउट हो गई। गुजरात की तरफ से कैगिसो रबाडा और जेसन होल्डर ने तीन-तीन जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने दो और मोहम्मद सिराज ने एक विकेट लिया।

विटोरी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन वास्तव में शानदार रहा। उन्होंने गेंदबाजी में हम पर दबाव बनाया। उनके बल्लेबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। हम जानते थे कि हमें उनकी मजबूत गेंदबाजी का सामना करना है। पांच तेज गेंदबाजों के साथ राशिद (खान) का सामना करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है।''

उन्होंने कहा, ''हमें वैसी शुरुआत नहीं मिली जैसी हम चाहते थे और उन्होंने इसका फायदा उठाया। उनकी गेंदबाजी शानदार थी।'' विटोरी ने कहा, ''गुजरात की टीम मजबूत है और उनके खेलने की एक अलग शैली है जिसे वे जरूरत पड़ने पर अपना सकते हैं। हमारे लिए मुख्य चुनौती उनके गेंदबाजों का सामना करना था और उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।'' गुजरात के बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर ने पावरप्ले में रबाडा और सिराज के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की। किशोर ने कहा, ''सिराज और रबाडा अपनी लेंथ पर शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं और टेस्ट मैच के काबिल गेंदबाजों का टीम में होने से यही फायदा मिलता है।'' (अनंत ज्ञान)

## नेशंस कप से पहले ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय महिला हॉकी टीम अगले महीने न्यूजीलैंड में होने वाले नेशंस कप की तैयारियों के सिलसिले में 21 मई से तीन जून तक ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी और इस दौरान चार मैचों की सीरीज खेलेगी। नेशंस कप की विजेता टीम को प्रतिष्ठित एफआईएच प्रो-लीग में जगह मिलती है। पिछले साल प्रो-लीग से बाहर होने के बाद भारत को दोबारा इसमें प्रवेश पाने के लिए यह टूर्नामेंट जीतना जरूरी है।

एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में खेला जाएगा। भारत इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने सभी चार मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच 26, 27, 29 और 30 मई को खेले जाएंगे। इसके बाद टीम न्यूजीलैंड के लिए रवाना हो जाएगी।

भारतीय महिला टीम ने इस साल की शुरुआत में अर्जेंटीना में शानदार प्रदर्शन किया था जिसमें वह चार में से दो मैच जीतने में सफल रही थी। इसके बाद से टीम बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में तैयारी कर रही है। भारतीय टीम के ड्रैग-फ्लिकर आनंदना और कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से 26 मई से 21 जून तक पर्थ और ऑकलैंड में नीदरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी ताएके ताएकेमा की देखरेख में एक विशेष ड्रैग-फ्लिक प्रशिक्षण क्लिनिक में भी भाग लेंगे।

भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, ''मुझे बहुत खुशी है कि हॉकी इंडिया ने इस दौरे का कार्यक्रम बनाया, क्योंकि इससे हमें अपनी कमजोरियों का पता लगाने और उनमें सुधार करने में मदद मिलेगी। इससे हमारे खिलाड़ियों को परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में भी मदद मिलेगी।'' (अनंत ज्ञान)

## महिला टी20 वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 वर्ल्ड कप-2026 के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान सोफी मालिनक्स फिट होकर टीम में लौटी हैं, जबकि तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को बाहर कर बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को मौका दिया गया है। ग्रेस हैरिस की भी टीम में वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने टीम में अलाना किंग और जॉर्जिया वेयरहैम के रूप में दो लेग स्पिनरों को शामिल किया है। इनके अलावा सोफी और एश्ले गार्डनर भी स्पिन विभाग संभालेंगी। राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेग्लर ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार चारों स्पिनर एक साथ भी खेल सकती हैं। डार्सी ब्राउन का बाहर होना चौंकाने वाला माना जा रहा है। मुख्य कोच शेली निट्शके ने कहा कि लूसी की गेंदबाजी में अलग तरह की धार और बाउंस है, जो टीम के लिए फायदेमंद साबित होगी। वहीं ग्रेस हैरिस की वापसी निचले क्रम की बल्लेबाजी को मजबूती देने के लिए की गई है। (अनंत ज्ञान)

## श्रीकांत-सिंधू थाईलैंड ओपन में जीते

**एजेंसी, बैंकॉक**



स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत और पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में बुधवार को सीधे गेम में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में पहुंच गए। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लो कीन यू को 21-14, 21-15 से हराया। वहीं, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने चीनी ताइपै की तुंग सियू तोंग को मात दी।

श्रीकांत का सामना चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा, जबकि सिंधू डेनमार्क की अमेली शूल्ज से खेलेंगी। एशिया चैंपियनशिप के फाइनल तक पहुंचे आयुष शेट्टी को जापान के छठी वरीयता प्राप्त कोडाइ नराओका के खिलाफ 13-21, 21-17, 4-21 से पराजय झेलनी पड़ी, जबकि तरुण मन्नेपल्ली जापान के ही कोकी वातानाबे से 12-21, 16-21 से हार गए। उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब को क्रमशः थाईलैंड की चौथी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग और चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त चेन यू फेइ ने हराया। हुड्डा को 21-11 17-21 16-21 से पराजय मिली, जबकि खरब को टोक्यो ओलंपिक चैंपियन ने 21-19 13-21 18-21 से हराया। (अनंत ज्ञान)

## ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



एशिया में नंबर एक और विश्व रैंकिंग में छठे नंबर के ट्रैप निशानेबाज जोरावर सिंह संधू को इस वर्ष के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारत की संभावित शॉटगन टीम में शामिल नहीं किया गया है, जबकि वह देश के शीर्ष ट्रैप निशानेबाजों में से एक हैं और उन्होंने पिछले वर्ष विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप और घरेलू चयन ट्रायल के दौरान जोरावर का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप फाइनल्स की तैयारी में व्यस्त होने के बावजूद उनके लिए इन प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य था। राष्ट्रीय ट्रायल्स में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें एशियाई खेलों के लिए संभावित टीम में जगह नहीं मिली है। वह एक महीने पहले तक विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर थे। जोरावर ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) से अपने फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने तर्क दिया है कि पिछले छह महीनों में भारतीय ट्रैप निशानेबाजों में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया है। एनआरएआई ने हालांकि स्पष्ट किया है कि वह ''डेढ़ साल पहले लागू की गई चयन नीति का सख्ती से पालन करेगा।''

एनआरएआई के महासचिव पवन कुमार सिंह ने कहा कि पुरुषों की संभावित ट्रैप टीम में बदलाव होने की किसी भी तरह की संभावना नहीं है। इस टीम में काइनन चेनाई, अहवर रिजवी और शपथ भारद्वाज शामिल हैं, जो 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में भाग लेंगे। जोरावर ने पीटीआई से कहा, ''एनआरएआई को टीम के चयन पर फिर से विचार करना चाहिए, लेकिन उनका फैसला जो भी होगा उसे मुझे स्वीकार करना होगा। मैं अभी एशिया का नंबर एक और विश्व में छठे नंबर का निशानेबाज हूं और इसे ध्यान में रखते हुए महासंघ को अपने फैसले पर फिर से विचार करना चाहिए। मैंने इस महीने कजाकिस्तान में हुए विश्व कप में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया था।'' एनआरएआई के महासचिव पवन कुमार सिंह ने हालांकि, ऐसी किसी संभावना से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, ''यह लगभग 99 प्रतिशत तय है कि यही टीम एशियाई खेलों में भाग लेगी।'' (अनंत ज्ञान)

## रोनाल्डो के पास विश्व कप विजेता बनने का आखिरी मौका

**एजेंसी, लिस्बन**



पिछले दो दशक से भी अधिक समय से फुटबॉल जगत में अपने पांवों का जादू बिखरने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो अभी तक विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा नहीं बन पाए हैं और 41 साल की उम्र में अब उनके पास इस खेल की सबसे बड़ी ट्रॉफी जीतने का आखिरी मौका होगा।

पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी ने लगभग हर ट्रॉफी अपने नाम की है, लेकिन वह कभी विश्व कप नहीं जीत पाए। पांच बार बैलोन डीओर विजेता रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए 226 मैच में 143 गोल किए हैं जो विश्व रिकॉर्ड है। इस साल की शुरुआत में सऊदी प्रो-लीग में अपनी क्लब टीम अल नासर की तरफ से खेलते समय उनकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था जिसके कारण वह एक अप्रैल को अटलांटा में पुर्तगाल और अमेरिका के बीच मैत्री मैच में नहीं खेल पाए थे। रोनाल्डो अगर चोटिल नहीं होते हैं तो उनका विश्व कप की टीम में शामिल होना निश्चित है।

रोनाल्डो ने नवंबर में सीएनएन को बताया था कि यह विश्व कप 'निश्चित रूप' से उनका आखिरी विश्व कप होगा। पुर्तगाल को विश्व कप में ग्रुप के में रखा गया है जहां उसका सामना कोलंबिया, उज्बेकिस्तान और कांगो से होगा। इसे देखते हुए पुर्तगाल का अगले दौर में पहुंचना लगभग निश्चित लग रहा है। पुर्तगाल विश्व रैंकिंग में भले ही पांचवें स्थान पर काबिज हो, लेकिन पिछले साल नवंबर में क्वालीफाइंग में आयरलैंड के हाथों 2-0 की हार ने टीम को करारा झटका दिया था। यह हार इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि रोनाल्डो को एक डिफेंडर को कोहनी मारने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया था। रोनाल्डो को दो मैच का प्रतिबंध झेलना पड़ा। पुर्तगाल ने वापसी करते हुए आर्मेनिया को 9-1 से हराकर विश्व कप में अपनी जगह पक्की की। यह पुर्तगाल का नौवां विश्व कप होगा।

पुर्तगाल का पहला मैच 17 जून को ह्यूस्टन में कांगो से होगा। कांगो ने विश्व कप में केवल एक बार 1974 में भाग लिया था। तब इस देश को जायरे के नाम से जाना जाता था। कोलंबिया 17 जून को मैक्सिको सिटी में उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। उज्बेकिस्तान पहली बार विश्व कप में हिस्सा लेगा। (अनंत ज्ञान)

## पाक की शर्मनाक हार से बांग्लादेश को टेस्ट रैंकिंग में हुआ बड़ा फायदा

**एजेंसी, दुबई**

बांग्लादेश ने ढाका में खेले गए पहले टेस्ट में पाकिस्तान को 104 रन से हराया था। अपने घर में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में बांग्लादेश की यह पहली जीत थी। बांग्लादेश के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया और इसका फायदा उन्हें बुधवार को जारी आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में हुआ है।

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने पहली पारी में शतक लगाया था, जबकि दूसरी पारी में 87 रन की पारी खेली थी। दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले शांतो मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे थे। शांतो को उनकी शानदार बल्लेबाजी का परिणाम जीत के साथ ही आईसीसी रैंकिंग में भी मिला। वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास भी 7 और 21 रन की पारियां खेल 22 स्थान ऊपर चढ़े हैं। वह 26वें स्थान पर आ गए हैं। मोमिनुल हक, जिन्होंने 91 और 56 रन की पारी खेली थी, 12 पायदान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**जानें कौन है टॉप-10 में**

**टेस्ट** के शीर्ष 10 बल्लेबाजों में इंग्लैंड के जो रूट पहले, इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ चौथे, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन पांचवें, श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस छठे, दक्षिण अफ्रीका के टेंबा बावुमा सातवें, भारत के यशस्वी जायसवाल आठवें, भारत के शुभमन गिल नौवें और श्रीलंका के दिनेश चांदीमल दसवें स्थान पर हैं।

## आईपीएल प्लेआफ | गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शीर्ष दो की दौड़ में, चेन्नई के पास भी मौका

# आईपीएल प्लेऑफ की रेस रोमांचक, 8 टीमें मैदान में

**एजेंसी, नई दिल्ली**




चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के सही समय पर फॉर्म में लौटने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ के चार स्थानों के लिए अब आठ टीमें दौड़ में हैं, जबकि लीग चरण के दस दिन बाकी हैं। गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस का प्लेआफ में पहुंचना तय लग रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद ने भी धीमी शुरूआत के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन सबसे हैरानी की बात पंजाब किंग्स का अचानक खराब प्रदर्शन है। अच्छी शुरुआत के बाद टीम लगातार चार मैच हार चुकी है। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाइंट्स बाहर हो चुके हैं । पीटीआई ने क्वालीफाइंग दौड़ में शामिल आठ टीमों के समीकरणों का जायजा लिया। (अनंत ज्ञान)

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**रजत** पाटीदार की कप्तानी वाली टीम ने उस निरंतरता को बरकरार रखा है जिसके दम पर उसने पिछले साल पहली बार आईपीएल खिताब जीता था। अब बुधवार को उसका सामना केकेआर से है जिसे जीतने पर उसकी प्लेआफ में जगह लगभग पक्की हो जाएगी। अब तक 11 मैचों में 14 अंक ले चुकी आरसीबी का नेट रनरेट सबसे बेहतर है। केकेआर के बाद उसे पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है।

### पंजाब किंग्स

**खराब** गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण से पंजाब को लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है, लेकिन आईपीएल के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन के कारण टीम अभी भी अंतिम चार में है। उसका नेट रनरेट भी ठीक है। अब उसे मुंबई इंडियंस, आरसीबी और सनराइजर्स के खिलाफ बाकी तीन में से दो मैच जीतने होंगे। उसके 11 मैचों में 13 अंक है और धर्मशाला में मुंबई के खिलाफ मैच हर हालत में जीतना होगा।

### गुजरात टाइटंस

**चार** साल पहले पदार्पण के बाद से गुजरात सिर्फ एक बार प्लेआफ में नहीं पहुंची है। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन और शीर्ष तीन बल्लेबाजों के फॉर्म के दम पर शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम शीर्ष दो में जगह बनाने की दावेदार है। गुजरात के 12 मैचों में 16 अंक है और आखिरी दो मैच केकेआर तथा चेन्नई सुपर किंग्स से खेलने हैं ।

### सनराइजर्स हैदराबाद

**पिछले** आठ मैचों में छह जीत के बाद सनराइजर्स सही समय पर फॉर्म में लौटी है। बल्लेबाजों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया है और गेंदबाज भी पीछे नहीं रहे हैं। सनराइजर्स के 14 अंक है और अगले दो मैचों में उसे चेन्नई और आरसीबी से खेलना है। उसे प्लेआफ में पहुंचने के लिए कम से कम दो अंक और बनाने होंगे।

### चेन्नई सुपर किंग्स

**पहले** तीन मैच हारने के बाद चेन्नई ने पिछले आठ में से छह मैच जीते हैं। उसे 15 मई को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ दो अंक लेने होंगे जिसके बाद सनराइजर्स और गुजरात से आखिरी दो मैच खेलने हैं। अगले दस दिन में चेन्नई को तीनों मैच जीतने होंगे, क्योंकि इस बार 18 अंक प्लेआफ क्वालीफिकेशन की गारंटी लग रहे हैं।

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**अजिंक्य** रहाणे की कप्तानी वाली टीम पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी, लेकिन लगातार छह हार के बाद पिछले चार मैच जीतकर ढर्रे पर लौटी। उसके पास दूसरी टीमों से एक मैच अधिक है और अधिकतम 17 अंक मिल सकते हैं। केकेआर को आखिरी तीनों मैच ईडन गार्डंस पर खेलने हैं।

### राजस्थान रॉयल्स

**वैभव** सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद रॉयल्स प्रदर्शन में निरंतरता नहीं ला सके। चार जीत के साथ शुरूआत करने वाली टीम पिछले सात में से पांच मैच हार गई। गेंदबाजी भी उनका सिरदर्द बनी हुई है। 11 मैचों में 12 अंक लेने वाले रॉयल्स को अगले तीन में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे और बाकी परिणाम भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। उसे बाकी मैचों में दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जाइंट्स और मुंबई से खेलना है।

### दिल्ली कैपिटल्स

**अक्षर** पटेल की कप्तानी में दिल्ली ने अगले सत्र की योजना बनानी शुरू कर दी है। उसके 12 मैचों में 14 ही अंक है और वह प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर ही है।